# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026


विश्वकप जीत के हीरो रहे 'सैमसन'

## केरल सरकार करेगी सम्मानित



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के हीरो बने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को उनके शानदार प्रदर्शन के बाद अपने गृह राज्य केरल में भव्य सम्मान मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली केरल

▸▸ शेष पेज 4 पर





















हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच का बड़ा फैसला : मुकेश की विधायकी खत्म, राम निवास नए विधायक घोषित

# विजयपुर में रामनिवास की 'विजय'



*मुकेश के वकील ने कहा कि जब तक हम अपील करते हैं, इस ऑर्डर पर 15 दिन के लिए रोक लगनी चाहिए। हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं*

**कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा पर नामांकन में आपराधिक जानकारी छिपाने का आरोप**



रामनिवास रावत



मुकेश मल्होत्रा

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने यहां से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित कर दिया है। हाईकोर्ट ने न सिर्फ मल्होत्रा का चुनाव निरस्त किया, बल्कि याचिकाकर्ता और उपचुनाव में दूसरे स्थान पर रहे भाजपा नेता रामनिवास रावत को विजयपुर का नया विधायक घोषित करने का आदेश दिया है। रावत ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि मुकेश मल्होत्रा ने 2024 के विधानसभा उपचुनाव के नामांकन में अपने खिलाफ दर्ज ▸▸ शेष पेज 4 पर

**विजयपुर उप चुनाव में रावत को हराकर जीते थे मल्होत्रा**

**भाजपा प्रत्याशी ने हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका**

### मल्होत्रा के वकील बोले- हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे

मुकेश मल्होत्रा के वकील ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार राम निवास रावत की फाइल की गई पिटीशन में दो मामलों में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया है। एक जिसमें निपटारा हो चुका था। दूसरा जिसमें आरोपों के बारे में जानकारी छिपाने की बात थी। हमने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### गलत जानकारी देने के कारण भ्रमित हुए लोगः रावत

हाईकोर्ट के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में रामनिवास रावत ने कहा कि इलेक्शन रिफॉर्म्स के हिसाब से नामांकन में पूरी जानकारी देना कैंडिडेट की जिम्मेदारी है। उन्होंने अपने एफिडेविट में क्रिमिनल जानकारी छिपाई थी। इसलिए उनके खिलाफ एक याचिका फाइल की गई थी, जिस पर फैसला आया ▸▸ शेष पेज 4 पर

### उपचुनाव में 7364 मतों से जीते थे मुकेश

*विजयपुर विधानसभा सीट से विधायक रामनिवास रावत ने कांग्रेस छोड़ने के बाद विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उपचुनाव में भाजपा ने रावत को प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस ने मुकेश मल्होत्रा पर दांव खेला था। चुनाव में रामनिवास को हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के मुकेश 7364 मतों से चुनाव जीत गए थे। इसके* ▸▸ शेष पेज 4 पर

वर्ल्ड कप की जीत के जश्न के दौरान विवाद

## पटाखे फोड़ रहे लोगों पर एक वर्ग ने किया हमला, 10 घायल



उज्जैन में विवाद का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

भारत के वर्ल्ड कप जीतने के बाद पूरे देश में रविवार रात को जश्न का माहौल था। उज्जैन में भी एक परिवार जीत का जश्न मना रहा था। घर के बाहर भारत की जीत की खुशी में पटाखे फोड़ रहा था। इसी दौरान पास में रह रहे एक वर्ग के लोगों के साथ विवाद हो गया है। विवाद में दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे चले। इस घटना में 10 लोग घायल हुए हैं। वहीं, दोनों पक्षों के लोगों ने एफआईआर दर्ज करवाई है। घटना देर रात राज रॉयल कॉलोनी की है। मामले में थाना चिमनगंज मंडी पुलिस ने हिंदू पक्ष के तीन लोगों के ▸▸ शेष पेज 4 पर

**दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे**

### देवास में बम फेंकने से सीएसपी सहित 3 पुलिसकर्मी घायल

***देवास।*** *इधर, देवास में जश्न के दौरान बवाल और झड़प की घटनाएं सामने आईं। देवास में सयाजी द्वार पर जश्न के दौरान कुछ युवकों द्वारा जलते पटाखे और बम भीड़ तथा पुलिस की ओर फेंकने से अफरा-तफरी मच गई, जिसमें सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित सुरक्षाबल के जवान* ▸▸ शेष पेज 4 पर



देवास में रात को तनाव

इंदौर में पानी के टैंकर से हादसा

## 8 साल के मासूम के सिर पर चढ़ा टैंकर, मौत



फाइल फोटो

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में हुए एक हादसे में 8 साल के बच्चे की जान चली गई। घर के बाहर खड़े बच्चे को एक निजी टैंकर ने कुचल दिया। टैंकर का पहिया बच्चे के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि हादसे के बाद उन्होंने टैंकर को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस भी टैंकर और चालक को पकड़ नहीं पाई है। लसूड़िया पुलिस के ▸▸ शेष पेज 4 पर






### अयोध्या राममंदिर में क्यूआर कोड स्कैन के बाद मिलेगी एंट्री

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में 19 मार्च को होने वाले समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम में आने वाले विशिष्ट अतिथियों को क्यूआर कोड से लैस विशेष आमंत्रण पत्र जारी किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मेहमानों को प्रवेश से पहले क्यूआर कोड स्कैन कराना अनिवार्य होगा।

मंदिर प्रशासन के अनुसार आमंत्रण पत्र पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद ही अतिथियों को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और आमंत्रित अतिथियों की पहचान भी आसानी से हो सकेगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को सुबह 10 बजे तक मंदिर परिसर में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले मेहमानों को सुरक्षा कारणों से प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस विशेष समारोह में देश भर से संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा, पार्किंग, प्रवेश व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत की तैयारियां तेजी से चल रही हैं, ताकि समारोह सुचारु ढंग से संपन्न कराया जा सके।



■ राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि


## हमारे प्रेरणा पुँज



### कैलाशवासी श्रीमंत महाराज माधवराव सिंधिया जी

(10 मार्च 1945 – 30 सितम्बर 2001)

पूज्यनीय महाराज,
आपने धर्म, कर्म, त्याग, स्नेह एवं
सद्व्यवहार के जो संस्कार दिए,
हमारे लिए जीने की शक्ति हैं.

**आज 81वें जन्म दिवस पर**
**शत् शत् नमन्**

सिंधिया स्कूल, द फोर्ट, ग्वालियर (स्थापना-1897)
सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर
ए.एम.आई. शिशु मन्दिर, ग्वालियर
माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (सम विश्वविद्यालय), ग्वालियर

ATUL

# शीतला सप्तमी आजः माता रानी को बासी भोजन का लगेगा भोग पूजन कर महिलाएं बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए करेंगी कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शीतला सप्तमी पर मंगलवार को शीतला माता की पूजा की जाएगी। सुबह से ही शीतलदास की बगिया, टीला जमालपुरा शीतला माता मंदिर सहित अन्य शीतला माता मंदिर महिलाएं पहुंचेंगी। जहां पर विधि-विधान के साथ पूजन कर बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य व परिवार के लिए मंगल कामनाएं करेंगी। सुबह बासी व ठंडे भोजन का भोग ही माताराणी को लगाया जाएगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शीतला सप्तमी का व्रत 10 मार्च को रहेगा।

### कल अष्टमी पर भी होगी पूजा

अष्टमी पर भी माता शीतला का पूजन व बासी भोजन का अर्पण किया जाता है। इसके चलते कुछ महिलाएं बुधवार को भी पूजा करेंगी। इस मौके पर शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा पर शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल के तत्वधान में शीतला माता की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि सप्तमी व अष्टमी पर शाम को 151 दीप प्रज्वलित कर आरती की जाएगी। इसके पश्चात माताओं बहनों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।


पिपलानी स्थित शीतला माता मंदिर।

### यह है मान्यता

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार एक बार किसी गांव में लोग शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे। तब उन्होंने गरिष्ठ भोजन माता को प्रसाद के रूप में चढ़ा दिया। शीतलता का प्रतीक मां शीतला का मुंह इससे जल गया और वे नाराज हो गईं। उन्होंने कोप दृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। केवल एक बुढ़िया का घर सुरक्षित रहा। गांव वालों ने बुढ़िया के पास जाकर इसका कारण पूछा। तो उसने बताया कि वह रात को ही भोजन बनाकर रख ली थी। उसने मां को भोग के रूप में उस ठंडा-बासी भोजन को खिलाया। इससे मां ने प्रसन्न होकर उसके घर को जलने से बचा लिया।

## खबर संक्षेप

### कर्मश्री के हिंदू नववर्ष उत्सव में कुमार विश्वास भी सुनाएंगे कविताएं



**भोपाल।** हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा एवं चैती चांद के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन इस बार अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस वर्ष 18 मार्च को आयोजित होने जा रहा यह भव्य हिंदू नव उत्सव और भी विशेष होगा, क्योंकि इसमें देश के प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास अपनी सशक्त वाणी और काव्यधारा से मंच को आलोकित करेंगे। इसी उपलक्ष्य में आज नोएडा में कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष के रूप में विधायक रामेश्वर शर्मा ने डॉ. कुमार विश्वास को पुष्पगुच्छ भेंट कर इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया।

### निगम अमले ने 57 स्ट्रीट डाग पकड़कर एबीसी सेंटर भेजे

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा स्ट्रीट डॉग को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की मुहिम के तहत सोमवार को डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 57 स्ट्रीट डॉग को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। निगम अमले ने नसबंदी बाद 45 स्ट्रीट डॉग को वापस उसी स्थान पर छोड़ा। 16 स्ट्रीट डॉग को कजलीखेड़ा एबीसी सेंटर, 15 आदमपुर और 26 को अरवलिया एबीसी सेंटर भेजा गया।

### निगम अमले ने 196 पानी के सैंपल लिए, जांच के लिए लैब भेजे

**भोपाल।** नगर निगम के अमले ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 196 पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे। अमले ने 31 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और 7 शिकायतों का निराकरण किया। निगम अमला अब तक 5558 स्थानों सहित शहर में 11572 पानी के सैंपल ले चुका है।

### निगम अमले ने शहर के कई क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने सोमवार को शहर के कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगे टीन के शेड, अवैध रैम्प, अवैध लगा लोहे का गेट, नाश्ते की दुकान, भट्टी, मिक्सर मशीन, घरों के बाहर लगी फर्शियां, लोहे की जाली, भवन निर्माण सामग्री, ठेले, पान पार्लर, लोहे की चैन आदि जब्त करने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर कोलार परफेक्ट प्लाजा, बैरागढ़ चिचली, ललिता नगर, मंदाकिनी, प्रियंका नगर, सूरज नगर, नीलबढ़, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, भारत माता चौराहा, पीएनटी रोड, शाहपुरा शैतान सिंह चौराहा, त्रिलंगा, बोर्ड आफिस, एमपी नगर, अयोध्या बायपास, अभिनव होम्स, प्रभात चौराहा, अशोका गार्डन, मोती मस्जिद, हमीदिया रोड, हमीदिया अस्पताल आदि क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए गए।

### नागपुर मंडल में कार्य के चलते 20 दिनों के लिए ट्रेनों का परिचालन रहेगा बंद

# 5 अप्रैल से भोपाल मंडल से होकर चलने वाली तीन जोड़ी ट्रेनें निरस्त


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-5 (प्लेटफॉर्म-3) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को डिस्मेंटलिंग कर उसे बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने के लिए कार्य किया जाएगा, जिसके लिए गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-5 पर 20 दिनों तक यातायात आवागमन बंद रहेगा। जिस कारण भोपाल मंडल होकर संचालित तीन जोड़ी ट्रेनों का परिचालन ब्लॉक कार्य की अवधि तक 5 से 24 अप्रैल तक रद्द रहेंगी।

### यह ट्रेनें रहेगी निरस्त

- गाड़ी संख्या 18237 (कोरबा - अमृतसर) एक्सप्रेस कोरबा से 5 से 24 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 18238 (अमृतसर-बिलासपुर) एक्सप्रेस, अमृतसर से 7 से 27 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12410 (हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़) एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन से 2, 4, 6, 7, 8, 9, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 एवं 22 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12409 (रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन) एक्सप्रेस, रायगढ़ से 4, 6, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 एवं 24 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12807 (विशाखापत्तनम - हजरत निजामुद्दीन) एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम से 5, 7, 8, 9, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22 एवं 23 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12808 (हजरत निजामुद्दीन-विशाखापत्तनम) एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन से 7, 9, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24 एवं 25 अप्रैल तक रद्द रहेगी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन

## महिला रेलकर्मियों के आत्म-सशक्तिकरण के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**योग गुरु अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि**

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को भोपाल मंडल द्वारा नर्मदा क्लब में महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्म-सशक्तिकरण तथा जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योग गुरु महेश अग्रवाल मौजूद थे। उन्होंने मेडिटेशन (ध्यान), संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जानकारी देते हुए महिला कर्मचारियों को व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ महिला ही एक सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की मजबूत नींव होती है, इसलिए महिलाओं को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों को प्रेरणादायक विषय पर आधारित एक विशेष शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सकारात्मक संदेश दिया।

## प्रयागराज-हडपसर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन रानी कमलापति, बीना, इटारसी होंगे स्टॉपेज

**भोपाल।** अगले माह से समर सीजन शुरू होने जा रहा है, रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन किया जाएगा।

भोपाल मंडल के एसीएम व प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि गाड़ी संख्या गाड़ी संख्या 04107 प्रयागराज-हडपसर (पुणे) विशेष प्रत्येक बुधवार को एक अप्रैल से 15 जुलाई तक कुल 16 फेरों के लिए प्रयागराज से प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04108 हडपसर-प्रयागराज विशेष प्रत्येक गुरुवार को 2 अप्रैल से 16 जुलाई तक तक कुल 16 फेरों के लिए हडपसर से प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी में विभिन्न श्रेणी के कुल 20 कोच रहेंगे। जो भोपाल मंडल के रानी कमलापति, बीना, इटारसी एवं खंडवा स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

### इन स्टेशनों पर ट्रेन का रहेगा हॉल्ट

यह ट्रेन दोनों ओर से शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा, खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहिल्यानगर तथा दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर ठहरेगी।

### आरपीएफ का ऑपरेशन अमानत अभियान

## वर्ष 2025 में 472 यात्रियों को मिला खोया सामान वापस

**भोपाल।** भोपाल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा यात्रियों के छूटे हुए सामान को सुरक्षित बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा ऑपपरेशन अमानत अभियान लगातार सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से आरपीएफ की सतर्कता एवं तत्परता के कारण अनेक यात्रियों को उनका खोया हुआ कीमती सामान वापस मिल सका है। साल 2025 के दौरान भोपाल मंडल के आरपीएफ द्वारा कुल 472 मामलों में यात्रियों का छूटा हुआ सामान बरामद कर उन्हें वापस किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 1,35,57,983 है। यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा और सेवा के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### समुत्कर्ष के कार्यक्रम में शामिल हुए पटेल

# ज्ञान के साथ संवेदनशीलता नैतिकता और सेवा का भाव परम आवश्यकः राज्यपाल


राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 'समुत्कर्ष' नि:शुल्क कोचिंग संस्थान के द्वितीय सत्र के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता, संवेदनशीलता और सेवा का भाव होना भी आवश्यक है। जीवन में बड़ा बनना अच्छी बात है, लेकिन अच्छा होना उससे भी बड़ी बात है।

यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित स्व. अर्चना शुक्ला स्मृति परीक्षाओं की तैयारी के संस्थान "समुत्कर्ष" के द्वितीय सत्र के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों के पूर्व छात्र और आचार्य शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक तथा मानव कल्याण से जुड़े पुनीत कार्यों में योगदान दे रहे हैं, जो विद्या भारती के संस्कारों का सुखद प्रतिफल है।

विद्या भारती के पूर्व छात्रों ने विज्ञान, प्रशासन, शिक्षा, समाज सेवा और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान प्रज्ञादीप, हर्षवर्धन नगर में किया गया। कार्यक्रम में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी और भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष बनवारी लाल सक्सेना मंचासीन थे।

### प्रयासों को और अधिक विस्तारित किया जाना चाहिए

राज्यपाल पटेल ने कहा कि "तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें" जैसी भावना निष्ठा, त्याग और निःस्वार्थ भाव से समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित होने की प्रेरणा विद्या भारती की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के युवाओं को तलाशने और उन्हें तराशने के प्रयासों को और अधिक विस्तारित किया जाना चाहिए। राष्ट्र सर्वोपरि के विचारों को समाज में व्यापक रूप से प्रसारित करने के प्रयासों को और विस्तावित किया जाना चाहिए।

### संसाधनों के अभाव में प्रतिभा अवसरों से वंचित नहीं रहे

राज्यपाल पटेल ने कहा कि संसाधनों के अभाव में प्रतिभा अवसरों से वंचित नहीं रहे इस दिशा में परीक्षा की तैयारी की पहल सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सबका साथ और सबका विश्वास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग से आह्वान किया कि वे गरीब और वंचित वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संस्थागत विशेषज्ञता से लाभान्वित करने का प्रयास करें। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि वे प्रतिदिन परिवार, विद्या भारती और संस्थान से प्राप्त ज्ञान एवं संस्कारों का स्मरण कर उन्हें अपने आचरण में उतारें।

### देशभर में लगभग 30 हजार विद्यालय संचालितः कान्हरे

विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष रविन्द्र कान्हरे ने कहा कि विद्या भारती द्वारा देशभर में लगभग 30 हजार विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मानक आधारित मूल्यांकन व्यवस्था लागू की गई है। आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क ऑपरेटर्स के साथ समन्वय के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नई दरें 2026-2027 सत्र से लागू

## डीएलएड संस्थाओं की संबद्धता फीस जमा करने आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सत्र 2026-27 से डीएलएड पाठ्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाओं के लिए संबद्धता, नवीनीकरण और अतिरिक्त इंटेक की फीस में बढ़ोतरी की है। कार्यपालिका समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद संशोधित आदेश जारी कर नई दरें लागू कर दी गई हैं। संस्थाओं को 10 मार्च 2026 तक निर्धारित शुल्क यूको बैंक की निर्दिष्ट शाखा या आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से जमा कर आवेदन की प्रति मंडल कार्यालय में जमा करनी होगी। समय सीमा तक राशि जमा नहीं होने पर संबंधित संस्था की संबद्धता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**फीस में हुई बढ़ोतरी**

### ऐसी होगी नई फीस

मंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार डीएलएड की परीक्षाओं के लिए पहली बार संबद्धता शुल्क 1 लाख 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। इसमें एकमुश्त 50 हजार रुपए की वृद्धि की गई है। इसी तरह हर 50 विद्यार्थियों के अलावा इंटेक के लिए भी शुल्क 1 लाख 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। यह भी एक बार जमा करना होगा।

### बीएमएचआरसी में महिला दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला

## महिलाओं के आगे बढ़ने से ही होगी संपूर्ण समाज की उन्नतिः डॉ. मनीषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत को विकसित बनाने के लिए महिलाओं को विज्ञान के क्षेत्र में निश्चित रूप से सक्रिय भागीदारी निभाना आवश्यक है। अब ऐसा माना जाने लगा है कि हमारे समाज में महिलाओं को भी बराबर का हक दिया जा रहा है। यह बात सही है या नहीं, इस पर लोगों के अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन कभी भी महिलाओं को अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए क्योंकि जितनी हिम्मत महिलाओं में होती है, उतनी हिम्मत पुरुषों में नहीं होतीं। अगर हम महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर देंगे तो ही समाज की उन्नति होगी। यह बात निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने


बीएमएचआरसी में व्याख्यानमाला।

बीएमएचआरसी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'भारतीय चिकित्सा विज्ञान में प्रमुख महिला वैज्ञानिकों का योगदान' विषय पर एसीएसआईआर साइंस क्लब द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कही। डॉ मनीषा ने बताया कि आईसीएमआर एसीएसआईआर के जरिए अपने सभी संस्थानों में पीएचडी कोर्स चला रहा है। बीएमएचआरसी में भी में साइंस क्लब की स्थापना की गई है। इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग की रिसर्च स्कॉलर शायना बेग ने एक वीडियो प्रेजेंटेशन दिया।

### फरवरी के महीने में बदले थे परीक्षा केंद्र

## बीयूः इस महीने होने वाली परीक्षाओं के बदले गए कुछ परीक्षा केंद्र, परीक्षाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने मार्च में शुरू होने वाली कुछ परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों में बदलाव किया है। पूर्व में जारी अधिसूचना 24.02.2026 में आंशिक संशोधन करते हुए पीजी डिप्लोमा इन यौगिक साइंस प्रथम सेमेस्टर नियमित, एटीकेटी सत्र 2025-26 की मार्च -2026 में आयोजित की जाने वाली परीक्षा के आयोजन के लिए विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्र संशोधित कर निर्धारित किए गए हैं।

### कॉलेज का नाम और बदले गए परीक्षा केंद्र

भोपाल डिग्री कॉलेज भोपाल, जय हिन्द कॉलेज, गांधी पी.आर कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, विक्टोरिया महाविद्यालय, वीएन.एस. कॉलेज, लक्ष्मीपति कॉलेज का परीक्षा केंद्र हमीदिया शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल बनाया गया है। वहीं गुरु कॉलेज बैरसिया का परीक्षा केंद्र शासकीय महाविद्यालय बैरसिया में बना है। विवि शैक्षणिक योग विभाग, यूटीडी बीयू का परीक्षा केंद्र बीयूआईटी, यांत्रिकी शिक्षण संस्थान बीयू में बनाया गया है। इनमें से अधिकांश परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं।

### मंत्री सारंग ने सुभाष और महामाई मंडल में नागरिकों को दी रंगोत्सव की शुभकामनाएं

# नरेला होली मिलन उत्सवः नरेला केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि एक परिवार हैः सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नरेला विधानसभा में होली मिलन उत्सव का आयोजन सोमवार को सुभाष मंडल एवं महामाई मंडल द्वारा किया गया। होली मिलन उत्सव में शामिल हुए मंत्री विश्वास सारंग नागरिकों को होली तथा रंगपंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

सारंग ने कहा कि नरेला केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां हर त्योहार आपसी प्रेम, विश्वास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नरेला परिवार की यही


होली मिलन में शामिल हुए मंत्री सारंग।

एकजुटता और आत्मीयता इसे विशेष बनाती है। सारंग ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि प्रत्येक वर्ष लाखों बहनें उन्हें रक्षासूत्र बांधकर अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

यही प्रेम और विश्वास नरेला को एक सशक्त परिवार के रूप में जोड़ता है और इसी भावना के साथ यहां सभी पर्व-त्योहार मिल-जुलकर उत्साहपूर्वक मनाए जाते हैं। सारंग ने रहवासियों के साथ फूलों की होली खेली और उपस्थित जनसमुदाय पर पुष्पवर्षा कर रंगोत्सव की खुशियां साझा की।

### नरेला में दिखी वृंदावन की झलक

वृंदावन की तर्ज पर फूलों की होली और पारंपरिक फाग गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उत्सवमय बना दिया। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक फाग गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी, वहीं राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों की वर्षा, भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच नरेला का वातावरण मानो वृंदावन की होली का अनुभव करा रहा था।

## लोधी-लोधा समाज का होली मिलन समारोह धूमधाम से मना

**भोपाल।** रंगपंचमी एवं महिला दिवस के अवसर पर 9 मसाला रेस्टोरेंट में धूमधाम से लोधी लोधा समाज के होली मिलन समारोह मनाया गया। होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाओं के साथ पुरुष वर्ग ने गुलाल और फूलों से ब्रज की तर्ज पर होली खेली। एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई देकर फनी गेम्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोधी लोधा महासभा की महिला प्रदेश अध्यक्ष कमलेश हरि सिंह वर्मा द्वारा आयोजन समिति के सभी सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष : 12, अंक : 337 ■ पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 35 न्यून. 21 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



11 दो कदम गौतम आगे आए और...

विचार पेज 06 भारत में ऊर्जा संकट बढ़ा....



शावकों के साथ ज्वाला

**फिर आई खुशखबर : सीएम ने एक्स पर दी जानकारी, शेयर किया फोटो**

# कूनो नेशनल पार्क में चीतों का 'अर्ध शतक' पूरा मादा चीता ज्वाला ने 5 शावकों को दिया जन्म

- कूनो नेशनल पार्क में कुल चीतों की संख्या 50
- भारत में कुल 53 चीते हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से सोमवार को एक बार फिर तब सुकून देने वाली खुशखबरी आई जब मादा चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म देने की सूचना मिली। इसके साथ ही अब कूनो नेशनल पार्क में चीतों का अर्ध शतक भी पूरा हो गया है। क्योंकि कूनो नेशनल पार्क में जहां कुल चीतों की संख्या 50 हो गई है,वहीं भारत में कुल 53 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ▸▸शेष पेज 4 पर

### 12 शावकों को जन्म देने वाली इकलौती मादा चीता

ज्वाला (पूर्व नाम सियाया) इससे पहले कूनो में ही दो बार मां बन चुकी है। नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने मार्च 2023 में पहली बार 4 शावकों को जन्म दिया था। इन शावकों में से केवल एक, जिसका नाम मुखी रखा गया, वह जीवित बचा था। और जनवरी 2024 में तीन शावकों को जन्म दिया था, वह तीनों शावक स्वतंत्रता पूर्वक कूनो में शिकार कर रहे हैं। अब 9 मार्च 2026 को ज्वाला ने इतिहास रचते हुए 5 और नए शावकों को जन्म दिया है। वह कूनो में तीसरी बार ओर सबसे अधिक 12 शावकों को जन्म देने वाली इकलौती मादा चीता है।

### अब तक 6 मादा चीता बनी मां

कूनो नेशनल पार्क में अब तक 6 मादा चीता ने मां बनकर शावकों को जन्म देने की खुश खबरी दी है। अब तक कूनो नेशनल पार्क में जो मादा चीता मां बनी है,उनमें मादा चीता ज्वाला, आशा, गामिनी, वीरा, निर्वा, मुखी शामिल हैं। नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने तीन बार मां बनकर अब तक 9 शावकों को जन्म दिया है। इनमें एक शावक तो 35 महीने तथा 3 शावक 25 महीने के हो गए हैं। नामीबिया से लाई गई आशा ने दो बार मां बनकर अब तक 8 शावकों को जन्म दिया है,जिनमें 3 शावक 26 महीने और 5 शावक एक महीने के हो गए है। अफ्रीका से आई मादा चीता गामिनी ने दो बार में 8 शावकों को जन्म दिया ▸▸शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### मप्र हाईकोर्ट में शिशु का भ्रूण लेकर पहुंचा शख्स



**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकलपीठ में सोमवार को अफरातफरी की स्थिति बन गई। याचिकाकर्ता पॉलिथिन में शिशु का भ्रूण लेकर पहुंच गया। मौजूद सुरक्षा कर्मियों को पॉलिथिन को कब्जे में ले लिया। कोर्ट रूम में दयाशंकर पांडे जोर-जोर से कह रहा था कि वह रीवा लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुका है। वह गर्भवती पत्नी के साथ जा रहा था, तभी दुर्घटना के कारण पत्नी का गर्भपात हो गया।

### एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग का नियम बदला



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जंग के मद्देनजर घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सिलेंडर बुकिंग का समय 21 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दरअसल, कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं जहां जो लोग पहले 55 दिनों में एलपीजी सिलेंडर बुक करते थे, उन्होंने अब 15 दिनों में एलपीजी सिलेंडर बुक करना शुरू कर दिया है।

### तीन दिन में 31,700 रुपए सस्ती हुई चांदी



**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों में जारी तनाव के बीच सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। सोमवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, सोने के भाव में मामूली बढ़त देखी गई। चांदी की कीमत 3400 रुपए की गिरावट के साथ 2,68,300 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई।

**पश्चिम एशिया में जंग के बीच ईरान में नए युग की शुरुआत**

घोषणा के बाद सेना से लेकर राजनेताओं ने ली वफादारी की शपथ

# ईरान के सर्वोच्च नेता बने खामेनेई के बेटे मोजतबा

*इजराइल का दावा- मोजतबा हवाई हमले में बुरी तरह घायल इजराइल सेना ने यह भी माना है कि मोजतबा अभी जिंदा हैं*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/मॉस्को

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष को 10 दिन हो गए हैं। इस संकट के बीच ईरान में एक बड़ा बदलाव हुआ है। पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर बनाया गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को बधाई दी है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने खामेनेई के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी दिया है।

पुतिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्ते और भी मजबूत होंगे। पुतिन ने ईरान को भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा है। इस बीच, इजराइल सेना ने एक बड़ा दावा किया है। इजराइल सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि मोजतबा खामेनेई हाल ही में हुए एक हवाई हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे। हालांकि, इजराइल सेना ने यह भी माना है कि मोजतबा अभी जिंदा हैं। ▸▸पढ़ें पेज 10 भी

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दी बधाई बोले- मोजतबा अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते रहेंगे



मोजतबा खामेनेई



व्लादिमीर पुतिन

**बोले पुतिन**

- ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी दिया
- इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा

### ट्रंप बोले- खामेनेई का बेटा मेरे लिए स्वीकार्य नहीं



डोनाल्ड ट्रंप

मोजतबा के चयन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली प्रतिक्रिया में दी। उन्होंने कहा कि वे इस से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने मोजतबा खामेनेई को अपना नया सर्वोच्च नेता चुना है। मैं खुश नहीं हूं। ट्रंप ने पहले भी कहा था, खामेनेई का बेटा मेरे लिए स्वीकार्य नहीं है। हम चाहते हैं कि ईरान में ऐसा व्यक्ति सत्ता में आए जो शांति और सौहार्द लाए। ट्रंप ने कहा कि मेरी मंजूरी के बिना कोई नया नेता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।

**ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा**

### 115 डॉलर के पार निकला

इजराइल और ईरान जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25% बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था। क्रूड ऑयल बढ़ने की सबसे बड़ी वजह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। दुनिया ▸▸शेष पेज 4 पर

### भारत में सेंसेक्स 1350 अंक धड़ाम

जंग के चलते भारतीय शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। यह 1,352.74 अंक यानी 1.71 फीसदी लुढ़ककर 77,566.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2,494.35 ▸▸शेष पेज 4 पर

**पश्चिम एशिया के हालात पर बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर**

# कई कमर्शियल फ्लाइट संचालित कीं, 67 हजार भारतीयों को 'वापस' लाए



संसद में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को संसद में मिडिल ईस्ट के गहराते संकट पर बयान दिया। विदेश मंत्री ने बिगड़ते और चिंताजनक हालात को देखते हुए सबसे संयम की बरतने की अपील की है। हमारी सरकार ने 20 फरवरी को एक बयान जारी कर गहरी चिंता जताई थी और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की थी। हमारा मानना है कि तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि 28 फरवरी को ईरान-इजराइल और अमेरिका के बीच जंग शुरू हुई। युद्ध में कई लोग मारे गए हैं। इसके कारण आधारभूत ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। सरकार ने इस बारे में अपनी चिंता जताई थी। हमने आम नागरिकों की सेफ्टी को लेकर चिंता जताई थी। सीसीएस की बैठक हुई थी और खाड़ी देशों में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की। पीएम मोदी मौजूदा स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। हम ईरान में रह रहे भारतीय लोगों को भी जानकारी दे रहे हैं। जो ईरान में रह रहे ▸▸शेष पेज 4 पर ▸▸पढ़ें पेज 10 भी

**विदेश मंत्रालय ने ईरान में भारतीयों को दी एडवाइजरी**

**बिहार, ओडिशा और हरियाणा की करेंगे निगरानी**

### भाजपा ने राज्यसभा चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ नीतीश कुमार और नितिन नबीन मैदान में

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को बिहार, हरियाणा और ओडिशा में आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। ये वे राज्य हैं जहां उम्मीदवारों की संख्या सीटों की संख्या से अधिक है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को बिहार के चुनावों के लिए पर्यवेक्षक ▸▸शेष पेज 4 पर

**एसडीआरएफ का रेस्क्यू जारी**

### नहर में डूबे दो नाबालिग 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना



■ गांव में शोक और चिंता का माहौल

रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम चोरमारी में स्थित पुरवा नहर में नहाते समय दो नाबालिग बच्चों के डूबने का मामला सामने आया है। घटना को 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। चोरमारी निवासी संजीव मिश्रा ▸▸शेष पेज 4 पर

**ईंट मारकर कर दी मां की हत्या**

### आरोपी बोला- मां, अपाहिज पिता को खाना नहीं देती थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



■ आरोपी ने खुद ही डायल-112 पर फोन कर सूचना दी

हरसूद थाना क्षेत्र के ग्राम चैनपुर सरकार में एक बेटे ने अपनी ही मां की ईंट से मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने खुद ही डायल-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 8 मार्च को सूचना मिली कि चौकी आशापुर क्षेत्र के ग्राम चैनपुर सरकार में ▸▸शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी ने बालेंद्र शाह से फोन पर की बात

# नेपाल चुनाव में आरएसपी की प्रचंड जीत पर दी बधाई

*आने वाले वर्षों में दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पीएम मोदी और बालेंद्र शाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में 5 मार्च को हुए राष्ट्रीय चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के शीर्ष नेताओं से टेलीफोन पर बातचीत कर उन्हें चुनावी सफलता की बधाई दी। उन्होंने आरएसपी अध्यक्ष रबी लामिछाने और पार्टी के वरिष्ठ नेता बालेंद्र शाह से बातचीत की और दोनों को उनकी चुनावी सफलता और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की शानदार जीत पर शुभकामनाएं दीं। नेपाल में बनने वाली नई सरकार के लिए भी अपनी शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत, नेपाल के साथ मिलकर दोनों देशों की समृद्धि, प्रगति और जनता के कल्याण के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि भारत और नेपाल के बीच सहयोग और साझा प्रयासों के जरिए आने वाले वर्षों में दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। दोनों पड़ोसी देशों के बीच मजबूत साझेदारी क्षेत्रीय विकास और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है।

बता दें 5 मार्च को संपन्न राष्ट्रीय चुनाव में युवा नेता बालेंद्र शाह ने अनुभवी राजनेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को उनके गढ़ में हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया।

**हरदा में भूसा मशीन से निकली थी चिंगारी**

# 70 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक, लाखों का नुकसान

*आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लोगों ने आग पर पाया काबू*

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

छीपाबड़ में हाईवे से लगे हुए खेतों में दोपहर को गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। बताया गया कि भूसा मशीन से निकली हुई चिंगारी से भभकी आग तेजी से आसपास के खेतों में फैल गई। जानकारी के अनुसार किसान भवानी राजपूत कैलाश सोनेर, मोहन सोनेर, मुंशी देवड़ा के खेतों में करीब 70 एकड़ जमीन में ▸▸शेष पेज 4 पर



फसल में लगी आग

### आज बैठक बुलाई

फसल में आगजनी की घटना के बाद मौके पर पहुंचे थे आग बुझाने का काम किया गया। मंगलवार को हार्वेस्टर मालिकों एवं भूसा मशीन चालकों की बैठक बुलाई गई है जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

**शिवांगी बघेल**
एसडीएम खिरकिया

**उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के साथ हुई बैठक के बाद माना जूडा**

हमीदिया अस्पताल में हजार से ज्यादा मरीजों को नहीं मिला इलाज

# आठ घंटे परेशान हुए मरीज, 16 तक टल गई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोमवार को जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण मरीजों को सिर्फ इमरजेंसी में ही इलाज मिला। लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर भोपाल समेत प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेज के आठ हजार से ज्यादा जूनियर डॉक्टरों ने सोमवार से हड़ताल कर रूटीन ओपीडी का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया।

आठ घंटे चली जूडा की हड़ताल के कारण कई मरीजों के ऑपरेशन टाल दिए गए। हालांकि, शाम को उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ हुई बैठक के बाद जेडीए ने 16 मार्च तक ▸▸शेष पेज 4 पर

◆ लंबित स्टाइपेंड मुद्दे पर जूनियर डॉक्टरों ने शुरु की थी हड़ताल



डिप्टी सीएम शुक्ल जूनियर डॉक्टरों से चर्चा करते हुए

### 20 से ज्यादा मरीजों की सर्जरी टली

गांधी मेडिकल कॉलेज के हमीदिया अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण स्त्री रोग विभाग, पीपीटीसीटी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, फर्टिलिटी क्लीनिक, एएनसी रूम में व्यवस्थाएं प्रभावित रहीं। क्योंकि सीनियर डॉक्टर के साथ जूनियर डॉक्टर यहां की रिस्पांसिबिलिटी ▸▸शेष पेज 4 पर

### अप्रैल 2025 से मिलना था नया स्टाइपेंड, अब तक पेंडिंग

डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन शासन के आदेश के अनुसार एक अप्रैल 2025 से लागू होना था। जो नहीं हुआ। कई बार निवेदन के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। ▸▸शेष पेज 4 पर ▸▸पढ़ें पेज 12 भी

## सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी ने किया कार्यशाला को संबोधित

# कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता अनुशासन हमारी कार्य पद्धति का अहम हिस्सा: शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक हैं। अनुशासन हमारी कार्य पद्धति का हिस्सा है, अनुशासन से ही लक्ष्य हासिल होते हैं। यह बात भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। जबलपुर में सोमवार को भाजपा संभागीय कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया। इस दौरान जिन विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग में विषय वक्तागण विचार रखेंगे, उन विषयों को लेकर समानांतरण सत्रों में प्रशिक्षकों ने विषय वक्तागणों को प्रशिक्षण प्रदान किया। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि हमें एकाग्र होना होगा, हमें सीखने की मानसिकता बदलनी होंगी। हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। यह कार्यकर्ताओं को गढ़ने का प्रशिक्षण है। केवल भाषण से ही नहीं सीखा जाता, अपित कार्य व्यवहार से भी सीखा जाता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अपने संगठन के इतिहास, संघर्षों और योगदान की भी जानकारी होनी चाहिए।



प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते शिवप्रकाश।

### भाजपा प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी: डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। यह केवल एक राजनैतिक दल नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता और एकात्म मानववाद पर आधारित है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की सेवा और उसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

### पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की कार्यपद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यकर्ताओं के लगातार प्रशिक्षण और पार्टी की कार्य पद्धति की वहज से ही भाजपा अजेय पार्टी बनी है। जब हम लगातार सत्ता में रहते हैं तो जनता की नजर भी हम पर रहती है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि कार्यकर्ता अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ संगठन तथा समाज के लिए कार्य करें।

### संगठन और विचारधारा से ही पार्टी को मिली सफलता: डॉ. सिंह

*भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित है। यह संगठन सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता विचारधारा से प्रेरित होते हैं और यही विचारधारा हमारे संगठन को मजबूत बनाती है। यह विचारधारा किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि पूरे संगठन से जुड़ी होती है, और संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के अंदर इस विचारधारा का समावेश जरूरी है।*



## खबर संक्षेप

### युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का मंच है एनएसएस




**भोपाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। यह बात मंत्री परमार ने चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ के विवेकानंद सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। मंत्री परमार ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और अपने ज्ञान व ऊर्जा का उपयोग जनकल्याण के कार्यों में करें। युवाओं की भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र के विकास को गति मिलती है। यह शिविर 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

### पीएम श्रम योगी मान-धन योजना अंतर्गत पंजीयन में मप्र चौथे स्थान पर

**भोपाल।** पीएम श्रम योगी मान-धन योजना में 15 जनवरी से 8 मार्च तक आयोजित विशेष पंजीयन अभियान में श्रमिकों के पंजीयन में मप्र ने देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश के बैतूल में सर्वाधिक 1771 पंजीयन हुए है। बैतूल जिला देश के जिलों में दूसरे स्थान पर तथा नर्मदापुरम जिला 1501 पंजीयन के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार आदि जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है तथा मासिक आमदनी 15 हजार रूपये से कम है, उनके लिये केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना प्रारम्भ की गई है। योजना में पंजीकृत श्रमिक को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये निश्चित मासिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है।

## महिलाओं के लिए जबलपुर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को सीएम ने किया संबोधित

# सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाएगा एचपीवी वैक्सीन का एक टीका: डॉ.यादव

**बहनों से सुरक्षा की गारंटी वाले टीके का लाभ लेने का किया आव्हान, राज्य सरकार लाड़ली बहनों और लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के साथ महिलाओं को बना रही है**



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जबलपुर के गीता भवन में फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026 अंतर्गत राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के कार्यक्रम को संबोधित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका नि:शुल्क लगाया जा रहा है।

वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। सीएम ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से लेकर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों तक निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार योजना की राशि को निरंतर बढ़ा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को अब 1500 रुपए की राशि हर माह उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है।

### 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है।

### नेत्र दिव्यांग बालिकाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एचपीवी टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं जिया सेन और अंशी विश्वकर्मा को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय जबलपुर की बालिकाओं से भेंट कर उनका सम्मान भी किया।

# हाई कोर्ट के आदेश का इंतजार मुकेश मल्होत्रा की विधायकी पर मंडरा सकता है बड़ा संकट

- **कोर्ट के निर्देशों पर ही विस सचिवालय करेगा कार्रवाई**
- **मल्होत्रा इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की कर रहे तैयारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय को भाजपा विधायक मुकेश मल्होत्रा से जुड़े मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश का इंतजार है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि कोर्ट से मिलने वाले निर्देशों के आधार पर ही विधानसभा सचिवालय आगे की कार्रवाई करेगा। जानकारों के मुताबिक फिलहाल विधानसभा सचिवालय सीधे कोई निर्णय नहीं ले सकता। हाई कोर्ट का आदेश मिलने के बाद ही यह तय होगा कि मामले में क्या कार्रवाई की जानी है और विधायक की सदस्यता पर कोई असर पड़ेगा या नहीं।

पूर्व विधानसभा प्रमुख सचिव भगवान दास रोहाणी का कहना है कि हाई कोर्ट के आदेश का पालन करना विधानसभा के लिए अनिवार्य होता है। यदि कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो विधानसभा सचिवालय भी मामले में पक्षकार बन सकता है।

सूत्रों के अनुसार दूसरी ओर मुकेश मल्होत्रा इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल अदालत में मामला विचाराधीन है और तत्काल कोई फैसला नहीं हुआ है।

विधानसभा सचिवालय को कोर्ट की ओर से जो भी जवाब देना होगा या कार्रवाई करनी होगी, वह विधानसभा अध्यक्ष और प्रमुख सचिव के स्तर पर तय की जाएगी। ऐसे मामलों में अदालत की प्रक्रिया लंबी चलती है, इसलिए अंतिम निर्णय आने में समय लग सकता है।

फिलहाल कोर्ट में मामला लंबित होने के कारण विधायक को तत्काल राहत मिली हुई है, लेकिन आने वाले समय में अदालत के फैसले के बाद उनकी विधायकी पर असर पड़ सकता है।

## विधानसभा में गलत जानकारी देने का मामला

# उपायुक्त सस्पेंड, जबकि आईएएस समेत नौ अफसरों की टेबल से होकर गया था जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में गलत जानकारी भेजने के मामले में सरकार ने इंदौर नगर निगम की उपायुक्त लता अग्रवाल को निलंबित कर दिया है। हालांकि जिस जवाब को लेकर कार्रवाई की गई, वह आईएएस अधिकारियों समेत नौ वरिष्ठ अफसरों की टेबल से गुजरने के बाद विधानसभा में भेजा गया था। ऐसे में सिर्फ एक अधिकारी पर कार्रवाई होने से प्रशासनिक हलकों में सवाल उठने लगे हैं।

मामला इंदौर नगर निगम से जुड़े एक सवाल का है, जिसमें विधानसभा में यह जानकारी दी गई कि शहर में एक भी सफाई निरीक्षक (सैनिटरी इंस्पेक्टर) नहीं है। बाद में यह जानकारी गलत पाई गई। इसके बाद सरकार ने जवाब तैयार करने में लापरवाही मानते हुए उपायुक्त को सस्पेंड कर दिया। जानकारी के मुताबिक, विधानसभा में भेजे जाने वाले जवाब की फाइल नगर निगम के कई स्तरों से होकर गुजरती है। इसमें संबंधित शाखा, वरिष्ठ अधिकारी और आईएएस स्तर के अधिकारी भी शामिल रहते हैं। इसके बावजूद कार्रवाई केवल उपायुक्त तक सीमित रहने से पूरे मामले पर चर्चा तेज हो गई है।

**इंदौर नगर निगम में एक भी सफाई निरीक्षक के न होने की दी थी जानकारी, जो गलत निकली**

सूत्रों के अनुसार, विधानसभा के प्रश्नों के जवाब तैयार करने की प्रक्रिया में हर स्तर पर तथ्यों का परीक्षण होना चाहिए। लेकिन इस मामले में कई स्तरों पर फाइल गुजरने के बावजूद गलती पकड़ में नहीं आई। प्रशासनिक जानकारों का कहना है कि यदि जवाब कई अधिकारियों की टेबल से होकर गया था तो जिम्मेदारी भी सामूहिक रूप से तय होनी चाहिए। फिलहाल सरकार ने इस मामले में उपायुक्त को निलंबित करते हुए आगे की जांच के संकेत दिए हैं।

## रिटायर्ड मेजर जनरल बोले- अग्निवीर से सैन्य शक्ति हो रही कमजोर, पूर्व सैनिकों की दिव्यांग पेंशन पर टैक्स का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार के बजट में पूर्व सैनिकों की दिव्यांग पेंशन पर इनकम टैक्स लगाने के फैसले का रिटायर्ड फौजियों ने विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रिटायर्ड मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। श्याम श्रीवास्तव ने कहा कि हम मुख्य रूप से 5 मुद्दों पर बात कर रहे हैं।



श्याम श्रीवास्तव ने कहा कि डिसेबिलिटी पेंशन उन सैनिकों को मिलती है, जो युद्ध में या किसी अन्य चोट के कारण दिव्यांग हो जाते हैं। ऐसे सैनिकों को सरकार की ओर से दिव्यांग पेंशन दी जाती है। यह मुख्य पेंशन का एक तय प्रतिशत होता है। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाली इस दिव्यांग पेंशन पर सरकार ने इस बजट में इनकम टैक्स लगा दिया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने आयोग को सौंपे दस्तावेज

# नरेला में 6-7 सदस्यों वाले घर में 30 वोटर

- **आयोग से जांच और कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) पूरी होने के बाद मतदाता सूची को लेकर विवाद शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शुक्रवार को मध्यप्रदेश निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और भोपाल की नरेला विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के दस्तावेज चुनाव आयोग को सौंपे।



आयोग को दस्तावेज सौंपते पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह।

उन्होंने तीन मकान मालिकों के शपथपत्र आयोग को सौंपते हुए बताया कि जिन घरों में वास्तविक रूप से 6 से 8 लोग रहते हैं, वहां मतदाता सूची में 30 से 40 तक नाम दर्ज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। दिग्विजय सिंह ने जिन मामलों का हवाला दिया, उनमें रतन कॉलोनी, करोंद क्षेत्र के तीन मकान शामिल हैं। मकान नंबर 21 के मालिक हमीर सिंह यादव के अनुसार उनके घर में 6 कमरे हैं और परिवार के सिर्फ 4 सदस्य मतदाता हैं, जबकि मतदाता सूची में करीब 40 नाम दर्ज बताए गए हैं। मकान नंबर 10 के मालिक कमलेश कुमार ने बताया कि उनके घर में करीब 8 मतदाता रहते हैं, लेकिन सूची में 36 नाम दर्ज हैं। मकान नंबर 2 के मालिक पोखन लाल के अनुसार उनके घर में 7 मतदाता हैं, जबकि सूची में 37 नाम दर्ज बताए गए हैं। मकान मालिकों ने एफिडेविट में यह भी कहा कि जिन के नाम पते पर दर्ज हैं, वे वहां कभी नहीं रहे और उन्हें उन व्यक्तियों के बारे में जानकारी नहीं है।

## सीएजी की रिपोर्ट से अवैध कब्जे का खुलासा

# 126 अवैध निर्माण कर बनाए मैरिज गार्डन, खड़े किए होटल-कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में शासकीय जमीन और नालों पर कब्जा कर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। ऑडिट में खुलासा हुआ है कि प्रदेश में 126 स्थानों पर अवैध निर्माण कर मैरिज गार्डन बना दिए गए, जबकि कई जगह नालों को पाटकर होटल, कॉलेज और अन्य व्यावसायिक इमारतें खड़ी कर दी गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक इन मैरिज गार्डन संचालकों को अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो जवाब दिया गया और न ही कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। कई मामलों में तो दूसरा नोटिस तक जारी नहीं किया गया।

ऑडिट में यह भी सामने आया कि कई शहरों में नालों और नदियों के किनारे खाली जगह छोड़ने के नियमों का पालन नहीं किया गया। कई जगह नालों को पाइप में डालकर ढंक दिया गया।

### बड़े शहरों में ज्यादा मामले

रिपोर्ट के अनुसार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में नालों के आसपास बड़े पैमाने पर निर्माण हुआ है।

- भोपाल – 150 स्थान
- इंदौर – 150 स्थान
- ग्वालियर – 128 स्थान
- जबलपुर – 70 स्थान
- उज्जैन – 36 स्थान

इस तरह कुल 539 स्थानों पर नालों के आसपास निर्माण पाया गया है।

### नोटिस के बाद भी कार्रवाई अधूरी

जांच में 132 मैरिज गार्डन अनाधिकृत पाए गए थे, जिन्हें नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इनमें से पांच संचालकों ने गार्डन बंद कर दिए, लेकिन 126 मैरिज गार्डन अब भी संचालित हो रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कई मामलों में विकास अनुमति देते समय लेआउट में नालों को दिखाया ही नहीं गया।

## ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के संबंध में कलेक्टर्स को जारी होंगे निर्देश

### रोजाना 400 से अधिक फाइलों का हो रहा ऑनलाइन मूवमेंट

# मुख्य सचिव जल्द करेंगे ई-ऑफिस सिस्टम की समीक्षा, अब तहसील और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में लागू करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सरकारी कामकाज को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार ई-ऑफिस सिस्टम को निचले स्तर तक लागू करने की तैयारी में है। मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों और जिला स्तर के सरकारी दफ्तरों में लागू होने के बाद अब तहसील और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में भी ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव कार्यालय जल्द ही ई-ऑफिस सिस्टम के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करेगा। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तहसील और ब्लॉक स्तर के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए जाएंगे प्रदेश में एक जनवरी 2025 से मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया था।

इस व्यवस्था का उद्देश्य मंत्रालय के कामकाज में पारदर्शिता और गति लाना तथा फाइलों के मूवमेंट को ऑनलाइन करना है। शुरुआत में अधिकारियों और कर्मचारियों को नए सिस्टम पर काम करने में दिक्कतें आईं, लेकिन धीरे-धीरे वे इसके अभ्यस्त हो गए। वर्तमान में मंत्रालय में विभिन्न विभागों में रोजाना 400 से अधिक फाइलों का ऑनलाइन मूवमेंट हो रहा है।


अनुराग जैन

### ई ऑफिस में काम करना कर्मचारियों के लिए अनिवार्य

*मंत्रालय के बाद दूसरे चरण में विभागाध्यक्ष कार्यालयों और तीसरे चरण में जिला मुख्यालयों के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया। हालांकि जिलों में अभी भी कई अधिकारी-कर्मचारी ई-ऑफिस सिस्टम पर पूरी तरह काम करने से कतरा रहे हैं, लेकिन मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस पर काम करना अनिवार्य होगा। अब वे मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों और जिला स्तर के कार्यालयों में इसके क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक लेंगे और इसे लागू करने की तैयारियों पर भी अधिकारियों से चर्चा करेंगे।*

### 2017 में बनी थी कार्ययोजना

यह कार्ययोजना वर्ष 2017 में तैयार की गई थी। इसके तहत मंत्रालय में नए कंप्यूटर और स्कैनर खरीदे गए थे और राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया गया था। मार्च 2018 में तत्कालीन सरकार के कार्यकाल में मंत्रियों को भी इसका प्रशिक्षण दिया गया था।

### मंत्री अब भी मेनुअली निपटा रहे फाइलें

मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू हुए एक साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन प्रदेश सरकार के मंत्री अब भी अधिकांश फाइलों को मैनुअल तरीके से ही निपटा रहे हैं। जबकि उनके निजी स्टाफ को ई-ऑफिस सिस्टम का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### ई-ऑफिस सिस्टम के फायदे

- फाइलों का मूवमेंट तेज हुआ
- हर फाइल की लोकेशन ट्रेस करना आसान
- फाइल निपटाने की समय-सीमा तय होने से जवाबदेही बढ़ी
- कागज की खपत में कमी और रिकॉर्ड प्रबंधन आसान
- एक क्लिक पर फाइल कंप्यूटर या लैपटॉप पर उपलब्ध




# ईटीएस मशीन की जगह जरीब, इंची टेप से नापा तालाब, लगाए लाल निशान

## पूर्व परिवहन कांस्टेबल सौरभ शर्मा की सास का रो हाउस भी जद में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भदभदा से बड़े तालाब किनारे बने कद्दावर लोगों के फार्म हाउस और महंगे मकान तालाब के पचास मीटर दायरे में आ रहे हैं।

सोमवार को टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा की टीम ने सीमांकन का काम शुरू कर लाल निशान लगाए। शुरुआत में प्रेमपुरा घाट से सीमांकन शुरू किया गया, जिसमें परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा की सास रेखा तिवारी का रो हाउस भी अतिक्रमण की जद में आया है। यहां पर आलीशान स्वीमिंग पूल भी बना है, जो अतिक्रमण में है। इधर, टीटी नगर में शुरु हुए सीमांकन पर पहले ही दिन सवाल उठते नजर आ रहे हैं, दरअसल टीम ने यहां जरीब और इंची टेप से नपती की गई।

बड़ा सवाल यह भी है कि बैरागढ़ की टीम ने टीएंडसीपी के कार्डिनेट से एफटीएल और पचास मीटर की नपती की थी, जबकि यहां पुरानी मुनारों से ही पचास मीटर नापा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यहां कद्दावर लोगों को बचाने का प्रयास है।

**पुरानी मुनारों से कराई पचास मीटर की नपती**

**पर्यटन विभाग का सैर सपाटा भी आया अतिक्रमण में**

### बैरागढ़ वृत्त में 10 दिन पहले ही सीमांकन हो गया था शुरू


ईटीएस मशीन के बजाय इंची टेप और जरीब से सीमांकन करता अमला।

बैरागढ़ सर्कल में दस दिन पहले ही सीमांकन शुरू कर दिया गया था, लेकिन टीटी नगर में टीएंडसीपी के कोर्डिनेट नहीं मिलने की बात कही जा रही थी। जिसके बाद सोमवार को टीम ने जरीब और इंच टैप से ही नपती शुरु कर दी, जिसमें सबसे पहला बड़ा अतिक्रमण पर्यटन विभाग का सैर सपाटा आया है। इसके बाद टीम जब आगे बढ़ी तो सेवनिया गौंड में आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा की सास रेखा तिवारी के नाम पर दर्ज प्रॉपर्टी का हिस्सा एफटीएल के 50 मीटर के दायरे में आया है। दो साल पहले लोकायुक्त, आयकर और ईडी ने उसकी संपत्तियों की जांच की थी। एसडीएम का कहना है कि टीम ने सोमवार को सीमांकन किया है। ईटीएस मशीन से सीमांकन नहीं करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

### यह अतिक्रमण भी आए सामने

टीम ने जब नपती शुरू की तो प्रमिला अग्रवाल पत्नी विजय अग्रवाल के मकान की तार फेंसिंग, रूपम सेवानी पत्नी मोतीलाल का पक्का मकान, बनवारी लाल पिता प्रभुदयाल की फेंसिंग, रूपम सेवानी की फेंसिंग, मेसर्स एनजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट कंपनी की पक्की फेंसिंग, पुष्पा सिंह पुत्री जयंत सिंह और शिव सिंह पिता देवी सिंह की पक्की फेंसिंग, केके इंद्रा वैभव गोयल की फेंसिंग और पुनीत बंसल पिता मुकेश बंसल की पक्की फेंसिंग अतिक्रमण की जद में आई है।

### रसूखदारों को बचाने लगाया जरीब-टेप

*बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय ने एफटीएल तय करने के लिए ईटीएस मशीनों से नपती कराई थी, लेकिन यहां पर जरीब और इंच टेप से नपती की जा रही है, जिससे नपती के आधार पर लाल निशान लगाए जा रहे हैं। एसडीएम का कहना है कि मशीन का रिफरेंस सेंटर सेट नहीं होने और झाड़ियां होने की वजह से मशीन से नपती नहीं की जा सकी। लाल निशान लगाने का काम चल रहा है। चिन्हित अतिक्रमणों को हटाया जाएगा।*

## भौंरी से एयरपोर्ट तक पचास फीसदी तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित

# पुराने शहर के मालीपुरा में ढाई गुना तक की बढ़ोतरी आवासीय व व्यावसायिक दोनों की बढ़ाई गईं कीमतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर पंजीयन विभाग दावे-आपत्ति आमंत्रित कर रहा है, जिसके तहत जिले की 628 लोकेशन्स पर पांच से 140 फीसद तक बढ़ोतरी प्रस्तावित की जा रही है। पहली बार पंजीयन विभाग ने शहर की अधिकतर लोकेशन्स पर बढ़ोतरी प्रस्तावित की है, जबकि पुराने शहर की इन कॉलोनियों में रीसेल वाली रजिस्ट्रियों की तादाद भी न के बराबर है। प्रस्तावित ड्राफ्ट में सोमवारा के मालीपुरा में मकानों की कीमत 25 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर से 60 हजार रुपए प्रस्तावित कर दी है, जबकि कमर्शियल में 37 हजार 500 से 75 हजार रुपए वर्गमीटर किया गया है, जिसकी बढ़ोतरी सौ फीसदी है। इसी तरह महात्मा गांधी, एयरपोर्ट रोड और भौंरी वार्ड में 30 से अधिक लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावित है, जिसमें अधिकतर लोकेशन पर पचास फीसद तक बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है।

पुराने शहर में पहले से प्रॉपर्टी के दाम अधिक थे। अधिकतर कॉलोनियों में 10 से 12 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर का रेट चल रहा है, जिसे 15 और 18 हजार तक प्रस्तावित कर दिया है, जिससे इन जगहों पर रीसेल वाले मकानों की कीमत बढ़ जाएगी। रजिस्ट्री में अधिक स्टांप ड्यूटी चुकानी पड़ेगी। पुराने शहर में सबसे बड़ी बढ़ोतरी मालीपुरा में की गई है। यहां पर 140 और मोती मस्जिद वार्ड में टोली वाली मस्जिद एरिया में 84% तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है।

**तीन वार्डों की तीस से अधिक लोकेशनों पर बढ़ेंगे दाम**

**शहर में रीसेल प्रॉपर्टी के भी बढ़ जाएंगे रेट, देनी होगी ज्यादा ड्यूटी**

### मॉल शुरू होने के पहले बढ़ाए दाम

पुराने शहर के पुट्ठा मील और रेलवे स्टेशन के बीच में बन रहे कमर्शियल समदड़िया मॉल का तेजी से काम चल रहा है। इस मॉल की लोकेशन के पिछले साल ही शामिल कर लिया गया था। जिसमें आवासीय 30 और कमर्शियल 45 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर का रेट तय था, जिसे इस बार बढ़ाकर आवासीय 45 और कमर्शियल को 68 हजार रुपए वर्गमीटर कर दिया है, जिससे यहां आवासीय और कमर्शियल के दाम पचास फीसदी बढ़ जाएंगे।

### दावे-आपत्ति गुरुवार तक

समिति ने बैठक के बाद शुक्रवार को ड्राफ्ट जारी कर दिया था। जिसके तहत अगले 7 दिनों तक लोग 628 लोकेशन्स की बढ़ोतरी पर दावे-आपत्ति पेश कर सकते हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन भी सुझाव दे सकते हैं।

### इन जगहों पर प्रस्तावित किए बढ़े हुए दाम

| लोकेशन | वर्तमान आवा/व्यावसियक प्र | आवा/व्यवसायिक | बढ़ोतरी प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| मालीपुरा | 25000/37500 | 60000/75000 | 140/100 |
| टोल वाली मस्जिद | 19000/28500 | 35000/50000 | 84/75 |
| समदड़िया हाईस्ट्रीट मॉल | 30000/45000 | 45000/68000 | 50/51 |
| रेतघाट से वीआईपी रोड | 40000/60000 | 60000/75000 | 50/25 |
| सूरज फार्म | 10000/12000 | 15000/18000 | 50/50 |
| सूरज नगर | 10000/15000 | 15000/23000 | 50/53 |
| वार्ड-1 अन्य क्षेत्र | 12000/15000 | 18000/23000 | 50/53 |
| लालघाटी से एयरपोर्ट | 40000/60000 | 60000/75000 | 50/25 |
| वार्ड-3 भौंरी अन्यकॉलोनी | 12000/14000 | 18000/21000 | 50/50 |
| लेक पर्ल स्प्रिंग | 24000/27000 | 36000/40000 | 50/48 |
| रपीपलनेर/रिलायबल सिटी | 20000/23000 | 30000/34000 | 50/47 |
| आर्चेड मेजेस्टी | 28000/32000 | 42000/46000 | 5043 |

नोट- राशि प्रति वर्गमीटर (अनुमानित दस वर्गफीट) के हिसाब से हैं।

### तीन घंटे ठप रहा रजिस्ट्री का सर्वर, सौ रजिस्ट्री अटकीं



भोपाल। एक अप्रैल से प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी प्रस्तावित होने के बाद पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग 31 मार्च के पहले रजिस्ट्री कराने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके तहत पंजीयन दफ्तरों में भीड़ देखी जा रही है। रविवार को पंचमी की छुट्टी होने के बाद जब सोमवार को दफ्तर खुले तो शुरुआत में रजिस्ट्री हुईं। इसके बाद दोपहर ढाई से शाम साढ़े पांच बजे तक सर्वर ठप रहा। ऐसे में लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं सौ से अधिक लोगों को बिना रजिस्ट्री कराए घर वापस लौटना पड़ा, जबकि देर शाम तक 432 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं। विभाग ने मार्च माह में शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री करने दफ्तर खोल रखे हैं।

### एक दिन में 4 हुई करोड़ की आमदनी

पंजीयन विभाग को प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री पर साढ़े दस से 12.5 फीसद तक आमदनी होती है। जिसमें स्टांप ड्यूटी और पंजीयन फीस शामिल है। वर्तमान गाइडलाइन के हिसाब से प्रॉपर्टी के दाम तय किए जाते हैं। सोमवार को परी बाजार, आईएसबीटी सहित बैरसिया पंजीयन दफ्तर से विभाग को करीब चार करोड़ रुपए की आमदनी हुई है।

## सीएमएचओ की टीम की बड़ी कार्रवाई

# बिना पंजीयन संचालित हो रहे डॉ. बत्रा होम्योपैथी क्लीनिक को किया सील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिना पंजीयन और लाइसेंस से संचालित हो रहे डॉ बत्रा होम्योपैथी क्लीनिक को सीएमएचओ की टीम ने सील कर दिया है। सोमवार को सीएमएचओ की टीम ने एमपीनगर स्थित डॉ बत्रा होम्योपैथिक क्लीनिक (हेयर एंड स्किन) की जांच की। जांच के दौरान क्लीनिक में पंजीयन और लाइसेंस नहीं मिलने पर कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को बंद कर दिया है। सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि निरीक्षण दल द्वारा क्लीनिक संचालक को मध्यप्रदेश उपचयार्गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार क्लीनिक का पंजीयन करवाए बिना संचालन न करने की हिदायत दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निजी अस्पतालों और क्लीनिक्स की जांच निरंतर की जा रही है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भी बिना पंजीयन संचालित क्लिनिक्स की जांच करने के निर्देश दिए थे।

■ निजी अस्पतालों व क्लीनिक्स की जांच की जा रही

### जारी रहेगा फर्जी अस्पतालों पर एक्शन

चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन, मप्र उपचार्यगृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, गुमास्ता लाइसेंस की जांच के लिए टीम गठित की गई है। जल्द ही कुछ अन्य क्लिनिक्स के विरुद्ध भी एक्शन लिया जाएगा।

**डॉ मनीष शर्मा, सीएमएचओ**

# बाग उमराव दूल्हा में आग, 10 किमी तक दिखा धुएं का गुबार

## संकरी गलियों और सड़क पर खड़ी गाड़ियों की वजह से दमकलों को पहुंचने में हुई परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घनी आबादी वाले बाग उमराव दूल्हा इलाके में सोमवार दोपहर करीब साढे तीन बजे अचानक लगी आग ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी। तीन मंजिला भवन की ऊपरी मंजिल से उठे घने काले धुएं का गुबार इतना तेज था कि 10 किमी दूर तक धुआं दिखाई दिया। धुएं का गुबार देख आसपास के इलाकों में भी लोगों में घबराहट फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। गनीमत रही कि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर फायर दमकलों को पहुंचने में परेशानी हुई। संकरा रास्ता होने से फायर कर्मियों को मशक्कत करना पड़ी। करीब 45 मिनट में आग पर काबू पाया जा सका।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग अचानक भवन की तीसरी मंजिल पर लगी। जिस भवन में आग लगी उसके निचले हिस्से में मटन की दुकान संचालित होती है, जबकि ऊपर की मंजिलों पर सामान रखा हुआ था। जहां तेल के कई टीन रखे थे, जिनकी वजह से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। फायर कर्मियों की 45 मिनट मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग के कारण भवन के ऊपरी हिस्से में रखा सामान जलकर खाक हो गया।



### अफरा-तफरी का माहौल बना

आग लगने के बाद उठे धुएं को देखकर बडी संख्या में लोग एकत्र हो गए और आसपास घरों की छत पर चढ गए। इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। नगर निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर दमकलें तुरंत मौके पर भेजी गईं। दो दमकलों ने आग पर काबू पाया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका।

### पीजीबीटी कॉलेज के पास डीपी में लगी आग



भोपाल। पुराने शहर के पीजीबीटी कॉलेज रोड पर लगी एक डीपी में सोमवार को शाम करीब सात बजे आग लग गई। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय रहवासियों ने इसकी सूचना तत्काल बिजली कंपनी को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बिजली कंपनी की टीम ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। आग लगने के समय उक्त जगह पर लोगों की आवाजाही भी कम थी।

## कल्याण नगर में मुश्किल में 40 परिवार, दो दिन पानी सप्लाई बंद

# नाली से गुजर रही पाइपलाइन में लीकेज, घरों में पहुंचा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के कल्याण नगर में 40 से ज्यादा परिवार बीते एक सप्ताह से घरों में पहुंच रहे नाली के बदबूदार पानी से परेशान हैं। घरों में नलों से काला-गंदा पानी पहुंच रहा है। दरअसल, यहां नाली में डूबी पाइप लाइन में लीकेज के कारण यह समस्या सामने आई। रहवासियों ने इसकी शिकायत भी निगम में की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। जब यह समस्या बढ़ी तो निगम का अमला मौके पर पहुंचा और लाइन को सुधारने का काम शुरू किया। जबकि बीते दो दिन से कल्याण नगर की गली नंबर-22 में पानी की सप्लाई बंद रही। सोमवार को कुछ परिवारों ने निजी टैंकरों से पानी मंगवाया।

रहवासी सविता द्विवेदी ने बताया कि पानी की लाइनें नाली में डूबी हुई हैं। इनमें लीकेज होने पर गंदा पानी सीधे घरों में पहुंचता है। ऐसे में फाल्ट को ढूंढना भी मुश्किल होता है। बीते एक सप्ताह से यह दिक्कत सामने आ रही थी। रविवार को तो नाली का पानी ही घरों में पहुंचा जो काला और गंदा था। शिकायत करने पर निगम कर्मियों ने फाल्ट तो सुधारा, लेकिन अभी पानी तरह से साफ नहीं आ रहा है।

### अभी पानी पूरी तरह से साफ नहीं



रहवासी रीना धाकड़ ने बताया कि सोमवार को पानी की सप्लाई देर से हुई, लेकिन अभी पूरी तरह से पानी साफ नहीं है। निगम के अधिकारियों ने क्षेत्र में नई पाइप लाइनें बिछाने का काम जल्द शुरू करने की बात रहवासियों से कही है।

### फॉल्ट सुधार लिया गया है, अब दिक्कत नहीं है

नगर निगम जोन-16 में जल कार्य की सहायक यंत्री बबली शर्मा ने बताया कि कल्याण नगर में फॉल्ट सुधार लिया गया है। साफ पानी की सप्लाई शुरू हो गई है। अब कोई दिक्कत नहीं है। जिन क्षेत्रों में दिक्कतें सामने आ रही हैं वहां पाइप लाइनें बदली जा रही हैं।






## जैकेट का शेष...

### केरल सरकार करेगी ...

सरकार ने सैमसन का विशेष सम्मान करने का फैसला किया है। इस बीच सैमसन ने अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपनी पत्नी को खास तौर पर धन्यवाद कहा है।

### विजयपुर में रामनिवास ...

आपराधिक प्रकरणों की पूरी जानकारी नहीं दी थी। मुकेश ने 4 आपराधिक केस बताए थे, जबकि 2 छिपाए थे। याचिका में रावत ने मल्होत्रा के खिलाफ दर्ज सभी 6 आपराधिक प्रकरणों की जानकारी दी थी। इस मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के वकील विवेक तन्खा ने कहा कि हम इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने कोर्ट से रिक्वेस्ट की है कि सिर्फ कुछ जानकारी गलत दी गई, इसका यह मतलब नहीं है कि चुनाव में धांधली हुई थी। हमें भरोसा है कि मुकेश मल्होत्रा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलेगी।

### मल्होत्रा के वकील बोले ...

एक एप्लीकेशन फाइल की है, जिसमें कहा है कि हम अपील करने के हकदार हैं। जब तक हम अपील करते हैं, इस ऑर्डर पर 15 दिन के लिए रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।

### गलत जानकारी देने ...

है। उन्होंने बताया कि मुकेश मल्होत्रा ने दो आपराधिक प्रकरणों की जानकारी छिपाई थी। उन्होंने यह भी छिपाया था कि उन पर एक केस में चार्ज लगा था। उन्होंने कहा कि गलत जानकारी देने के कारण उप चुनाव के दौरान क्षेत्र का मतदाता भ्रमित हुआ, वर्ना वे तभी चुनाव हार जाते।

### उपचुनाव में 7364 ...

बाद रावत ने मुकेश पर गलत हलफनामा पेश करने का आरोप लगाकर कोर्ट की शरण ली थी। आदिवासी नेता मुकेश मल्होत्रा ने 2 मई 2024 को कांग्रेस ज्वॉइन की थी। उन्होंने मुरैना जिले में आयोजित प्रियंका गांधी की चुनावी सभा में सदस्यता ली थी। विधानसभा चुनाव 2023 में मुकेश मल्होत्रा विजयपुर सीट से निर्दलीय मैदान में उतरे थे, तब पूरे क्षेत्र के आदिवासियों ने उनका साथ दिया था। उन्हें 45 हजार वोट मिले थे। मुकेश पहले भाजपा में थे, तब सरकार ने उन्हें सहारिया विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया था। राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया था। विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने 2023 के चुनाव से पहले भाजपा का साथ छोड़ दिया था।

### पटाखे फोड़ रहे ...

खिलाफ और मुस्लिम पक्ष के 5 लोगों पर केस दर्ज किया है।

### देवास में बम फेंकने ...

घायल हो गए। पटाखों से निकली चिंगारी और विस्फोट के कारण उज्जैन से आए सुरक्षा बल के दो जवान आशीष यादव और सुरेंद्र श्रीवास घायल हो गए। सुरेंद्र श्रीवास के मुंह और सिर पर चोट आई। एसपी पुनीत गहलोद के अनुसार पूरे मामले की जांच जारी है और उपद्रव में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### 8 साल के मासूम ...

अनुसार, हादसा सोमवार सुबह करीब 7 बजे निरंजनपुर बस्ती में हुआ। 8 साल का कार्तिक पिता बनवारी भांड घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान ये हादसा हुआ। सूचना मिलने पर एफआरवी मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया।

## पेज एक का शेष...

### कूनो नेशनल पार्क ...

सोशल मीडिया पर खुद यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा कि कूनो नेशनल पार्क से फिर खुशखबरी मिली है। चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म दिया है, जो प्रोजेक्ट चीता के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही भारत में चीतों की संख्या अर्धशतक के आंकड़े को पार करते हुए 53 तक पहुंच गई है। तीन चीते गांधी सागर अभयारण्य में मौजूद हैं। ज्वाला पहले भी कूनो नेशनल पार्क में दो बार शावकों को जन्म दे चुकी है।

### अब तक 6 ...

है। जिनमें 3 शावक 24 महीने और 5 शावक एक महीने के हो गए हैं। अफ्रीका से लाई गई मादा चीता वीरा ने 13 महीने पहले एक शावक तथा निर्वा ने 27 अप्रैल 2025 को 3 शावकों को जन्म दिया है। निर्वा के तीनो शावक अब 11 महीने के हो गए हैं। जबकि भारत में जन्मी मादा चीता मुखी ने 5 शावकों को जन्म दिया है, ये पांचों शावक अब 4 माह के हो गए हैं।

### 115 डॉलर के...

के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है।

### भारत में सेंसेक्स...

अंक यानी 3.16 फीसदी का गोता लगाकर 76,424.55 अंक पर आ गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 422.40 अंक यानी 1.73 फीसदी टूटकर 24,028.05 अंक पर बंद हुआ।

### कई कमर्शियल ...

हैं उनको भारतीय दूतावास से संपर्क में रहने को कहा गया है। स्थिति को देखते हुए हमने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय लोगों के लिए कई एडवाइजरी जारी की थी। ईरान में रहने वाले सभी लोगों को तुरंत वहां से निकलने की सलाह दी गई थी। खाड़ी देश में सभी दूतावास लगातार एक्टिव हैं। हमारे राजनयिक तेहरान, यूएई, दुबई, बहरीन से भारतीय लोगों को निकालने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। हमने कई कमर्शियल फ्लाइट संचालित की हैं ताकि भारतीय लोगों को वापस लाया जाए। 67 हजार भारतीय वापस लौट चुके हैं। पूरी कोशिश की जा रही है जो भी खाड़ी देश में फंसे हुए हैं उनको लाने की पूरी कोशिश चल रही है।

### भाजपा ने राज्यसभा ....

नियुक्त किया गया है। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी को हरियाणा के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ओडिशा में चुनावों की निगरानी करेंगे। दस राज्यों में फैली 37 सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक रूप से होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए मतदान 16 मार्च को होगा और वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे निर्धारित है। उम्मीदवार 9 मार्च तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। जिन राज्यों में उम्मीदवारों की संख्या सीटों की संख्या के बराबर होगी, वहां नामांकित व्यक्तियों को निर्विरोध निर्वाचित मान लिया जाएगा। बिहार में पांच सीटों पर चुनाव होंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन क्रमशः जनता दल (यू) और भाजपा के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं।

### नहर में डूबे ...

का बेटा आर्यन मिश्रा (15) और सूर्यवली विश्वकर्मा का बेटा आयुष विश्वकर्मा (13) रविवार दोपहर करीब 2 बजे गांव के पास नहर किनारे मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। खेल खत्म होने के बाद दोनों नहाने के लिए पुरवा नहर में उतर गए। नहाते समय अचानक दोनों गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते डूबने लगे। रामपुर बाघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद सतना से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। सोमवार सुबह एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने फिर से अभियान शुरू किया और चोरमारी से सागौनी बाईपास तक नहर में सघन तलाशी ली। हालांकि, सोमवार देर शाम तक भी दोनों बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल पाया था और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### आरोपी बोला- मां,...

राहुल बंजारा ने अपनी मां अनिताबाई उर्फ सुलीबाई के सिर में ईंट मार दी है। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल हरसूद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हरसूद थाने में हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। हरसूद टीआई राजकुमार राठौर के मुताबिक आरोपी राहुल ने लोगों के सामने बताया कि उसकी मां शराब पीती थी और उसके अपाहिज पिता का ध्यान नहीं रखती थी। घर में खाना भी नहीं देती थी। इसी बात से गुस्से में आकर उसने घर में पड़ी ईंट से मां के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### 70 एकड़ में ...

गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुचे। हालांकि करीब आधा घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक किसानों ने देशी जुगाड़ करके आग पर कुछ हद तक नियंत्रण पा लिया था। इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक आरके दोगने, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साई भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों के साथ नुकसानी क्षेत्र का निरीक्षण किया। दोनों नेताओं ने जल्द प्रशासन से प्रभावित किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराए जाने की मांग की। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साई ने बताया कि खिरकिया में केवल एक फायर ब्रिगेड है वो भी खराब थी। उनका कहना है कि जब कलेक्टर से बात की तब सिराली और हरदा से फायर ब्रिगेड भेजी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि तत्काल किसानों की फसल नुकसानी का सही आकलन कर 60 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से राहत राशि दे और बीमा क्लेम भी तत्काल दिया जाए। विधायक डॉ. दोगने ने जिला प्रशासन से कहा कि फायर ब्रिगेड तथा ग्राम पंचायतों को विधायक निधि से उपलब्ध कराए गए फायर फाइटर टैंकरों को पूरी तरह सक्रिय और तैयार स्थिति में रखा जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके और बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### आठ घंटे परेशान...

हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया। जेडीए के अध्यक्ष डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में जूनियर डॉक्टरों की सभी लंबित मांगों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई है। उपमुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद 16 मार्च तक लिए हड़ताल को टाल दिया गया है।

### 20 से ज्यादा ....

संभालते हैं। हड़ताल के कारण मरीज को सुबह से ही इलाज के लिए इधर से उधर भटकते रहे। एक दिन की हड़ताल से व्यवस्थाएं बुरी तरह से प्रभावित होने के साथ 20 से ज्यादा मरीजों की सर्जरी हड़ताल के कारण टल गई।

### अप्रैल 2025 से ....

इससे डॉक्टरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जूडा के नेतृत्व में सोमवार को आठ हजार से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर, सीनियर रेजिडेंट और इंटर्न हड़ताल में शामिल रहे।

## गुरुग्राम में बड़ा हादसाः सोसाइटी में मिट्टी धंसने से 7 मजदूरों की मौत, कई घायल

**गुरुग्राम।** हरियाणा में गुरुग्राम जिले के बिलासपुर थाना क्षेत्र के सिधरावली में हाईवे किनारे सिग्नेचर ग्लोबल सोसायटी की निर्माणाधीन साइट पर सोमवार शाम बड़ा हादसा हो गया। सोसायटी के पिछले हिस्से में बेसमेंट खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी ढहने से सात श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि चार से पांच श्रमिक घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज भिवाड़ी के जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार, सिधरावली में गुरुग्राम सीमा पर ओल्ड राव होटल के पास सिग्नेचर ग्लोबल सोसायटी है। बताया जाता है कि सोसायटी के पिछले हिस्से में कई दिनों से बेसमेंट खुदाई का काम चल रहा था। इसमें 25 से ज्यादा श्रमिक लगे हुए थे। तभी अचानक भर-भराकर पड़ोस की मिट्टी की दीवार ढह गई। इसमें 15 से ज्यादा श्रमिक दब गए।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमातिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नेहरू नगर भोपाल, में स्थित भवन क्रमांक सीनियर एम.आई.जी./ई.एम-363 (1) श्रीमती नीलम पांडे पत्नी श्री विक्रम पांडे (2) श्री विक्रम पांडे आत्मज स्व. श्री डी.पी.पांडे के नाम पर आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 24/04/2012 को पंजीकृत है। (1) श्रीमती नीलम पांडे पत्नी श्री विक्रम पांडे (2) श्री विक्रम पांडे आत्मज स्व. श्री डी.पी. पांडे द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) कुमारी आस्था वर्मा पुत्री श्री मनोज वर्मा (2) श्रीमती अर्चना वर्मा पत्नी श्री मनोज वर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 26.02.2026 को पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) कुमारी आस्था वर्मा पुत्री श्री मनोज वर्मा (2) श्रीमती अर्चना वर्मा पत्नी श्री मनोज वर्मा के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमातिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक 317/बी मण्डल द्वारा (1) श्री नियामत उल्लाह खान आत्मज श्री इनाम उल्लाह खान (2) श्रीमती जुबेदा खान पत्नी श्री नियामत उल्लाह खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/09/2023 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 08/05/2023 को पंजीकृत है। (1) श्री नियामत उल्लाह खान आत्मज श्री इनाम उल्लाह खान (2) श्रीमती जुबेदा खान पत्नी श्री नियामत उल्लाह खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती फरहा हसन पत्नी श्री हैदर रजा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती फरहा हसन पत्नी श्री हैदर रजा के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**जाहिर-सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्री ललिता बाथम पत्नी हरिनारायण बाथम आयु वस्यक, निवासी मकान नम्बर 313 चुनाभट्टी कोलार रोड तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र. भूमि स्वामी समनापुरखुर्द के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की तीन किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 147/1/1 रकबा 1.1130 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 147/2/1 रकबा 0.5460 हेक्टेयर खसरा क्रमांक 147/2/2 रकबा 0.0610 हेक्टेयर कुल रकबा 1.72 अर्थात 4.25 एकड भूमि जो कि ग्राम समनापुरखर्द पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक नादोर हल्का नम्बर 02 राजस्व निरीक्षक मण्डल मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन को क्रय करने हेतु टोकन/बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी बैंक ,सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन–देन या वाद विवाद या हिवा, दान, गिरवी, वसीयत, विक्रय अनुबंध, विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष मे कराने के लिये स्वंतत्र होगे।

भवदीय **रोहित यादव** (एडवोकेट)
कार्या.:-56,सी.आई. एन्क्लेव चूनाभट्टी कोलार रोड भोपाल
मो. 9993020804

**बैंक आफ महाराष्ट्र**
(भारत सरकार का उद्यम)
www bankofmaharashtra in

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था।
ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी.टी. नगर शाखा, भोपाल** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| ऋणी :1) **मैसर्स राज केक्स एंड प्रोटीन्स प्रोपराइटर - श्री राज कुमार गुरनानी** **पता 1:-** दुकान नंबर 5, सागर लैंडमार्क अयोध्या बायपास, भोपाल, म.प्र.-462026 **पता 2:-** फ्लैट नंबर 302, टाइप ए1 ब्लॉक ए, सागर लैंडमार्क अयोध्या नगर, भोपाल -462041 **सहऋणी:** 1) **श्रीमती सोन्या गुरनानी** 2) **श्रीमान हर्ष गुरनानी** **दोनों का पता:** फ्लैट नंबर 302, टाइप ए1 ब्लॉक ए, सागर लैंडमार्क अयोध्या नगर, भोपाल -462041 | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित आवासीय फ्लैट नं. एचआईजी-302 (तीसरी मंजिल) निर्मित क्षेत्रफल 70 वर्गमीटर (सत्तर वर्ग मीटर) अर्थात 753.00 वर्गफुट, खसरा नंबर 91/2, 112/,1/2, 113/2,114/2,116/2, 124/2/1,125ख, 124/2/3, 125ख का भाग, कुल भूमि क्षेत्रफल 3.91 एकड़, पीएच नंबर 21, वार्ड नंबर 74, ग्राम-दामखेड़ा, बायपास रोड, भोपाल, यह इकाई बहुमंजिला इमारत 'सागर लैंडमार्क' ब्लॉक -1, टाइप ए का भाग है, जो ग्राम दामखेड़ा, भोपाल में स्थित, चर्तुसीमाएं: पूर्वः कॉरिडोर एवं टाइप फ्लैट नंबर 307 टाईप ए-1, पश्चिमः खुला, उत्तरः सीढ़ियाँ एवं टाइप फ्लैट नंबर 303 टाईप ए-1, दक्षिणः फ्लैट नंबर 301 टाइप ए-1, संपत्ति मालिक- श्री राज कुमार गुरनानी, श्रीमती सोन्या गुरनानी एवं श्री हर्ष गुरनानी **Cersai Asset ID -200087716765** | ₹ **96,86,351.68/-** + दिनांक 29.12.2025 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च; मांग सूचना दिनांक 29/12/2025; कब्जा दिनांक 07/03/2026 |

दिनांक : 10.03.2026
स्थानः भोपाल

(संजीव सज्जन)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



**हरिभूमि** समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

**फार्म हाउस उपलब्ध है**
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
**अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस**
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर



सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
आफिसः आदित्य कन्स्ट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग**
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

- **मेष** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **वृष** – आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।
- **मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।
- **सिंह** – व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।
- **कन्या** – सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।
- **तुला** – भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।
- **वृश्चिक** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **धनु** – भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।
- **मकर** – किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।
- **कुंभ** – मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।
- **मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6160



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 6159 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 6170

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6169 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम पावर ने शुरू की हाई कैपेसिटी ट्रांसफॉर्मर यूनिट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड ने चेन्नई के निकट तमिलनाडु के तिरुवल्लुर जिले के कन्नूर गांव में अपनी नई विनिर्माण इकाई में सफलतापूर्वक वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने की घोषणा की। भारत के अग्रणी पावर एवं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर निर्माताओं में शामिल कंपनी के लिए यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नई अत्याधुनिक सुविधा 200 एमवीएऔर 220 के.वी तक के पावर ट्रांसफॉर्मर के निर्माण के लिए स्थापित की गई है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6,000-6,500 एमवीए है।

### डिजिटल उपभोक्ता व्यवहार में महिलाएं आगे

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया वित्त के क्षेत्र में भारतीय महिलाओं के देश की ‘मौन डिजिटल लीडर्स’ के रूप में उभरने का उत्सव मना रही है। 'हाउ इंडिया बरोज स्टडी 2025' और 'द ग्रेट इंडियन वॉलेट' के निष्कर्ष कई ऐसे रुझानों को दर्शाते हैं जो बताते हैं कि महिलाएँ ऑनलाइन कॉमर्स को बढ़ावा देकर, वित्तीय शिक्षा को प्राथमिकता देकर और विवेक एवं उद्देश्य के साथ उत्तरदायी क्रेडिट अपनाने के तरीकों को नया आकार देकर भारत के डिजिटल क्रेडिट विकास का सूक्ष्मता से नेतृत्व कर रही हैं।

### मेकमायट्रिप ने ‘मायरा’ से मिले रुझान किए साझा

**गुरुग्राम।** मेकमायट्रिप ने जेन-एआई आधारित ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट ‘मायरा’ से मिले कुछ शुरुआती रुझान साझा किए हैं। भारतीय यात्री अब वॉइस के माध्यम से किस तरह से इंटरैक्ट करना शुरू कर रहे हैं और इसमें एक नया व्यवहारिक रुझान उभर रहा है। मायरा का यूजर बेस अभी बढ़ रहा है और इस पर रोजाना 50 हजार से अधिक बातचीत हो रही है, लेकिन वॉइस सर्च लोगों को अपनी बात ज्यादा खुलकर, संदर्भ के साथ और अपनी पसंदीदा भाषा में रखने का मौका दे रहा है।

### पारितंत्र को मजबूत करने में उद्यमिता शिक्षा की भूमिका

**अहमदाबाद।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद ने भारत के उद्यमिता पारितंत्र को आकार देने और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान को उद्यमिता शिक्षा, प्रशिक्षण, कौशल विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की वृद्धि, स्टार्टअप, नवाचार और संस्थान निर्माण के क्षेत्र में 40 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इसे भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा कौशल पारितंत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा बना घरेलू बाजार में ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जुटाने वाला भारत का पहला बैंक, निवेशकों में मांग

**बैंक ने 7.10 फीसदी प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर 10 हजार करोड़ रुपए जुटाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶मुंबई

बैंक ऑफ बड़ौदा ने घोषणा की कि बैंक ने सीरीज I लॉन्ग-टर्म ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी करते हुए सफलतापूर्वक 10 हजार करोड़ रुपए जुटाए हैं। इससे बैंक घरेलू ग्रीन बॉन्ड जारी करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया है। इस इश्यू के लिए निवेशकों की भारी मांग देखी गई, जिससे 5,000 करोड़ के बेस इश्यू को साइज से तीन गुना अधिक 16,415 करोड़ रुपए की बोली प्राप्त हुई। सात साल के बॉन्ड को एनएसई के ईबीपी पर 5000 करोड़ रुपए के बेस इश्यू और 5000 करोड़ रुपए के ग्रीन शू ऑप्शन के साथ लिस्ट किया गया था। बाजार की मौजूदा अस्थिरता के बावजूद, बैंक ने 7.10 फीसदी का प्रतिस्पर्धी कट-ऑफ कूपन हासिल किया, जो बैंक पर निवेशकों के सुदृढ़ विश्वास को दर्शाता है।



**बैंक ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी करना एक उपलब्धि है: डॉ. देबदत्त**

**स्वच्छ, हरित और बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा**

**बैंक ने 7.10 फीसदी का प्रतिस्पर्धी कट-ऑफ कूपन हासिल किया**

बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डॉ. देबदत्त चांद ने कहाकि बैंक ऑफ बड़ौदा के लिए ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भारत के घरेलू ईएसजी बॉन्ड बाजार के लिए एक निर्णायक क्षण है। इस तरह की मजबूत मांग और आकर्षक मूल्य निर्धारण के साथ 10 हजार करोड़ रुपए जुटाना निवेशकों के बैंक के प्रति गहरे विश्वास दर्शाता है और हमारी व्यापक ईएसजी यात्रा के हिस्से के रूप में ग्रीन और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये निधि भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगी, जिससे स्वच्छ, हरित और बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

### बीओआई का मेगा समझौता अभियान 16 मार्च से

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया का पांच दिवसीय मेगा समझौता अभियान 16 मार्च से शुरू होगा, जो से 20 मार्च 2026 तक चलेगा। इस अभियान के तहत मध्यप्रदेश सहित देशभर में स्थित अपनी सभी शाखाओं, जोनों और एफजीएमओ में एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान किया जाएगा। यह समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए बनाया गया है जो व्यवसायिक संकट, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या किसी अन्य वास्तविक कारण से समय पर ऋण चुकाने में असमर्थ रहे हैं। हमारे बैंक के पास छोटे और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से एनपीए खाता धारक उधारकर्ताओं को विशेष और आकर्षक छूट प्रदान की जाती हैं।

## युद्ध की आड़ में सक्रिय हुए मुनाफाखोर

# मुनाफाखोर अनावश्यक रूप से कीमतों में कर रहे हैं वृद्धि, आम उपभोक्ताओं की जेब पर असर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

वर्तमान में मध्य पूर्व (ईरान-इजराइल संघर्ष) में जारी तनाव और अन्य वैश्विक संघर्षों की आड़ में आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का हवाला देकर मुनाफाखोर अनावश्यक रूप से कीमतों में वृद्धि कर रहे हैं और मुनाफाखोरी करने सक्रिय हो गए है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक नुकसान होगा, जिससे महंगाई दर बढ़ सकती है और आर्थिक सुधार की प्रक्रिया धीमी पड़ सकती है।

जारी ईरान-इजराइल के बीच युद्ध से कच्चे तेल में भारी वृद्धि दर्ज हो गई है। इसके साथ खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। जिसका असर मध्यप्रदेश, भारत सहित दुनिया भर में आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है। ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, क्योंकि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास शिपिंग में बाधा और जोखिम बढ़ गया है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 115 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है।

**ब्रेंट क्रूड ऑयल 115 डालर प्रति बैरल के पार**

**आयातित वस्तुओं के दाम में वृद्धि**

भारत में ईरान और अन्य मध्य पूर्वी देशों से आने वाले ड्राई फ्रूट्स, सेंधा नमक, और रसायनों की आपूर्ति बाधित होने से थोक बाजारों में कीमतों में 20 से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

**व्यापार और रसद में बाधा**

भू-राजनीतिक तनाव के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है, जिससे पैकेज्ड सामान, खाद्य तेल और परिवहन महंगा हो रहा है।

### युद्ध के चलते खाड़ी देशों के प्रोडक्शन में कटौती, मचा कोहराम

**नई दिल्ली।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सप्लाई बंद होने और यूएई और कुवैत के तेल प्रोडक्शन में कमी के चलते ब्रेंट क्रूड में कोहराम मचा है। कच्चे तेल में 20 फीसदी का जोरदार उछाल आया। ब्रेंट 115 के पार निकला। क्रूड का भाव करीब साढे तीन साल की ऊंचाई पर पहुंचा। 7 दिन में भाव 56 फीसदी उछला। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने क्रूड कीमतों में तेजी को जायज ठहराते हुए कहा कि ईरान युद्ध के लिहाज से ये बहुत छोटी कीमत है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 22 फीसदी बढ़कर 115 डालर प्रति बैरल के पास ट्रेड कर रहा है, जबकि यूएस क्रूड या वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट भी 27 फीसदी बढ़कर 115.2 डालर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। यूएस क्रूड फ्यूचर्स पिछले हफ्ते 35 फीसदी बढ़कर 1983 में इस कॉन्ट्रैक्ट पर ट्रेडिंग शुरू होने के बाद से एक दिन में सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई थी। पिछले हफ्ते ब्रेंट की कीमतें भी 28 फीसदी बढ़ी थीं, जो अप्रैल 2020 के बाद सबसे ज्यादा थी। ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज कार्टेल में पांचवां सबसे बड़ा प्रोड्यूसर कुवैत ने ‘होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों के गुजरने पर ईरानी धमकियों के कारण एहतियात के तौर पर प्रोडक्शन में कटौती की घोषणा की थी। हालांकि सरकारी प्रोड्यूसर कुवैत पेट्रोलियम ने कटौती के साइज के बारे में डिटेल में नहीं बताया, जिसने अपने क्लाइंट्स के लिए फोर्स मेज्योर घोषित किया है।

## मानसरोवर यूनि. में 'अभ्युदय भारत 2026' का आयोजन

# स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति बना वंदे मातरम आज भी राष्ट्रीय एकता का सूत्रधारः चेतस

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा मानसरोवर मेडिकल कॉलेज, बिलकिसगंज, गादिया में राष्ट्रभक्ति को समर्पित 'अभ्युदय भारत 2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष संगोष्ठी का मुख्य विषय राष्ट्रभक्ति का अमर गीतः वंदे मातरम रहा, जिसमें वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व और युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखर वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (मध्यक्षेत्र) चेतस सुखाड़िया, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर इंजी. गौरव तिवारी, प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलपति डॉ. एएस यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद प्रो-चांसलर इंजी. गौरव तिवारी ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसे समर्थ भारत का निर्माण करना है जहाँ का युवा अवसरों की तलाश में विदेश की ओर देखने की बजाय अपनी समृद्ध संस्कृति और ज्ञान के प्रकाश को पूरी दुनिया में फैलाए। हमें भारत को पुनः उस शिखर पर ले जाना है जहां विश्व के लोग भारतीय वीजा पाने को अपना सौभाग्य समझें।



### भारत की चेतना, अस्मिता और संकल्प का जीवंत प्रतीक : सुखाड़िया

सुखाड़िया ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं बल्कि भारत की चेतना, अस्मिता और संकल्प का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि वन्दे मातरम गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वह शक्ति बना जिसने क्रांतिकारियों को देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि वंदे मातरम का उद्घोष हमारी राष्ट्रीय एकता की गूंज है। यह इस दौरान 'अभ्युदय भारत 2026' की थीम पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई चित्रकला और गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें गायन प्रतियोगिता में शर्मिष्ठा पॉल, पलक गीते और गायत्री जवालगे (तृतीय) स्थान पर रहे। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्राजक्ता राणे, तन्वी वाद्रते और मुस्कान सिंह साकेत स्थान पर रहे। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, मानसरोवर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद अठावले, प्राचार्य डॉ. श्रीकांत पटेल, रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी सहित सभी संकाय के डीन, प्राचार्य, फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।

### टाटा पावर के सहयोग से सीईए ने किया फ्रंटलाइन कार्यबल को सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में ‘लाइनमैन दिवस’ का छठा संस्करण मनाया गया। लाइनमैन दिवस मनाने का उद्देश्य लाइनमैनों और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक समर्पण और अमूल्य सेवाओं को मान्यता देना है, जिनका योगदान देशभर में बिजली सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



इस कार्यक्रम में भारत के विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने शिरकत की। विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने मुख्य भाषण दिया और सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और सीईए के सदस्यों के साथ बिजली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और गणमान्य हितधारक भी उपस्थित रहे। पूरे भारत की 66 से अधिक सरकारी और निजी बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के लगभग 250 लाइनमैनों और पर्यवेक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**भारतीयों के लिए नए समाधान लाने की कोशिश**

# वाहन बीमा अब अमेजन-पे पर, भारत के 28 करोड़ वाहन मालिकों को फायदा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

अमेजन-पे ने अपने वाहन बीमा पोर्टफोलियो का विस्तार करने की घोषणा की है। अब कार और दोपहिया वाहन मालिकों को कम कीमतों पर बीमा योजनाएं उपलब्ध कराने के लिए कंपनी ने एचडीएफसी एर्गो, एको और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के साथ साझेदारी की है, जिससे पूरे देश में निर्बाध कवरेज सुनिश्चित होगी। इसके जरिए ग्राहक सीधे अमेजन पे पर अपने वाहन के लिए सही प्लान चुनकर बहुत ही आसान तरीके से बीमा सुरक्षित कर सकेंगे।




अमेज़न पे इंडिया के सीईओ, विकास बंसल ने कहाकि अमेजन-पे हर भारतीय के लिए नए समाधान लाने की कोशिश करता है, ताकि उनकी पेमेंट और वित्तीय ज़रूरतों को पूरा कर उनके जीवन को सरल बनाया जा सके और उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। हमारे वाहन बीमा पोर्टफोलियो का यह विस्तार उसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चूंकि, भारत में रजिस्टर्ड 70 फीसदी से अधिक दोपहिया वाहनों का बीमा नहीं है, इसलिए हमारा ध्यान टियर-2 और टियर-3 शहरों में बीमा की पहुंच को गहराई तक ले जाने पर है, जहां अब तक इसकी सुविधा सीमित थी। देश की सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी करके और एक व्यापक 'कैशलेस गैराज नेटवर्क' उपलब्ध कराकर, हम सिर्फ एक सेवा नहीं दे रहे हैं बल्कि हम लाखों सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक जरूरी सुरक्षा कवच प्रदान कर रहे हैं और एक अधिक वित्तीय रूप से सुरक्षित समाज बनाने में मदद कर रहे हैं। देशभर में मौजूद 25 करोड़ से अधिक दोपहिया और लगभग 3 करोड़ कार मालिक अब अमेजन ऐप के माध्यम से कुछ ही मिनटों में किफायती कीमतों पर वाहन बीमा ले सकेंगे।

### केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. की महिला शक्ति ने बांटी किताबें, बैग और पढ़ाई का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

महिला दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी संवेदनाओं और जिम्मेदारी को जीने का अवसर है। इसी भावना के साथ केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन भोपाल की महिला अधिकारियों ने गरीब बस्ती के उन नन्हे बच्चों तक पहुंचकर उन्हें किताबें, बैग और पढ़ाई का सामान प्रदान किया। जिनके सपने अक्सर आर्थिक अभाव के कारण अधूरे रह जाते हैं। एसोसिएशन ने इस सेवा भाव के अंतर्गत दो प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए। राजधानी के बाणगंगा में यहां बस्ती के गरीब बच्चों और शासकीय स्कूल शाहपुरा के बच्चों को बैग्स और



बॉटल वितरित किए। यह प्रेरणादायी पहल केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव के. रवि कुमार के दूरदर्शी विजन का परिणाम है, जिनका मानना है कि ऐसे विशेष अवसर केवल औपचारिकता तक सीमित न रहकर समाज के लिए सकारात्मक और प्रेरणादायी कार्य करने का माध्यम बनें। इसके अलावा केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट केके त्रिपाठी ने कहाकि समाज के वंचित बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्चा उत्सव है।

## बिजनेस न्यूज

### आरकेडीएफ विवि में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम



**भोपाल।** महिलाओं के उत्थान का वास्तविक अर्थ उन्हें एक मनुष्य के रूप में स्वीकार करना और उनकी अस्मिता तथा अधिकारों को समान रूप से मान्यता देना है। यह विचार सुविख्यात कथाकार एवं आलोचक प्रो. रेखा कस्तवार ने आरकेडीएफ विश्वविद्यालय एवं मीडियाटिक कम्युनिकेशंस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए। मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ.साधना कपूर और कुलगुरु विजय अग्रवाल इस अवसर पर विशेष तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. साधना कपूर ने कहा कि समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को प्रमुखता से सामने लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की भूमिका शिक्षा, शोध, प्रशासन और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर सशक्त होती जा रही है। परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गायिका सुहासिनी जोशी एवं नितिन नंदेश्वर द्वारा स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी तथा किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों की सुगम संगीत प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने सराहा।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में महिला दिवस मनाया



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा किया गया। महिला दिवस की मुख्य थीम ' देकर पाएं रखी गई, जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक समर्थन और सहयोग पर जोर देती है। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना से हुआ। प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाएं इस सृष्टि की सृजनकर्ता है तथा उनके बिना समाज के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) सुषमा शर्मा (एनएलआईयू,), ईशा कालिया (सीईओ एंड फाउंडर, विज्ञ इनकोरपोरेशन) एवं प्रो. (डॉ.) नलिनी मिश्रा ( डीन, एल एन मेडिकल कॉलेज एवं जे के सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल) थीं। प्रो. (डॉ.) सुषमा शर्मा ने महिलाओं के विभिन्न अधिकारों एवं संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा की। तत्पश्चात ईशा कालिया ने महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय स्वायत्तता के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। प्रो. (डॉ.) नलिनी मिश्रा ने महिलाओं की चिकित्सीय समस्याओं एवं उस दौरान उनकी देखरेख के सम्बन्ध में सभी का ज्ञानवर्धन किया। पूनम चौकसे (वाइस-चेयरपर्सन, एलएनसीटी ग्रुप) ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि जहां नारी मुस्कुराती है, वहां खुशियों का संसार बस जाता है, नारी का सम्मान, समाज की असली पहचान है। कार्यक्रम के दौरान जय नारायण चौकसे (चांसलर, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी), डॉ. श्वेता चौकसे, प्रो. (डॉ.) एन. के. थापक, डॉ. अजीत सोनी, डॉ. एके. सिंघई एवं प्रो. आरके चौरसिया उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. योगिनी उपाध्याय, सौम्या दुबे एवं रजत ऊमरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता पर डॉ.अनुपम चौकसे, धर्मेन्द्र गुप्ता सहित सभी ने बधाईयां दी।

### टेक्नोक्रेट्स इंस्टिट्यूट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन



**भोपाल।** टेक्नोक्रेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ कॉमर्स एंड साइंसेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत को उत्प्रेरित करना रहा। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रेजेंटेशन, पीपीटी प्रेजेंटेशन तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने वैज्ञानिक विचारों और नवाचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों के विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रवीण तामोट, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, जूलॉजी विभाग, एम.एल.बी. कॉलेज, भोपाल, डॉ. आर. के. गर्ग, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बायोसाइंसेज विभाग, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, डॉ. तन्मय व्यास, पोस्ट डॉक्टोरल एसोसिएट, सीएसआईआर-एएमपीआरआई, भोपाल तथा डॉ. किरण पांडे, प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान तथा विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान एवं तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान की प्राचार्य डॉ. कल्पना टेवरे ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### बीमा समाधार में महिलाओं की भूमिका बेहतर : राकेश

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने कहा कि बीमा समाधान ऐसे होने चाहिए जो महिलाओं की बदलती भूमिकाओं को बेहतर ढंग से दर्शाएं। आज महिलाएं उद्यमी, पेशेवर और वित्तीय निर्णय लेने वाले व्यक्ति के रूप में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा योजनाएं महिलाओं की वास्तविक जीवन यात्रा और उनकी बढ़ती आर्थिक भागीदारी के अनुरूप तैयार की जानी चाहिए। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस के सीईओ,राकेश जैन ने कहाकि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि आज महिलाएं केवल भारत की विकास यात्रा में भागीदार नहीं हैं, बल्कि उद्यमी, पेशेवर और परिवारों में वित्तीय निर्णय लेने वाले व्यक्ति के रूप में उसकी प्रमुख निर्माताओं में भी शामिल हैं।

## अलग-अलग शिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम

# एयरटेल फाउंडेशन और सीके-12 फाउंडेशन ने व्यापक एआई पहल की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारती एयरटेल फाउंडेशन ने वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था सीके-12 फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है, ताकि सभी शिक्षकों के लिए 45 से अधिक एआई-सक्षम शिक्षण टूल को द टीचर ऐप में एकीकृत किया जा सके।

द टीचर एप एक आजीवन निःशुल्क डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उपयोग वर्तमान में देशभर में 2 लाख से अधिक शिक्षक कर रहे हैं। वास्तविक कक्षा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया



एआई-सक्षम द टीचर ऐप रोजमर्रा के शिक्षण कार्य में शिक्षकों की सहायता करेगा।

यह शिक्षकों को समय बचाने, पढ़ाने की गुणवत्ता बेहतर करने और अलग-अलग शिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएगा। ये टूल सुरक्षित, परिस्थितिजन्य संदर्भ के लिए तैयार किए गए हैं और भारत की विकसित होती शिक्षा परिदृश्य के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। इस अवसर पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहाकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने हमें शिक्षा परिवर्तन के लिए एक स्पष्ट दिशा दी है और हमारा ध्यान हर कदम पर शिक्षकों को सहयोग देने पर केंद्रित है। शिक्षकों को ऐसे गुणवत्तापूर्ण संसाधनों की आवश्यकता है जो प्रत्येक कक्षा स्तर पर प्रत्येक विद्यार्थी की विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। आज एआई अब विलासिता नहीं रहा, यह एक आवश्यकता है।


**pnb Housing Finance Limited** Ghar Ki Baat

**परिशिष्ट - IV-A - अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी-बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित।

पंजीकृत कार्यालय:- नौवीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन:- 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट:- www.pnbhousing.com

**शा.कार्या.भोपाल: दूसरी मंजिल, 131/8, मेन रोड, जोन 2, एमपी नगर, झूमरवाला के पास, भोपाल- 462011, मध्य प्रदेश**

आम जनता और विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में उल्लिखित ऋणधारक ओ। और जमानतदार (ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां), जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा। जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है। मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को ''जैसा है, जहां है, जो है और जो कुछ भी उपलब्ध है के आधार पर'' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले/उनके कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, और संबंधित ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले (मृतक) के उत्तराधिकारियों को, जैसा कि सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है (दिनांक के अनुसार संशोधित), एतद्द्वारा सूचित किया जाता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| ऋण खाता संख्या ऋणधारक/सह-ऋणधारक का नाम जमानतदार/कानूनी प्रतिनिधि (ए) | मांगी गई राशि राशि और तिथि (बी) | कब्जे का स्वरूप (सी) | गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | बोली प्रस्तुति की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि दर (एच) | निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | ज्ञात भार/ न्यायालयीन प्रकरण यदि कोई हो (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HOU/BH0/0517/383357 अमित अरोड़ा / रीता अरोड़ा शाखा कार्यालय : भोपाल | रु. 25,63,714.78 और 15-01-2025 | भौतिक कब्जा | वार्ड संख्या 23, स्वर्णकार कॉलोनी, विदिशा, मध्य प्रदेश-464001, भारत | रुपये 22,32,000 | रु. 2,23,200 | 24/03/2026 | रु. 10,000 | 11-03-2026, दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक | 25-03-2026, दोपहर 2 बजे से शाम 3:00 बजे | ज्ञात नहीं |

*लागू होने पर 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, भुगतान और/या प्राप्ति की तिथि तक हुए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, कॉलम संख्या-के में उल्लिखित जानकारी के अलावा, उपर्युक्त अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है। ऐसे अन्य भारों का भुगतान सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लिखित भारों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। (1.) आज की तारीख तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री, हस्तांतरण और/या निपटान से रोकने और/या अदालत द्वारा निषेधाज्ञा जारी करने का कोई आदेश नहीं है और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लिखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में दिए गए कथनों का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, तो कॉलम संख्या-K में उल्लिखित। इसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध संबंधित दस्तावेजों के स्वामित्व का विवरण शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले बोलीदाता को सभी पहलुओं से संतुष्ट होना होगा। बोलीदाता को बोली पत्र के साथ इस नीलामी के नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीददार विक्रय मूल्य की 25% राशि (बयाना राशि सहित) उसी दिन या अगले कार्य दिवस तक जमा करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। सुरक्षित ऋणदाता द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार विक्रय मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता/बोलीदाताओं) के पक्ष में विक्रय की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% विक्रय राशि क्रेता द्वारा विक्रय पुष्टिकरण पत्र की पावती तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी और ऐसी जमा राशि जमा न करने की स्थिति में, अधिकृत अधिकारी विक्रय पुष्टिकरण पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति तिथि से 15 दिनों के भीतर विक्रय राशि के आंशिक भुगतान को जब्त कर लेगा और संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पुनर्विक्रय किया जाएगा। (4.) मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अधिकृत अधिकारी को ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय आयोजित करने में सहायता करेगी, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुरुग्राम, हरियाणा 122003 में स्थित है। वेबसाइट - www.bankeauctions.com निरीक्षण संबंधी किसी भी सहायता के लिए। संपत्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त करने, बोली दस्तावेज प्राप्त करने, किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको विवेक लोढ़ा से संपर्क करना होगा। टोल फ्री नंबर - 1800 120 8800, ईमेल: auction@pnbhousing.com, जो PNBHFL के अधिकृत व्यक्ति हैं, या www.pnbhousing.com देखें।

स्थान: भोपाल, दिनांक: 10.03.2026

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## चिंतन

# चर्चा के लिए लाए गए अपने ही विषयों से न भागे विपक्ष

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी संसदीय परंपरा और बहस की संस्कृति रही है। संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि विचारों के टकराव, तर्क-वितर्क और जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा का स्थान है। ऐसे में यदि संसद के भीतर उठाए गए विषयों पर ही राजनीतिक दल चर्चा से कतराने लगें, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंता का विषय बन जाता है। हाल ही में लोकसभा स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जो स्थिति बनी, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या राजनीतिक दल अपने ही उठाए मुद्दों पर बहस के लिए तैयार हैं। ऐसा है तो फिर वे चर्चा से क्यों भागते हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मुद्दा जब संसद की कार्यसूची में शामिल था, तब केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि जब प्रस्ताव लाया जाता है तो संसदीय नियमों के अनुसार उसके समर्थन में कम से कम 50 सांसदों का खड़ा होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि विपक्ष प्रस्ताव लाना चाहता है तो उस पर चर्चा की अनुमति दी जाएगी, तब विपक्ष को आगे आकर नियमों के अनुसार अपनी बात रखनी चाहिए थी। दरअसल, संसद में किसी भी प्रस्ताव, अविश्वास प्रस्ताव या स्थगन प्रस्ताव को लाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है। यदि इन प्रक्रियाओं को दरकिनार कर केवल राजनीतिक शोर-शराबा किया जाए तो संसद की उपयोगिता कम हो जाती है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं है, बल्कि वह सरकार की नीतियों पर तार्किक और तथ्यात्मक सवाल उठाए तथा बहस के माध्यम से जनता के मुद्दों को सामने लाए। इस पूरे प्रकरण में यह आरोप लगाया गया कि विपक्ष ने जिस मुद्दे को खुद उठाया, उसी पर चर्चा से बचने की कोशिश की और बीच में अन्य प्रस्ताव लाने का प्रयास किया। यदि यह सच है, तो यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। संसद में बहस से भागना न तो सरकार के लिए उचित है और न ही विपक्ष के लिए। लोकतंत्र में बहस ही वह माध्यम है जिसके जरिए जनता तक सच्चाई और तर्क दोनों पहुंचते हैं। संसद की कार्यवाही तय करने में बीएसी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही समिति विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए समय और प्रक्रिया निर्धारित करती है। यदि कोई विषय कार्यसूची में शामिल हो चुका है, तो उस पर चर्चा से पीछे हटना या व्यवधान पैदा करना संसदीय प्रक्रिया की गंभीरता को कम करता है। यह भी सच है कि भारतीय संसद में पिछले कुछ वर्षों में व्यवधानों की संख्या बढ़ी है। कई बार महत्वपूर्ण विधेयक और मुद्दे बिना पर्याप्त चर्चा के ही पारित या स्थगित हो जाते हैं। इससे लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता प्रभावित होती है। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन यह काम नारेबाजी या हंगामे से ज्यादा प्रभावी ढंग से बहस और तथ्यों के जरिए किया जा सकता है। वहीं सरकार की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। उसे विपक्ष की बात सुनने और उसे पर्याप्त समय देने की राजनीतिक उदारता दिखानी चाहिए। संसद तभी सार्थक बनती है जब वहां सत्ता और विपक्ष दोनों की आवाज सुनी जाए। यदि कोई पक्ष चर्चा से बचता है या दूसरा पक्ष चर्चा को टालता है, तो अंततः नुकसान लोकतंत्र का ही होता है। इसलिए आवश्यक है कि संसद को टकराव नहीं, बल्कि संवाद का मंच बनाया जाए।



# भारत में ऊर्जा संकट बढ़ा रहा युद्ध?

**ईरान-इजराइल-यूएस जंग**
प्रभात कुमार रॉय

इजराइल-अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर ईरान के विरुद्ध शुरू हुई भीषण जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। हालांकि भारत सरकार का दावा है कि भारत में फिलहाल तेल और गैस की कोई किल्लत नहीं है, लेकिन भारत का तकरीबन 40 प्रतिशत तेल आयात होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से ही हो रहा है। भारत के पास रिफाइनरी और कमर्शियल स्टोरेज में तकरीबन 10 करोड़ बैरल कच्चा तेल है। जो तकरीबन 35 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है। अमेरिका के टैरिफ दबाव के कारण भारत ने रूस से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा आधी से भी कम कर दी गई है। किंतु भारत-अमेरिकी व्यापार डील की रूस विरोधी शर्तों को यदि भारत ने स्वीकार किया है तो हम ऊर्जा संकट से कदाचित नहीं बच सकेंगे।

इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर 28 फरवरी को ईरान के विरुद्ध प्रारंभ की गई की भीषण जंग फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रही है। समस्त खाड़ी क्षेत्र पूर्ण रूप से इस विनाशकारी जंग की जद में आ चुका है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है और ऐलान किया है कि रूस और चीन के मालवाहक जहाजों के अतिरिक्त अगर किसी भी अन्य देश का जहाज यहां निकलने की कोशिश करेगा तो उस पर सैन्य आक्रमण अंजाम दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत का तकरीबन 40 प्रतिशत तेल आयात होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से ही होता रहा है। भारत अपनी आवश्यकता का तकरीबन 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। भारत सरकार का दावा है कि भारत में फिलहाल तेल और गैस की कोई किल्लत नहीं है। लेकिन होमुर्ज स्ट्रेट के आसपास चल रहे भयंकर युद्ध ने एकदम स्पष्ट कर दिया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा किसी तरह से एक संकरे होर्मुज स्ट्रेट पर निर्भर है। युद्ध के कारणवश भारत के लिए अत्यंत संकट पूर्ण घड़ी उपस्थित हो गई है, क्योंकि भारत के कुल आयातित कच्चे तेल का तकरीबन 40 प्रतिशत अर्थात प्रतिदिन 27 लाख बैरल कच्चा तेल होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से होकर आता है। भारत के लिए कच्चा तेल मुख्य रूप से इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत आदि गल्फ देशों से आयातित किया जाता है। दुर्भाग्य से यदि युद्ध लंबा खिंच जाता है तो भारत के लिए बड़ी भारी दुश्वारियां उत्पन्न हो जाएंगी ,क्योंकि तेल के दामों में प्रति बैरल दस डॉलर की बढ़ोतरी भी होती है तो उसका पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर थोप दिया जाता है। आने वाले संकट के दौर में भारत में महंगाई की दर और अधिक बढ़ सकती है। प्राकृतिक गैस - एलएनजी के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता मुल्क कतर ने ईरान के निरंतर ड्रोन आक्रमणों के बाद बेहद खराब परिस्थितियों का हवाला देते हुए प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोकने का फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 3 करोड़ टन लिक्वेफाइड नेचुरल गैस - एलएनजी की 40 फ़ीसदी आपूर्ति कतर से भारत के लिए की जाती रही है। एलएनजी आयात करने वाली कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने भी अपने ग्राहकों गेल इंडिया और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को आपूर्ति रुकने की सूचना दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप अनेक दफा यह ऐलान कर चुके हैं कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदा जा रहा है। इस तेल खरीद से यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में रूस को बेहद मदद मिल रही है। प्रेसिडेंट ट्रंप का भारत पर इल्जाम है कि रूस इस दौलत का इस्तेमाल करके यूक्रेन के विरुद्ध निरंतर जंग संचालित करता रहा है। भारत सरकार का कहना है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर रूस से तेल खरीदता रहा है और दुनिया के अन्य देश भी ऐसा ही करते रहे हैं। अमेरिका और भारत के मध्य रूस से तेल खरीदारी करने का सवाल एक बड़ा संगीन मुद्दा बन चुका है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आमद को निरंतर बनाए रखने की गरज से अमेरिका के वित्त मंत्री एस्कॉर्ट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि भारतीय रिफाइनरियों



को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की मुकम्मल छूट प्रदान कर दी गई है। अमेरिकन सरकार ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद कर दिया था। अतिरिक्त टैरिफ आयद करने के बाद भारत पर कुल 50 प्रतिशत अमेरिकन टैरिफ आयद कर दिया गया था, लेकिन अमेरिका से भारत की ट्रेड डील संपन्न हो जाने के पश्चात 50 फ़ीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फ़ीसदी कर दिया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमाया था कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदारी खत्म करने का वादा किया गया है। अतः इसीलिए भारत के साथ ट्रेड डील अंजाम दी जा रही है और भारत पर आयद किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि भारत सरकार ने कहा था कि देश के डेढ़ अरब नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों और सुरक्षा को अंजाम देना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। भारत में तेल रिफाइनरी कंपनियं रूस से आयातित कच्चे तेल को रिफाइन करके कई देशों को निर्यात भी करती रही हैं। मैरिटाइम इंटेलिजेंस कंपनी केप्लर ने बताया है कि भारत के पास रिफाइनरी और कमर्शियल स्टोरेज में तकरीबन 10 करोड़ बैरल कच्चा तेल विद्यमान है। इसमें से तकरीबन 90 फ़ीसदी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जो कि भारत के लिए तकरीबन 35 दिनों की जरूरतों को है पूरा कर सकता है। अनेक अंतरराष्ट्रीय विवेचकों की राय है कि ईरान विरुद्ध अमेरिकी-इजरायल युद्ध वस्तुतः यूक्रेन-रूस जंग की तरह लंबे काल तक नहीं चल सकता है। लेकिन इस युद्ध के 15 दिनों से अधिक खिंच जाने पर भारत पर ऊर्जा संकट का गंभीर असर पड़ सकता है। इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर सैन्य ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत ईरान पर विनाशकारी आक्रमण अंजाम दिया गया। खास तौर पर ध्यान केंद्रित योग्य तथ्य है कि विगत कुछ वर्षों के दौर में चीन की साम्यवादी हुकूमत द्वारा अरबों-खरबों बिलियन डॉलर खर्च करने के बाद ईरान में आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण करने की खातिर की भारी बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। पहले डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा वैनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के अपहरण को अंजाम दिया गया और वैनेजुएला की राजसत्ता और तेल को अपने काबू में करने के बाद ट्रंप साहब द्वारा ईरान में अपनी पसंद की हुकूमत कायम करने के लिए ईरान पर सैन्य आक्रमण अंजाम दिया गया। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर अमेरिका और चीन दो सबसे शक्तिशाली सैन्य ध्रुव हैं। रूस भी वस्तुतः यूक्रेन युद्ध चीन की जबरदस्त सैन्य इमदाद के दमखम ही पर लड़ता रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह अनुमान एकदम गलत सिद्ध हुआ कि ईरान के शीर्ष नेतृत्व को हलाक करके वह ईरान में यथाशीघ्र सत्ता परिवर्तन अंजाम दे देंगे। ईरान की फौज के प्रबल प्रतिरोध को देखते हुए ईरान बनाम अमेरिका इजरायल जंग लंबी भी खिंच सकती है। फिर तो भारत को जबरदस्त तौर पर तेल संकट का सामना करना पड़ेगा। रूसी तेल की प्रबल आपूर्ति के कारण चीन को संभवत तेल आपूर्ति संकट का अधिक सामना नहीं करना पड़ेगा। अमेरिका के टैरिफ कूटनीतिक दबाव के कारण भारत द्वारा रूस से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा आधी से भी कम कर दी गई है। किंतु भारत-अमेरिकी व्यापार डील की रूस विरोधी शर्तों को यदि भारत द्वारा स्वीकार किया जाता है तो फिर हम ऊर्जा संकट से कदाचित नहीं बच सकेंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
सेंट्रल डेस्क



# देश की आर्थिक सेहत बिगाड़ सकता है तेल

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को तेज उछाल के कारण भारतीय वित्तीय बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। ईरान से जुड़े बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के चलते तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने निवेशकों में चिंता बढ़ा दी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय मुद्रा और शेयर बाजार दोनों पर दबाव पड़ा। भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर 92.33 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप के बावजूद इसमें कमजोरी बनी रही। इसी दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3% तक गिर गए, हालांकि बाद में इनमें थोड़ी रिकवरी देखी गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 25% से अधिक बढ़कर लगभग 117 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से ही तेल की कीमतों में कुल मिलाकर 50% से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी कुल तेल जरूरत का लगभग 89% आयात करता है, यह स्थिति आर्थिक रूप से बेहद संवेदनशील है। तेल महंगा होने से आयात बिल बढ़ता है, महंगाई बढ़ती है, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ता है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि यह भू-राजनीतिक संकट लंबा खिंचता है, तो इसका असर केवल वित्तीय बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आर्थिक विकास, सरकारी वित्त और कॉरपोरेट आय पर भी पड़ सकता है।

इस संकट का एक बड़ा पहलू हॉर्मुज जलडमरूमध्य है, जो वैश्विक तेल व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। भारत का लगभग 2.6 मिलियन बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस मार्ग में कोई बाधा आती है, तो भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने इससे भी खराब स्थिति की चेतावनी दी है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि यदि संघर्ष और बढ़ता है और खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होती है, तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर भारतीय रुपये पर भी पड़ा है। तेल महंगा होने पर भारत को आयात के लिए अधिक डॉलर की आवश्यकता होती है, जिससे विदेशी मुद्रा की मांग बढ़ जाती है। साथ ही वैश्विक अनिश्चितता के समय निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों, विशेषकर अमेरिकी डॉलर की ओर रुख करते हैं। इन दोनों कारणों से रुपये पर दोहरा दबाव बना है। आरबीआई द्वारा डॉलर बेचकर बाजार को स्थिर करने की कोशिश के बावजूद आयातकों और निवेशकों की मांग के कारण रुपये में कमजोरी बनी रही।

भारतीय शेयर बाजारों में आई गिरावट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल के महीनों में कंपनियों के वित्तीय परिणाम बेहतर हो रहे थे। कई कंपनियों ने लगातार कई तिमाहियों में दो अंकों की लाभ वृद्धि दर्ज की थी और विश्लेषकों का अनुमान था कि वित्त वर्ष 2025 से 2027 के बीच निफ्टी कंपनियों की आय लगभग 12% की दर से बढ़ सकती है। लेकिन तेल की कीमतों में उछाल इस सकारात्मक रुझान को प्रभावित कर सकता है। ऊर्जा महंगी होने से विमानन, परिवहन, रसायन, विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों की लागत बढ़ जाती है। यदि कंपनियां यह अतिरिक्त लागत उपभोक्ताओं पर नहीं डाल पातीं, तो उनके मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। साथ ही, ईंधन महंगा होने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है, जिससे मांग भी कमजोर पड़ सकती है। हालांकि इन जोखिमों के बावजूद नीति-निर्माताओं का कहना है कि भारत पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में है। वर्तमान में देश के पास 250 मिलियन बैरल से अधिक का कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार है, जो मैंगलोर, पडुर और विशाखापत्तनम जैसे रणनीतिक भंडारण केंद्रों में रखा है। इसके अलावा, भारत ने पिछले दशक में तेल आयात के स्त्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर लगभग 40 देशों तक विविधीकृत किया है, जिनमें रूस, पश्चिम अफ्रीका व अमेरिका भी शामिल हैं।

कुल मिलाकर, भारत की अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेतक अभी भी अपेक्षाकृत मजबूत हैं—जैसे नियंत्रित महंगाई, स्थिर आर्थिक वृद्धि, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और संतुलित राजकोषीय स्थिति। फिर भी, बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता और ऊंची तेल कीमतें बाहरी जोखिम पैदा कर रही हैं। यदि यह संकट लंबे समय तक जारी रहता है, तो रुपये, वित्तीय बाजारों और महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। इसलिए भारत की आर्थिक स्थिति काफी हद तक वैश्विक ऊर्जा बाजारों और खाड़ी क्षेत्र की स्थिरता पर निर्भर बनी हुई है।

# ईश्वर के उपकारों का सिलसिला अनंत



संकलित
**दर्शन**

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
**प्रेरणा**

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## सटाका




## आज की पाती

### हंगामे और गतिरोध की संसद

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद को सर्वोच्च मंच माना जाता है, जहां जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि देश की नीतियों, समस्याओं और भविष्य की दिशा पर गंभीर चर्चा करते हैं। किंतु दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में संसद की कार्यवाही बार-बार हंगामे और गतिरोध की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के प्रारंभ से पहले ही जिस तरह हंगामे की आशंका व्यक्त की जा रही है, वह लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए चिंताजनक संकेत है। विपक्ष की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ लाए गए अविशवास प्रस्ताव पर तीखी बहस होना स्वाभाविक है, क्योंकि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार विपक्ष को प्राप्त है। लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट है कि वर्तमान परिस्थितियों में यह प्रस्ताव संख्या बल के आधार पर पारित होने की स्थिति में नहीं है।

*- विवेक बैनर्जी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बहस से भाग रही कांग्रेस



यह बहुत बुरा है कि कांग्रेस बहस से भाग रही है। स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन के लिए कांग्रेस के कहने पर एक नोटिस एडमिट किया गया था, जिसे उन्होंने ठीक से ड्राफ्ट भी नहीं किया था। इसे ठीक किया गया और फिर एडमिट किया गया। आज की तारीख तय की गई थी। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष को हंगामे की आदत



विपक्ष को हंगामा करने की आदत है। वे काम नहीं करना चाहते। आज लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी, लेकिन उन्होंने यूएस-इजराइल बनाम ईरान विवाद पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखा, विवाद पर भारत का रुख साफ है।
**-रामदास अठावले,** केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष को भरोसे में ले सरकार



हमें वेस्ट एशिया में युद्ध के हालात और फ्यूल की बढ़ती कीमतों के मुद्दे पर चर्चा करने की जरूरत है। यह पार्टी का मामला नहीं है। सरकार को विपक्ष को भी भरोसे में लेना होगा। देश में बढ़ती महंगाई और रसोई गैस पर सरकार अपना रुख स्पष्ट करे।
**-केसी वेणुगोपाल,** सांसद, कांग्रेस

### विदेश नीति पर चर्चा जरूरी



अमेरिका यह तय कर रहा है कि हमें किससे तेल खरीदना चाहिए। भारत की विदेश नीति पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। सरकार को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अमेरिका कौन होता है जो भारत को बताए कि आपको क्या करना है, क्या नहीं।
**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# बर्फ की चट्टान टूटने से फंसे 23 लोगों को बचाया गया



कनाडा के दक्षिण-पश्चिमी ओंटारियो स्थित जॉर्जियन बे के तट से बर्फ की चट्टान टूटकर बह जाने के बाद उस पर फंसे 23 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। ओंटारियो प्रांतीय पुलिस के अनुसार बर्फ का बड़ा टुकड़ा तट से अलग होकर एक मील से अधिक दूरी तक बह गया और कई हिस्सों में टूट गया, जिससे कुछ लोग बर्फीले पानी में आंशिक रूप से डूब गए। ग्रे-ब्रूस इकाई के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें रविवार दोपहर कई लोगों के बर्फ पर फंसने की सूचना मिली थी। मदद के लिए पुलिस के विमानन और समुद्री इकाइयों के साथ-साथ जॉर्जियन ट्रायंगल के आसपास स्थित काउंटी के अग्निशमन विभागों के कर्मियों को भी मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि 'कॉबल बीच गोल्फ कोर्स' ने विमानन इकाइयों और प्राथमिक उपचार व्यवस्था के लिए अपनी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। अधिकारियों के अनुसार दोपहर तक सभी लोगों को सुरक्षित रूप से हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर वापस लाया गया। उनमें से कुछ मामूली रूप से जख्मी हो गये।

## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



**खबर संक्षेप**

## नपा अधिकारियों ने निरीक्षण कर जल सप्लाई ठीक करने के दिए निर्देश



**ओबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले, उपयंत्री मुकेश कुमार जैन एवं जल प्रभारी प्रमोद तिवारी के द्वारा वार्ड 8 एवं 9 रानी औबेदुल्लागंज में जल सप्लाई से संबंधित शिकायत प्राप्त होने के कारण निरीक्षण किया गया। वार्ड के जिस क्षेत्र में कम पानी पहुंच रहा है, उन जगहों को चिन्हित कर जल प्रभारी एवं पंप चालक विजय साहू को इस समस्या का समाधान तत्काल करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर नागर, जेपी मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कब्रिस्तान के गेट पर पसरा अंधेरा, नगर परिषद मौन



**औबेदुल्लागंज।** नगर के कब्रस्तान के गेट पर अंधेरा पसरा हुआ है और नगर परिषद मौन है। बता दें कि रमज़ान का महीना चल रहा है 18 रोज़े पूर्ण हो चुके हैं। रमज़ान माह में प्रतिदिन लोग रात्रि व सुबह 5 से 6 बजे अपने मरहूम अज़दादों की कब्रों पर फातिहा पढ़ने जाते हैं। ऐसे में कब्रिस्तान के गेट पर अंधेरा पसरा रहता है, जिसकी वजह से अंधेरे में बैठे मवेशी और कुत्ते दिखाई नहीं देते, जो किसी घटना को अंजाम दे सकते हैं। हाल ही में कुत्तों के काटने की घटनाएं काफी ज्यादा देखने में आई हैं और नगर में आवारा कुत्तों व मवेशियों की संख्या काफी ज्यादा है। इस ओर नगर परिषद का कोई दिया नहीं है। साथ ही कब्रस्तान के गेट के बाहर कुछ माह पूर्व ही परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाया गया, वहां पर न तो कोई सफाई का कार्य किया गया है।

## दाउदपुर में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**औबेदुल्लागंज।** ग्राम दाउदपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। इस कथा के मुख्य कथावाचक पंडित अभिषेक शास्त्री वृंदावन वालों के मुखारविंद से कथा का वाचन किया जाएगा। खेड़ापति उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी दाउदपुर के संयोजन से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कथा के प्रमुख जजमान राजेश नागर गिरिजेश नागर हैं। कमलेश मेघानी ने बताया कि कथा में मनोज मालवीय के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों से श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कमलेश मेघानी संग मनोज मालवीय एवं राजेश गुप्ता ने व्यास पीठ पूजन एवं गुरुवर का सम्मान किया।

## हैदराबाद की फॉरेंसिक लैब की डीएनए जांच रिपोर्ट पेश करने की मांग

**भोपाल।** गोमांस तस्करी मामले में एसआईटी द्वारा स्लॉटर हाउस के संचालक असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा और उसके ड्राइवर शोएब के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जयदीप मौर्य के न्यायालय में पेश किए गए चालान में हैदराबाद की फॉरेंसिक लैब की डीएनए जांच रिपोर्ट पेश नहीं किए जाने पर आरोपी के अधिवक्ता जगदीश गुप्ता ने सवाल उठाते हुए न्यायालय में आवेदन पेश कर एसआईटी को हैदराबाद की फॉरेंसिक लैब की डीएनए जांच रिपोर्ट को न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए निर्देश की मांग की।

पेपर बिगड़ने से दुखी होकर खुदकुशी करने का अनुमान

# 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

***भाई और मां के साथ निवास करती थी युवती काम पर गए थे परिवार के दोनों सदस्य***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम परवलिया में 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश उसके भाई ने पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। एफएसएल की टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार प्रियांशी चौहान पिता स्वर्गीय शैलेंद्र चौहान (16) पूनम सिंह लवाना के मकान में किराए से रहते थे। उसके पिता जेसीबी मशीन ऑपरेटर थे। उनकी कोराना काल में मृत्यु हो चुकी है। मूलतः धार जिले की किशनपुर खेड़ी, थाना धर्मपुर, जिला धार की रहने वाली प्रियांशी अपने भाई अमन चौहान और मां के साथ रहती थीं। मां प्राइवेट काम करती है और भाई पेट्रोल पंप पर काम करने जाता है। सोमवार को मां काम पर गई थी और भाई पेट्रोल पंप गया था। शाम करीब साढ़े चार बजे भाई अमित पेट्रोल पंप से घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से झांककर देखने पर पता चला कि प्रियांशी ने फांसी लगा ली है। उसने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इधर सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

### चल रही थी परीक्षा

*पुलिस का कहना है कि प्रियांशी मोबाइल नहीं चलाती थी। उसके घर में मां भाई और प्रियांशी के बीच केवल एक ही मोबाइल है। साथ ही प्रियांशी के पास से सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में यह जरूर पता चला है कि वह 11वीं कक्षा में पढ़ती थी और उसकी परीक्षा चल रही थी। अनुमान है कि पेपर बिगड़ने से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस जल्द ही उसके साथ पढ़ने वाली सहेलियों से पूछताछ करेगी।*

सुसाइड नोट में आत्महत्या के लिए खुद को बताया जिम्मेदार

## हेयर सैलून में संचालक ने लगाई फांसी



**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित छोला रोड गणेश मंदिर के पास हेयर सलून में संचालक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने किसी पर आरोप नहीं लगाते हुए आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल और सुसाइड नोट बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोनू सेन पिता देवी प्रसाद सेन (31) शिव नगर फेस-3 में रहता था और छोला रोड पर गणेश मंदिर के पास हेयर सलून का संचालन करता था। सोनू शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। सोमवार सुबह वह साढ़े छह बजे के आसपास घर से दुकान के लिए निकल गया। दुकान पहुंचने के बाद उसने फांसी लगा ली। आसपास के दुकानदारों ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख परिजन को जानकारी दी थी। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने एफएसएल की टीम बुलाकर निरीक्षण कराया। इसके बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि सोनू के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। मेरी आत्महत्या के लिए किसी का कोई कसूर नहीं है। पुलिस ने सुसाइड नोट हेंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास जांच के लिए भेजा है। साथ ही सोनू का मोबाइल जब्त कर लिया। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान नहीं हो सके हैं।

भीड़ ने महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले किया, वीआईपी रोड पर रविवार रात की घटना

# कार सवार युवती ने एक्टिवा को मारी टक्कर, फिर भागने के प्रयास में दूसरी कार से भी टकरा गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर रविवार रात करीब साढ़े दस बजे कार चला रही युवती ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार सवार युवती ने कार लेकर भागने का प्रयास किया और सामने चल रही एक अन्य कार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के कारण महिला की कार बीच सड़क पर रुक गई और लोगों ने उसे घेर लिया। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचाया और उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। इधर हादसे में एक्टिवा सवार और कार में बैठे दंपति में महिला को पैर में मामूली चोट आई है।

पुलिस के अनुसार अमित कौशल, डेकोरेटर हैं और अपनी पत्नी प्रियंका कौशल के साथ कार से वीआईपी रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी कार में काले रंग की कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सीट पर बैठी प्रियंका को पैर में चोट आई है। कार में टक्कर लगने के बाद वह कार से नीचे उतरे तो काले रंग की कार से उतरकर दो युवतियां ने भागने लगीं, जिन्हें राहगीरों ने पकड़ लिया। अमित कौशल ने पुलिस को बताया कि कार सवार युवतियां नशे में धुत थीं और उन्होंने उनकी कार में टक्कर मारने से पहले पीछे एक एक्टिवा सवार को टक्कर मारी थी।



### न्यू मार्केट से जेल रोड जा रही थी कार सवार युवतियां

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और टक्कर मारने वाली युवती को थाने लेकर पहुंची। युवती ने अपना नाम सूर्यांशा सिंह बुंदेला बताया। उसके साथ मौजूद युवती वैष्णवी थी। सूर्यांशा ने बताया कि वह वैष्णवी के साथ न्यू मार्केट से अपने घर न्यू जेल रोड जा रही थी। इसी दौरान एक्टिवा को उनकी कार से टक्कर लग गई। वह डर गई और कार लेकर भागने का प्रयास किया। इस बीच सामने चल रही एक अन्य कार से उनकी कार टकरा गई थी।

शाहपुरा दानापानी कलारी से कुछ दूरी पर नर्सरी के सामने हुआ हादसा

## बाइक आपस में टकराईं, दोनों के चालकों की मौत, एक घायल

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित दानापानी रोड पर नर्सरी के सामने रविवार शाम दो बाइक आपस में टकरा गईं। इस हादसे में बाइक चला रहे दोनों युवकों की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा एक युवक घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुनील सिओते (41) बावड़ियाकलां में रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार शाम वह बावड़ियाकलां से अपने साथी खेमचंद (42) निवासी बावड़ियाकलां के साथ दाना पानी रोड पर आया था। खेमचंद को सब्जी खरीदनी थी। लिहाजा उसने सब्जी फार्म के पास खेमचंद को उतार दिया और कहा कि तुम सब्जी लेकर रखो मैं देशी कलारी के पास आता हूं। खेमचंद ने सब्जी ली और सुनील उसके पास पहुंचा। दोनों बाइक पर बैठकर बावड़ियाकलां जाने के लिए निकले। नर्सरी के पास पहुंचते ही सामने से ईश्वर नगर निवासी नरेंद्र सिंह राजपूत अपनी बाइक से आया। दोनों ही बाइक रफ्तार में थी और आपस में भिड़ गईं। हादसे में सुनील, नरेंद्र और खेमचंद को चोट आई थी। सभी को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने सुनील और नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि खेमचंद को जय प्रकाश अस्पताल से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। खेमचंद को चोट कम होने के कारण उसे छुट्टी दे दी गई।

### *बेटी के घर जा रहे पिता को अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, मौत*

*इधर, कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित होंडा शोरूम के सामने रविवार सुबह करीब 11 बजे कोहेफिजा रोड पर अज्ञात बाइक ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बुजुर्ग को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश कर रही है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है। पुलिस के अनुसार सखाराम ओसवाल (60) मल्टी वाजपेयी नगर में रहते थे। उनकी बेटी मदर इंडिया कॉलोनी में रहती है। सखाराम रविवार को रंग पंचमी होने के कारण सुबह अपने घर से बेटी के घर जाने के लिए निकले थे। करीब 11 बजे के आसपास वह होंडा शोरूम के सामने पहुंचे ही थे कि उन्हें अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार भी गिरा था और उठकर बाइक लेकर भाग निकला। इधर, टक्कर लगने से सखाराम को गंभीर चोट आई थी। उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज केदौरान उनकी मौत हो गई।*

अंतिम कॉल बहन को किया, बताया कारण

## नर्मदापुरम के युवक ने बागसेवनिया के पास रेलवे ट्रैक पर दी जान

***मल्टी नेशनल कंपनी में डेढ़ लाख रुपए प्रतिमाह था युवक का वेतन***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आरआरएल के पास सोमवार सुबह होशंगाबाद से आए युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन के बयान यह बात सामने आई कि वह तनाव में था। उसने मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर दी थी और अन्य परीक्षा की तैयारी कर रहा था। आत्महत्या से पूर्व उसकी बहन से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। उसने कहा था कि मैं पापा की इच्छा पूरी नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार मूलरूप से वनखेड़ी जिला होशंगाबाद निवासी अंश शुक्ला पिता सतेन्द्र शुक्ला (30) इकलौता बेटा और मल्टी नेशनल कंपनी में डेढ़ लाख रुपए प्रतिमाह के वेतन पर नौकरी कर रहा था।

रविवार को वह अमरकंटक एक्सप्रेस में अपने चाचा के बेटे के साथ निकला था। अंश पिपरिया में उतर गया जबकि चाचा का बेटा वनखेड़ी पहुंच गया। रात करीब 10 बजे अंश इंटरसिटी एक्सप्रेस से भोपाल पहुंचा। उसके मोबाइल की टॉवर लोकेशन से पुलिस को इस बात की जानकारी हुई। इस बीच घर नहीं पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजन को जब पता चला कि वह भोपाल गया है तो उसे तलाश करते हुए परिजन भोपाल आ गए। रात करीब डेढ़ बजे अंश ने मोबाइल पर कॉल कर अपनी बहन से बात की। उसने कहा था कि मैं पापा की इच्छा पूरी नहीं कर सका। इसके बाद सुबह करीब छह बजे अंश का शव आरआरएल ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। उसके चेहरे पर गंभीर चोट थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने घटनास्थल पर मिला मोबाइल जब्त कर जांच के लिए भेज दिया था। एसआई शिरोमणि के अनुसार शुरुआत जांच में पता चला है कि अंश डिप्रेशन में था। वह नौकरी छोडकर किसी परीक्षा की तैयारी करने लगा था। भोपाल आने के बाद वह बार-बार अपना मोबाइल बंद कर रहा था ताकि लोकेशन ट्रेस न हो सके। अंतिम बार रात डेढ़ बजे उसका मोबाइल ऑन हुआ था, जब उसने अपनी बहन से बात की थी।

## दसवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा को अगवा कर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की छात्रा को अगवा कर और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी उसी के मोहल्ले में रहता है और पूर्व परिचित है। दोनों के बीच छह माह पहले से संबंध थे। होली के दिन आरोपी उसे अपने साथ ले गया। दिनभर रेलवे स्टेशन के आसपास घुमाते रहा फिर ललिता नगर ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। सूचना मिलने पर पीड़िता की मां मौके पर पहुंची और अपनी बेटी को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराकर प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस के अनुसार कोलार की एक बस्ती में रहने वाली 16 साल की किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है। उनके पिता प्राइवेट काम करते हैं, जबकि मां मकानों में केयर टेकर का काम करती हैं। मोहल्ले में ही करण पिपलोदे नामक युवक रहता है। एक ही इलाके में रहने की वजह से दोनों के बीच दोस्ती हुई और प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। करीब छह माह से दोनों के बीच संबंध थे। इस बीच आरोपी छात्रा से शारीरिक संबंध भी बना चुका था। पुलिस का कहना है कि विगत चार मार्च को होली के दिन छात्रा अपनी सहेलियों को विश करने घर से निकली थी। इस बीच करण से उसकी मुलाकात हुई। दोनों काफी देर तक रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाके में घूमते रहे। इसके बाद आरोपी उसे ललिता नगर ले गया और एक घर में उसके साथ दुष्कर्म किया। दूसरी ओर बेटी के घर नहीं आने पर माता-पिता परेशान हो गए। तलाश करने पर मां को पता चला कि बेटी ललिता नगर में है। परिजन ललिता नगर पहुंचे और आरोपी के चंगुल से बेटी को मुक्त कराकर घर ले आए। पूछताछ करने पर छात्रा ने बताया कि आरोपी करण उसे जबरन अपने साथ ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

■ होली के दिन अपने साथ ले गया था आरोपी

## ई-रिक्शे से आए बदमाशों ने युवती की कार पर फेंका केमिकल मिला रंग, जल गया कार का पेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अभिरूचि परिसर में ई-रिक्शा से आए बदमाश ने एक युवती की कार पर कैमिकल मिला रंग फेंक दिया। जिससे कार का पेंट जल गया। गनीमत रही कि इस दौरान युवती कार में या कार के आसपास मौजूद नहीं थी। शिकायत पर ऐशबाग पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना कालोनी के सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय खदीजा नामक युवती एक निजी कंपनी में एचआर के पद पर कार्यरत है और अभिरुचि परिसर कालोनी में रहती है।



युवती ने बताया कि रविवार को रंगपंचमी के दिन उसने अपनी कार घर के बाहर पार्क किया था। शाम के समय जब वह कार के पास पहुंची तो उस पर रंग डला हुआ था। रंग के कारण कार का पेंट बुरी तरह जल चुका था। इससे आशंका है कि रंग में कैमिकल मिलाकर कार पर फेंका गया है। कार का पेंट जला हुआ देखने के बाद युवती ने ऐशबाग थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी संदीप पंवार ने बताया कि मामले में कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर एक ई-रिक्शे में आए बदमाश कैमिकल मिला रंग फेंकते हुए दिखा है।

## बेशकीमती जमीन पर हुए अतिक्रमण को नपा ने किया धराशाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडीदीप

नगर के वार्ड क्रमांक 09 में हुए एक पक्के निर्माण को नपा के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने सोमवार दोपहर में धराशाई कर दिया है। जानकारी के अनुसार शहर के पुलिस कॉलोनी के पास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया था, जिसकी शिकायत नपा को वहां के लोगों ने की और सोशल मीडिया में फोटो और वीडियो वायरल हो रही थी, जिसको संज्ञान में लेकर नपा अतिक्रमण दस्ते ने पूरे दल बल के साथ कब्जे को हटा दिया। ज्ञात हो कि नपा के द्वारा विगत कई दिनों से अतिक्रमण और यातायात पर बाधा बनने वाले हाथ ठेलो और गुमठियों को हटाने का काम चल रहा है।

### लाखों की जमीन मुक्त हुए अतिक्रमण



वहीं राजस्व की लाखों की कीमती की जमीन को नपा ने हटाया। बताया जाता है कि नपा की ऐसी कई भूमि हैं, जिस पर रसूखदारों का कब्जा है जिसे हटाने के लिए प्रशासन तैयारी कर रही है।

### कब्जेधारियों की फूली सांसें, अफरा तफरी का रहा माहौल

वहीं नपा के अतिक्रमण दस्ते के दल बल देख कब्जेधारियों की सांसें फूल गई और अलग अलग लोगों में कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे थे, जिसमें शासकीय जमीन पर कब्जाधारी में डर का माहौल बना हुआ है।

## भागवत कथा का भव्य आयोजन आज से, निकलेगी विशाल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संतनगर



मातृभूमि संस्था के तत्वाधान में बैरागढ़ में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा आयोजन को लेकर सोमवार को पत्रकार वार्ता में संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज 10 से 16 मार्च तक किया जाएगा। कथा का वाचन राष्ट्रीय संत कथावाचक कृपा शंकर महाराज द्वारा किया जाएगा, जो चित्रकूट धाम से पधारेंगे। बैरागढ़ स्थित ओल्ड डेरी फार्म परिसर में प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक श्रद्धालु कथा का श्रवण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कथा के शुभारंभ अवसर पर मंगलवार को सुबह 11 बजे ओल्ड डेरी फार्म स्थित शंकर मंदिर से कथा स्थल तक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, बैरागढ़ के गणमान्य नागरिक तथा साधु-संत शामिल होंगे।आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कलश यात्रा में शामिल होने और श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है इस अवसर पर भाजपा नेता कमल विधानी ,वरिष्ठ आरएन वर्मा, राजकुमार अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, हेमंत उपाध्याय, राहुल अबोले,वृंदावन गर्ग व किशोर पहलाजानी आदि मौजूद थे।

जून के महीने में होंगे पंचायत के चुनावः बसंत चेलानी

# जो काम राजनेताओं को करना चाहिए वह पंचायत कर रही: दीपानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संतनगर



संतनगर पंचायत

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में होली मिलन व साधारण सभा की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में सिंधु समाज स्कूल में सम्पन्न हुई। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने उपस्थित सदस्यों को होली की बधाई देते हुए कहा कि पंचायत पदाधिकारियों की बैठक त्रिवार्षिक कार्यकाल समाप्त हो चुका है। आगामी जून माह में पंचायत के चुनाव कराए जाएगे। सर्वसम्मति से संस्कार स्कूल परिवार के सचिव बसंत चेलानी को चुनाव अधिकारी घोषित किया गया है। इस अवसर पर चांदवानी ने बताया कि 01 अप्रैल से 30 मई तक नये सदस्य बनाए जाएंगे। उसके पश्चात 05 जून को सदस्यों की सूची चुनाव अधिकारी को सौंपी जाएगी।

### संतनगर का जो चहुमुखी विकास होगाः हिंगोरानी

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य व पार्षद राजेश हिंगोरानी ने बताया कि संत नगर का जो चहुमुखी विकास होगा शीघ्र ही सडको का डामरीकरण होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील वासवानी ने समाज को वर्तमान की परिस्थितियों को देखते हुए कहा कि हमे एक जुटकर होकर संगठित होकर रहना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोकचंद दीपानी ने समाज में पंचायत द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की कहा कि जो कार्य राजनेता को करना चाहिए अब पंचायत कर रही है। थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी ने चेतीचांद पर निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की। इसके अलावा भरत आसवानी, चंद्र प्रकाश इसरानी, रामचंद मूलचंदानी, घनश्याम लालवानी, वासदेव वाधवानी, मूलचंद वीधानी, हीरो हिन्दू, कमल वीधानी, मनीष बागवानी, मनोहर वीधानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी आदि ने होली की बधाई देते हुए पंचायत कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा की।

FORM NO
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Residency Road,
Near Head Post Office South Civil Lines, Jabalpur- 482001
NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

**RC/190/2025** **19-01-2026**

**INDIAN BANK**
**Versus**
**MS MADHU TRADERS JAIN**

To,
**(CD1)MS MADHU TRADERS JAIN**
GYA-06, KRISHI UPAJ MANDI, KAROND,BHOPAL (M.P.)-462001-462001
**(CD2) SMT NIDHI JAIN**
HOUSE NO 280 JAIN NAGAR LALGHATI BHOPAL MADHYA PRADESH-462007
Also At: SHOP NO 01, GROUND FLOOR, PLOT NO 103, AKASH APARTMENT, VIJAY NAGAR, LALGHATI, TEH-HUZUR, BHOPAL (M.P.)
**(CD3) SHRI SHAILENDRA JAIN**
HOUSE NO 280 JAIN NAGAR LALGHATI BHOPAL MADHYA PRADESH-462007
Also At: SHOP NO 01, GROUND FLOOR, PLOT NO 103, AKASH APARTMENT, VIJAY NAGAR, LALGHATI, TEH-HUZUR, BHOPAL (M.P.)

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **08/09/2025 in OA/319/2023** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs 6977226 (Rupees Sixty Nine Lakhs Seventy Seven Thousands Two Hundred Twenty Six Only) along with pendentellite and future interest @12% w.e.f. **18/03/2023** till realization and costs of **Rs 72000 (Rupees Seventy Two Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable /Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **19/03/2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

**All part and parcel of Shop No.-1 on Ground Floor, Plot No. 103, Akash Apartment, Vijay Nagar, Lalghati, Tehsil Huzur, District- Bhopal, area 280 sq.ft property in the name of Shri Shailendra Jain S/o Late Sheetal Chandra Jain.**

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **19/01/2026**

Seal

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal Jabalpur

# प्रकृति और जनजातीय संस्कृति को अपने कैनवास पर उतारतीं ललिता ताहेड़

## 71वीं शलाका प्रदर्शनी में भीली कला की झलक, ललिता ताहेड़ के चित्र प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेड़ के नीचे बैठी पुष्पों को चुनती महिला, तो वहीं वृक्षों की शाखाओं से खेल खेलते पशु-पक्षी साथ ही वृक्षों के नीचे बातें करतीं जनजातीय महिलाएं.. प्रकृति, वृक्ष और पशु पक्षियों से सुसज्जित चित्र देखने को मिले जनजातीय संग्रहालय में आयोजित 71वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी में, लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में लगे इन चित्रों को सुंदर रुप दिया भील जनजातीय चित्रकार ललिता ताहेड ने। हैदराबाद, नई दिल्ली, कच्छ (गुजरात), भोपाल सहित अनेक स्थानों पर अपने चित्रों को एग्जीबिट करने वाली ललिता के चित्रों का संग्रहण केवल भारत में ही नहीं किया बल्कि फ्रांस, अमेरिका, आस्ट्रेलिया में भी संग्रहित किया जा चुका है। 70वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 मार्च, 2026 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी।







### चित्रकार लाडोबाई से सीखी परम्परागत भीली चित्रकला

ललिता का जन्म झाबुआ जिले के अंतरवेलिया ग्राम में हुआ। जंगल-पहाड़ों से घिरे प्राकृतिक वातावरण और प्रकृति के सान्निध्य में बचपन गुजरा। गांव में या उसके आसपास स्कूल आदि न होने से शिक्षा से वंचित ही रहीं। साधारण कृषक माता-पिता की नौ संतानों में से ललिता का रुझान बचपन से ही दीवारों पर रंगकारी करने और सजाने संवारने में रहा। विवाह के उपरांत पति विनोद ताहेड़ (जिला-झाबुआ) के साथ रोजगार की तलाश में कुछ वर्षों पूर्व भोपाल आ गईं। यहां ललिता की बड़ी सास सुप्रसिद्ध भीली चित्रकार लाडोबाई के सहयोग एवं सान्निध्य में भीली चित्रकला को सीखा और समझा। आप धीरे-धीरे स्वयं भी चित्रकारी स्वतंत्र रूप से करने लगीं।



*ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन के होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह में राधा-कृष्ण नृत्य नाटिका रही खास*

# होली के रंगों में सजी नारी शक्ति, ब्यूटीशियन बनीं क्वीन एलिजाबेथ, इंदिरा गांधी और सुषमा स्वराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लांग गाउन और सिर पर हेट लगाए क्वीन एलिजाबेथ की मनमोहक मुस्कान ने माहौल को खुशनुमा बना दिया तो वहीं बॉय कट हेयर के साथ देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की एक झलक ने सभी की ढेरों तालियां बंटोरीं, रैंप वॉक से सजी इस खुशनुमा शाम को ओर भी मनभावन बनाया सुषमा स्वराज के रूप में आईं ब्यूटीशियन डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने, जिन्होंने अपने माथे पर लगी बड़ी सी बिंदी, बालों के बने बड़े से जूड़े और हलके रंग की साड़ी में मंच पर प्रवेश किया तो सभी ने तालियों और सीटियों से उनका स्वागत किया। क्वीन एलिजाबेथ, इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज के साथ साथ ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन, सलमा सुल्तान जैसी देश की जानी मानी महिलाओं के रूप में शहर की ब्यूटीशियंस ने प्रस्तुति देकर होली के रंगों से सजे इस उत्सव को ओर भी रंगमय बना दिया। सोमवार को रोहित नगर स्थित निजी होटल में ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस आयोजिन में महिला दिवस सेलिब्रेशन के साथ साथ होली महोत्सव भी मनाया गया। रंगों, संस्कृति और नारी शक्ति के उत्साह से सराबोर इस कार्यक्रम में शहर की करीब डेढ़ सौ ब्यूटीशियन ने भाग लिया।





### भक्ति संग होली के रंगों से सजी नृत्य नाटिका

समारोह का सबसे आकर्षक और भावपूर्ण हिस्सा होली के रंगों से सजी राधा-कृष्ण पर आधारित नृत्य नाटिका रही। इस प्रस्तुति में सभी ब्यूटीशियन गोपियों के रूप में मंच पर उतरीं और अपनी मनमोहक प्रस्तुति से माहौल को भक्ति संग होली के रंगों में रंग बना दिया। इस नृत्य नाटिका को जबलपुर से आए कोरियोग्राफर स्वप्निल ने निर्देशित किया।



### रंगों और संस्कृति से सराबोर हुआ होली मिलन

सुबह से लेकर शाम तक चले इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य और होली के रंगों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और महिला दिवस के संदेश के साथ एकजुटता और उत्साह का परिचय दिया। साथ ही ब्यूटी के क्षेत्र में दशकों से काम कर रहीं ब्यूटीशियंस को सम्मानित भी किया गया।



### महिलाओं ने की जमकर मौज-मस्ती

# सागर रॉयल विला में महिला दिवस और रंग पंचमी की धूम

- कॉलोनी की महिलाओं ने धरा बॉलीवुड सितारों का रूप
- फिर बॉलीवुड सितारों के अंदाज में ही दीं प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होशंगाबाद रोड स्थित सागर रॉयल विला कॉलोनी में मौज मस्ती ग्रुप द्वारा महिला दिवस और रंग पंचमी का उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। बॉलीवुड थीम पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं ने बॉलीवुड सितारों का रूप धारण कर अपने अलग-अलग अंदाज में शानदार प्रस्तुतियां दीं। उनके उत्साह और प्रतिभा ने कार्यक्रम में मनोरंजन और उमंग का रंग भर दिया। साथ ही कालोनी की सक्रिय वरिष्ठ महिलाओं को विभिन्न आकर्षक



टाइटल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मौज मस्ती ग्रुप पिछले कई वर्षों से कॉलोनी में सभी त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। इस ग्रुप की स्थापना का उद्देश्य कॉलोनी के सभी निवासियों को हर त्योहार पर एक साथ जोड़कर खुशियों के साथ उत्सव मनाना है।

# 'इक्कीसवां मिनट' कथाकृति पर चर्चा दुष्यंत संग्रहालय में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार संतोष श्रीवास्तव की सद्य प्रकाशित कथा कृति 'इक्कीसवां मिनट' पर आज 10 मार्च को शाम 4 बजे दुष्यंत संग्रहालय में चर्चा आयोजित की जाएगी। चर्चाकार होंगे मुख्य अतिथि मुकेश वर्मा एवं सारस्वत अतिथि होंगी डॉ. नुसरत मेहंदी। प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी की अध्यक्षता में होने जा रहे इस कार्यक्रम में डॉ. नीलिमा रंजन पुस्तक की समीक्षा और जया केतकी कार्यक्रम का संचालन करेंगी। दूसरे चरण में होली पर्व के अवसर पर चयनित रचनाकारों का काव्यपाठ होगा, जिसका संचालन रानी सुमिता करेंगी।

### जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र रहे मुख्य अतिथि

# सुरेश पटवा की शोधपूर्ण किताब 'शौर्य भूमि की सैर' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आजकल लोग मोबाइल की आंख से दुनिया देखते हैं। यह किताब लेखक ने अंतश्चेतना से लिखी है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में बहुत उपयोगी सिद्ध होगी... यह कहना है डॉ जितेंद्र सोनी, आईएएस, जिला कलेक्टर, जिला मजिस्ट्रेट जयपुर का, जो भोपाल के लेखक सुरेश पटवा की सम्पूर्ण राजस्थान यात्रा वृतांत ओर शोधपूर्ण पुस्तक 'शौर्य भूमि की सैर' को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। इस अवसर पर हरि राम मीणा ने कहा कि यह



किताब केवल पठनीय ही नहीं अपितु विद्वानों के द्वारा गहन विमर्श की मांग करती है। वरिष्ठ साहित्यकार आभा सिंह ने समीक्षा करते हुए कहा कि यह पुस्तक लेखक के गहन अध्ययन, सघन यात्रा और खोज का नतीजा है।

# महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में उत्साह, उमंग और प्रतिभा के संगम 'अभिरंग- 2026' आज से

**भोपाल।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में उत्साह, उमंग और प्रतिभा के संगम 'अभिरंग- 2026' वार्षिकोत्सव का आगाज होने जा रहा है। आगामी 10 मार्च से 14 मार्च तक चलने वाले इस पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव के लिए कॉलेज कैंपस अभी से तैयारी के रंग में रंग चुका है। पहले दिन मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं 11 मार्च को सांस्कृतिक गतिविधियों में फेस पेंटिंग, फायरलैस कुकिंग आयोजित की जाएगी तो वहीं खेल गतिविधियों में रस्सा कशी, भाला, गोला, तवा फेंक होगी। 12 मार्च को सांस्कृतिक गतिविधियों में एकल गायन की प्रस्तुति खास रहेगी तो वहीं खेल गतिविधियों में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रस्सी कूद। 13 को सांस्कृतिक गतिविधियों में सोलो डांस, ग्रुप डांस की प्रतियोगिता के साथ खेल गतिविधियों में कैरम, शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं समापन दिवस पर 14 मार्च को सांस्कृतिक गतिविधियों में फैंसी ड्रेस प्रतियोतिगता के साथ साथ पुरस्कार वितरण आयोजित होगा।

### विश्व संवाद केंद्र में हिंदी लेखिका संघ की मासिक गोष्ठी संपन्न

# आज विभिन्न विषयों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं लेखिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिन्दी लेखिका संघ की मासिक साहित्यिक गोष्ठी नारी और हास्य विषय पर विश्व संवाद केंद्र में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य की व्याख्याता डॉ. आरती दुबे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य हिन्दी लेखिका संघ की प्रांताध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने दिया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज की संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है और महिला लेखिकाएं आज विभिन्न विषयों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।









### वेद मिथक का डीएनए आज भी हमारे भीतर

मुख्य अतिथि डॉ. आरती दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब भारतीय परंपरा की चर्चा होती है तो साहित्य के सभी मंच वेदपीठ बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैदिक वाङ्मय में नारी की छवि अत्यंत अनुकरणीय है। वेद मिथक नहीं हैं, बल्कि उनका संस्कार और डीएनए आज भी हमारे भीतर विद्यमान है।

### विभागीय अखबार में साहित्य व समाज की गतिविधियां

# महिला शक्ति को समर्पित 'विकल्प' का डिजिटल विशेषांक प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभागीय अखबार 'विकल्प' का महिला दिवस विशेषांक डिजिटल रूप में प्रकाशित किया। इस विशेषांक में समाज, साहित्य, मीडिया और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रेरणादायी महिलाओं - ममता सिंह (रेडियो सखी, विविध भारती), अनुलता राज नायर, मनीषा कुलश्रेष्ठ, पद्मश्री जनक पल्टा, 'पैड वूमन' माया विश्वकर्मा, एंकर अदिति राजपूत और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज प्रगति दुबे के साक्षात्कार और प्रेरक अनुभव शामिल हैं।

इस विशेषांक का विमोचन विभागीय कॉन्फ्रेंस रूम में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला ने विद्यार्थियों की उपस्थिति में किया। विभागाध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी ने प्रस्तावना प्रस्तुत की।



सामग्री संकलन में भूमि सिंह, तोषी गुप्ता, अनन्या तिवारी, सृष्टि सक्सेना और नैवेद्य पुरोहित का योगदान रहा, जबकि भारत की प्रथम महिलाओं से जुड़ी जानकारी छवि बाथम ने संकलित की। विशेषांक का कला संयोजन संदीप सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर डॉ. लोकेंद्र सिंह, डॉ. रंजन सिंह, डॉ. सूर्य प्रकाश, अनूप दत्ता, डॉ. राहुल रंजन, रूबी सरकार और डॉ. रितु मिश्रा भी उपस्थित रहे।

**देशज रंग महोत्सव में नाटक 'वे जंबूद्वीप से चले थे' का मंचन**

# भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक यात्रा की कथा को मंच पर किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार की शाम रंग श्री लिटिल बेले में देशज रंग महोत्सव में नाटक 'वे जंबूद्वीप से चले थे' का मंचन किया गया। नाटक में लेखन लक्ष्मीकांत का रहा जबकि निर्देशन सौरभ लोधी का। कार्यक्रम से पहले पूर्वरंग में ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति खास रही, जिसे अरुंधति सिंह दीवान ने प्रस्तुत किया। यह नाटक भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक यात्रा की कथा को मंच पर जीवंत करता हुआ नजर आया।

### पहले पूर्व रंग में ओडिसी की प्रस्तुति



ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति देतीं अरुंधति सिंह दीवान।

### नाटक की कहानी

प्रख्यात रंगकर्मी लक्ष्मीकांत वैष्णव द्वारा रचित नाटक 'वे जम्बू द्वीप से चले थे' भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था, भ्रष्टाचार और खोखली देशभक्ति पर किया गया एक तीखा व्यंग्य है। नाटक की शुरुआत अंतरिक्ष के तनावपूर्ण वातावरण से होती है, जहां तीन यात्री 'अपोलो-तीन-तेरह' नामक यान में फँसे हुए दिखाई देते हैं। यान में आई तकनीकी खराबी के कारण तापमान लगातार गिर रहा है और ऑक्सीजन भी समाप्त होने की कगार पर है, जो केवल वैज्ञानिक संकट नहीं



बल्कि व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बनकर सामने आता है। नाटक में यात्रियों के संवादों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि यान के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और ठेकेदारी व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार ने अंतरिक्ष जैसे महत्वपूर्ण मिशन को भी प्रभावित किया है। पृथ्वी पर स्थित नियंत्रण-केंद्र का मुख्य नियंत्रक, जिसे केवल एक 'चेहरे' के रूप में प्रस्तुत किया गया है, सत्ता और प्रशासन की संवेदनहीनता का प्रतिनिधित्व करता है।

## बजट वेबिनार में पीएम का 'केयर इकोनॉमी' पर जोर

# जन आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार का संकल्प.. शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बजट के बाद आयोजित 'सबका साथ, सबका विकास- लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना' विषय पर वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यही इस बजट का मूल ध्येय और सरकार का संकल्प है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे मूलभूत सेक्टर हैं। इसी वजह से इस वेबिनार में इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

## नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और पूंजी

योग और आयुर्वेद दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा



बजट वेबिनार को संबोधित करते पीएम मोदी

**स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बना रहे**

पीएम ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर काफी मजबूत हुआ है और सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत आरोग्य मंदिरों से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाई गई है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर

पीएम मोदी ने 'केयर इकोनॉमी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है। आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए कौशल धारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

### विशेषज्ञों से मांगे सुझाव

पीएम ने वेबिनार में मौजूद हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञों से अपील करते हुए कहा कि वे नए ट्रेनिंग मॉडल और पार्टनरशिप विकसित करने के लिए सुझाव दें, ताकि देश का ट्रेनिंग इकोसिस्टम और मजबूत हो सके।

## टेली मेडिसिन के प्रति जागरूकता बढ़ाएं

पीएम ने कहा कि टेली मेडिसिन का से बड़ी संख्या में दूरदराज के लोग भी अब इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं और इस पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, इसमें अभी और ज्यादा जागरूकता तथा सहजता बढ़ाने की जरूरत है। पिछले एक दशक में देश की सोच में बड़ा बदलाव आया है। आज भारत का हर युवा कुछ नया करना चाहता है। नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और उज्ज्वल भविष्य की पूंजी है।

### खेलों को राष्ट्रीय विकास से जोड़ा गया

पीएम ने कहा कि युवाशक्ति तभी राष्ट्रीय शक्ति बनती है, जब वह स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वास से भरपूर हो। पिछले कुछ वर्षों में खेलों को राष्ट्रीय विकास की महत्वपूर्ण धारा के रूप में देखा गया है। खेलो इंडिया जैसी पहलों ने देश में स्पोर्ट्स ईकोसिस्टम को नई ऊर्जा दी है और देशभर में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### शरजील को 10 दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत मिली है।



अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने उन्हें जमानत दी।

### बाड़मेर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**बाड़मेर।** बाड़मेर न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया।



पुलिस, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस अब ई-मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी है। धमकी भरे ई-मेल में दोपहर 1 बजे से पहले धमाका करने की बात कही गई थी।

### दावा: आशुतोष ब्रह्मचारी ने खुद लगाया चीरा

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी का दावा है कि आशुतोष ब्रह्मचारी



ने खुद ही टॉयलेट में जाकर अपनी नाक पर चीरा लगाया और इसे हमला बताकर उन्हें और उनके संगठन को फंसाने की कोशिश की है। उन्होंने सीएम योगी को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

### राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए निर्वाचित

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल से भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं।



उन्होंने अपना जीत का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया। सिन्हा ने कहा, वे जनता की सेवा और पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

---

## स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय

# विपक्ष का बहुमत जुटाना मुश्किल, 238 पर ही अटके, चाहिए 272, एनडीए के पास 293 सांसद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विपक्ष ने नोटिस में आरोप लगाया है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया था

लोकसभा में सोमवार को बजट सत्र के दूसरे भाग की शुरुआत में विपक्ष द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई। हालांकि सदन की कार्रवाई की सूची में यह मुद्दा प्रमुखता के साथ शामिल किया गया था। इसे लेकर विपक्ष ने सरकार को सत्र के पहले भाग में ही नोटिस दे दिया था। जिसे स्वीकार करते हुए सरकार इस पर चर्चा करने के लिए तैयार थी। लेकिन सुबह 11 बजे सदन की शुरुआत के साथ ही कांग्रेस समेत अन्य विपक्ष दलों के सांसदों द्वारा अध्यक्ष के आसन के सामने खड़े होकर हाथों में प्लेकार्ड लेकर किए गए हंगामे और नारेबाजी की वजह से दो बार के स्थगन के बाद 3 बजकर 8 मिनट पर कार्रवाई को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दरअसल विपक्ष की मांग लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा करने से पहले पश्चिम-एशिया में जारी भीषण युद्ध के बीच बने हुए चिंताजनक माहौल और उससे जुड़ी देश की विदेश नीति को लेकर सरकार का रुख जानने की थी। विपक्ष का आरोप है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया।

## पहले दूरी बना चुकी टीएमसी देगी विपक्ष का साथ

*नोटिस स्वीकार हुआ पर नहीं हुई चर्चा*


लोकसभा की कार्यवाही के दौरान हंगामा करते विपक्षी सांसद

### विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या नहीं

लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए साधारण बहुमत यानी 272 मतों की आवश्यकता होती है। फिलहाल सदन में सत्तारूढ़ पक्ष के पास लगभग 293 सांसदों का समर्थन बताया जा रहा है, जिसमें भाजपा, जेडीयू, टीडीपी और एनडीए के अन्य दल शामिल हैं। दूसरी ओर विपक्ष के पास कांग्रेस सहित अन्य दलों को मिलाकर लगभग 238 सांसद हैं। ऐसे में अगर प्रस्ताव पर मतदान होता है तो इसके पारित होने की संभावना कम मानी जा रही है। हालांकि बहस के दौरान विपक्ष इस मुद्दे के जरिए सरकार को घेरने की कोशिश जरूर कर सकता है।

### नोटिस स्वीकार हुआ पर नहीं हुई चर्चा

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ नोटिस दिया था, जिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। उस समय तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, लेकिन अब पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह विपक्ष के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी। चर्चा के दौरान लोकसभा अध्यक्ष स्वयं अध्यक्षता नहीं करेंगे। सामान्य तौर पर ऐसी स्थिति में कार्यवाही का संचालन उपाध्यक्ष करते हैं, लेकिन फिलहाल उपाध्यक्ष का पद खाली है। ऐसे में सभापति पैनल में शामिल सबसे वरिष्ठ सदस्य कार्यवाही का संचालन करेंगे, यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिल सकती है।

### कांग्रेस पर भड़के केंद्रीय मंत्री रिजिजू

## बोले- क्या एक आदमी पूरे देश का महाराजा है?



लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह कंफ्यूजन में है। उसके लोगों को यह नहीं पता है कि उन्हें क्या करना है। रिजिजू ने कहा कि मैंने कभी इतनी गैर-जिम्मेदार पार्टी नहीं देखी। आपका एक परिवार या एक आदमी क्या पूरे देश का महाराजा है? विपक्ष के लोग देश के संविधान और नियमों को ही नहीं मानते हैं।

### राज्यसभा में नड्डा का विपक्ष पर तंज

## मोदी सरकार में वहीं बैठे रहोगे और घटते जाओगे



राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार को गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को देश के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे लगातार मंत्रियों के जवाब के दौरान सदन से वॉकआउट कर रहे हैं। विपक्ष का मकसद हंगामा और अव्यवस्था फैलाना है। नड्डा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा मोदी सरकार के नेतृत्व में वहीं बैठे रहोगे और घटते चले जाओगे।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का दावा



संसद के बाहर प्रदर्शन करते राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

## अमेरिका से समझौता पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर केंद्र सरकार की चुप्पी और संसद में चर्चा न होने पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते ने देश को कमजोर स्थिति में डाल दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह डील पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा है, जिससे भारत के हितों पर समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से बच रही है क्योंकि बहस छिड़ने पर पीएम की कमजोर स्थिति और समझौते के पीछे की वजहें सामने आ जाएंगी।

### सरकार मुद्दों से भाग रही

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार जानबूझकर संवेदनशील विषयों से दूर भाग रही है। क्षेत्रीय संघर्ष से भारत की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होने वाला है। राहुल ने चेतावनी दी कि यह संकट एक बड़े पैराडाइम शिफ्ट की ओर इशारा कर रहा है, जिससे देश को आर्थिक रूप से गहरा झटका लगेगा। उन्होंने हालिया स्टॉक मार्केट में आई गिरावट का उदाहरण देते हुए कहा कि बाजार पहले ही इस प्रभाव को महसूस कर चुका है। राहुल ने सवाल उठाया कि क्या पश्चिम एशिया का मुद्दा इतना महत्वहीन है कि इस पर चर्चा नहीं हो सकती?

### भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा प्रभाव

वहीं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को एशिया के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में तेजी से बदल रही भू-राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह हालात केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। साथ ही भारत की वैश्विक छवि और सामर्थ्य पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 55 प्रतिशत जरूरतें पश्चिम एशिया से होने वाले आयात से पूरी करता है। यदि उस क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है तो उसका सीधा असर हमारे देश की आर्थिक स्थिरता पर पड़ सकता है।

---

### हरियाणा कांग्रेस महासचिव का दावा

# विधानसभा चुनाव में टिकट के बदले हमने 'करोड़ों' रुपए दिए

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा महिला कांग्रेस की महासचिव के पति गौरव कुमार ने दावा किया कि उन्होंने अपनी पत्नी



के लिए विधानसभा चुनाव में टिकट के बदले कांग्रेस नेताओं को पैसे दिए थे। गौरव कुमार की पत्नी ने भी बताया कि उन्होंने 25 फरवरी 2026 को अपना इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। पत्नी ने खुद को दलित समुदाय से बताया। वह एक शहीद की बेटी हैं। उनका परिवार पिछले छप्पन साल से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा है। उन्होंने पार्टी को करोड़ों रुपए दिए हैं। उन्हें झूठी उम्मीदें दी गईं। पत्नी ने आरोप लगाया कि उच्च कमान उन्हें धोखा दे रहा है। वे उनसे पैसे ले रहे हैं लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं मिल रहा है। गौरव कुमार का आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी को विधानसभा चुनाव का टिकट दिलाने के लिए पैसे दिए थे। यह दावा कांग्रेस पार्टी के भीतर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### नांगलोई में बेकाबू हुई डीटीसी बस

# कइयों को कुचला, 2 की मौत गुस्साई भीड़ ने किया पथराव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नांगलोई इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है।



आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जिनके शव एसजीएम अस्पताल और महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग में रखे गए हैं।

### नए रूप में दिखेगा 173 साल पुराना हावड़ा स्टेशन



**हावड़ा।** रेल मंत्रालय ने अगले पांच सालों में 173 साल पुराने हावड़ा स्टेशन को अपग्रेड करने का प्लान बनाया है। इससे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही की संख्या भी बढ़ेगी। हावड़ा देश का सबसे पुराना और सबसे बड़े रेलवे स्टेशनों में से एक है। हावड़ा स्टेशन का निर्माण 1854 में हुआ था। ईस्टर्न रेलवे के कैपेसिटी बढ़ाने के काम के तहत, हावड़ा रेलवे स्टेशन को दो नए प्लेटफॉर्म मिलने वाले हैं। 635 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म नंबर 24 पर 24 कोच वाली लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें

---

**सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पर बोले जस्टिस दत्ता**

# इसमें पारदर्शिता की कमी, जजों को भी नहीं पता कि यह बैठता कहां है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कॉलेजियम सिस्टम की कार्य प्रणाली पर यह कहते हुए सवाल उठाए हैं कि इसमें पारदर्शिता की कमी है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि अक्सर जजों को भी बहुत कम स्पष्टता होती है कि कॉलेजियम काम कैसे करता है और इसकी बैठकें कहां होती हैं। उन्होंने कहा कि आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि न सिर्फ हम जानते हैं कि क्या हो रहा है, हम ये तक नहीं जानते कि कॉलेजियम बैठता कहां है। उन्होंने कहा कि न्यायिक नियुक्तियां जेंडर की संख्या के बजाए मेरिट के आधार पर ही होनी चाहिए।


जस्टिस दीपांकर दत्ता

### आधी रात में याचिका लिखी थी क्या

सुप्रीम कोर्ट ने पांच याचिकाओं को 'असंगत और बेवजह' बताते हुए पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन खारिज कर दिए। इनमें से एक याचिका में मांग की गई थी कि यह जांच की जाए कि प्याज और लहसुन में 'तामसिक' यानी नकारात्मक ऊर्जा होती है या नहीं। सीजेआई ने वकील सचिन गुप्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि क्या आप आधी रात को ये सारी याचिकाएं तैयार करते हो?

### महिला वकीलों को जज बनाएं

देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने हाईकोर्ट्स के कॉलेजियम को योग्य महिला वकीलों को जजों के तौर पर नियुक्त किए जाने को लेकर गंभीरता से विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम को यह भरोसा होना चाहिए कि न्याय व्यवस्था उनकी वास्विकताओं को समझती है और उनके साथ निष्पक्षता से पेश आएगी।

### चुनाव आयोग ने बंगाल में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

# भाजपा की मांग: तीन से ज्यादा चरण में न हो मतदान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग के पदाधिकारियों ने राज्य के राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। भाजपा ने राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती, भयमुक्त माहौल में मतदान और रिगिंग रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। सुझाव दिया कि चुनाव कई चरणों में कराने के बजाए एक या अधिकतम तीन चरणों में कराए जाएं, ताकि सुरक्षा व्यवस्था बेहतर ढंग से संभाली जा सके।

## सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती की मांग की



बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व अन्य अधिकारी

### कालीघाट मंदिर में विरोध

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दक्षिण कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान कुछ लोगों ने काले झंडे दिखाकर विरोध भी जताया।

**आयोग ने मेरा अपमान किया: मंत्री चंद्रिमा**



तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में शामिल राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि एसआईआर को लेकर सवाल पूछने पर आयोग बार-बार यह कहकर जवाब दे रहा था कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने उन्हें ऊंची आवाज में बोलने से रोका, जिससे वे असंतुष्ट हैं।

### सीएम ममता का आरोप

## भाजपा ने धरनास्थल पर पर्चे बांटे, दो गिरफ्तार

सीएम ममता बेनर्जी ने धरनास्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियों द्वारा पर्चे बांटे जाने का



आरोप लगाते हुए सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे ऐसे लोगों को पकड़ें और पुलिस के हवाले कर दें। उनके निर्देश के उपरांत पुलिस ने ऐसे दो लोगों को हिरासत में लिया है जो कोलकाता में पीएम नरेंद्र मोदी की 14 मार्च की रैली के प्रचार के मद्देनजर पर्चे बांट रहे थे।



# पुतिन के प्रवक्ता बोले- 'पी-5' की बैठक कर तत्काल तय करें दुनिया कानून से चलेगी या ताकत से चलाई जाएगी

ये चित्र 15 अक्टूबर 2023 का, उस वक्त लिया गया था जब लेबनान के एक गांव में इजराइली सेना ने व्हाइट फॉस्फोरस बम बरसाया था। ऐसे ही बम बरसाने का आरोप एक बार फिर लगा है।

**1** यूएनएससी की पी-5 में हैं रूस, चीन, अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस

**2** रूस ने कहा अंतरराष्ट्रीय कानून का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है

रूस ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून निष्प्रभावी हो गए हैं। उसने यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्यों का शिखर सम्मेलन बुलाने के राष्ट्रपति पुतिन के प्रस्ताव पर अमल करने का आह्वान किया

**ईरान ने ट्रंप को सुनाई खरी खरी**

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच रूस ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून निष्प्रभावी हो गए हैं। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी ) के पांच स्थायी सदस्यों (पी-5) का शिखर सम्मेलन बुलाने के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव पर अमल करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तत्काल इस सम्मेलन में तय करें कि दुनिया कानून से चलेगी या ताकत के बल पर चलाई जाएगी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति पुतिन के उस प्रस्ताव पर फिर से विचार करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है, जो उन्होंने कोविड-19 महामारी से पहले दिया था, जिसमें वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा करने के लिए पी-5 (रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन) के शिखर सम्मेलन का आह्वान किया गया था। पेस्कोव ने एक इंटरव्यू में कहा कि हम सबने अंतरराष्ट्रीय कानून नाम की चीज खो दी है... मुझे तो यह भी समझ नहीं आता है कि किसी से अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों और सिद्धांतों का पालन करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। असल में, अंतरराष्ट्रीय कानून का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून कानूनी तौर पर मौजूद हैं, लेकिन अब वास्तविक रूप से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम किस कानून की बात करें, किस कानून का पालन करें? आज कोई भी यह परिभाषित नहीं कर सकता कि वह कानून क्या है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद तनाव में हुई तीव्र वृद्धि का जिक्र करते हुए पेस्कोव ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति काफी हद तक अस्थिर हो गई है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र काफी हद तक अस्थिर हो गया है, और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय संघर्षों और अनसुलझे मुद्दों के संचयी प्रभाव के परिणामस्वरूप आर्थिक और राजनीतिक दोनों तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं।

## अमेरिका को योजना स्पष्ट करना चाहिए



इस बीच, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिका को अपनी व्यापक योजनाओं को स्पष्ट करना चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मानदंडों से कैसे संबंधित हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि हम अक्सर इस बारे में बात करते हैं कि हम किस तरह की दुनिया में रहते हैं, इसे परिभाषित करना चाहते हैं। हमारा मानना है कि अमेरिका को अपनी योजनाओं और यह सब पहले से परिभाषित मानदंडों से कैसे संबंधित है, इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

**रूस ने कहा माहौल इतना खराब है कि कानूनों का पालन होना कठिन लगता है**

**पूछा-क्या ऐसे ही बे-लगाम होकर लोग चलेंगे तो फिर अस्तित्व कैसे बचेगा?**

## कभी इजराइल को गुप्त तरीके से तेल भेजता था ईरान




*आज ईरान और इजराइल के बीच दोनों देश कट्टर दुश्मन के रूप में आमने-सामने खड़े हैं, लेकिन इतिहास का यह अध्याय याद दिलाता है कि कभी तेल की जरूरत ने उन्हें एक ही मेज पर बैठने के लिए मजबूर कर दिया था। दोनों देश तेल के कारोबार में सीक्रेट पार्टनर बन गए थे। यह कहानी उस दौर की है, जब राजनीतिक दुश्मनी पर आर्थिक जरूरतें ज्यादा भारी पड़ गई थीं। उसी समय, जून 1967 में एक युद्ध हुआ। युद्ध की शुरुआत तब हुई जब इजराइल ने मिस्र के हवाई ठिकानों पर अचानक हमला कर दिया। इसके बाद लड़ाई तेजी से फैल गई और सिर्फ छह दिनों में इजराइल ने सिनाई प्रायद्वीप, गाजा पट्टी, पश्चिमी तट, पूर्वी यरूशलम और गोलान हाइट्स जैसे महत्वपूर्ण इलाकों पर कब्जा कर लिया। यह परियोजना छोटी नहीं थी। इलात-अश्केलोन पाइपलाइन लगभग 254 किलोमीटर लंबी और 42 इंच चौड़ी थी। इसके जरिए तेल लाल सागर से भूमध्य सागर तक पहुंचाया जाता था। हालांकि इतनी बड़ी परियोजना दुनिया की नजरों से ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की 25 अप्रैल 1968 की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि इस पाइपलाइन के लिए बड़े पैमाने पर तेल का स्रोत ईरान ही होगा।*

### ईरान में फंसे भारतीयों के लिए दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** ईरान में फंसे भारतीयों के लिए तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। एंबेसी ने कहा है कि मिशन ने पहले से कोऑर्डिनेशन किए बिना देश से बाहर जाने के लिए किसी भी लैंड बॉर्डर पॉइंट पर न जाएं। एंबेसी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वह उन लोगों की मदद नहीं कर पाएंगे जो ईरानी इलाके से निकल गए हैं, लेकिन किसी तीसरे देश में दाखिल नहीं हो पाए हैं। दूतावास ने ईरान में मौजूद भारतीयों के लिए इमरजेंसी नंबर जारी किए हैं और उनके संपर्क में रहने के लिए कहा है। एम्बेसी ने हेल्पलाइन नंबर +98-9128109115, +98-9128109102, +98-9128109109 और +98-9932179359 शेयर किए हैं।

## इजराइल पर लगा जंग में मांस गला देने वाले व्हाइट फॉस्फोरस बम के इस्तेमाल का आरोप

*ह्यूमन राइट्स वॉच ने सात तस्वीरों को जियोलोकेट और वेरिफाई करके कहा कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के योहमोर गांव के रिहायशी इलाकों में आर्टिलरी का इस्तेमाल करके व्हाइट फॉस्फोरस दागा। यह तब हुआ जब इजराइली सेना ने गांव के लोगों और दक्षिणी लेबनान के दर्जनों दूसरे लोगों को खाली करने की चेतावनी दी थी। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि वह खुद से यह पता नहीं लगा सका कि इलाके में अभी भी कोई रहने वाला है या किसी को नुकसान हुआ है। सफेद फॉस्फोरस एक खतरनाक रासायनिक पदार्थ है। यह मोम जैसा पीला या सफेद दिखता है और लहसुन जैसी गंध वाला होता है। यह हवा में ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर खुद-ब-खुद जलने लगता है और 815 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान पैदा करता है। कल्पना कीजिए 50 से 60 डिग्री का तापमान ही मनुष्य का शरीर बर्दाश्त नहीं कर सकता है। जब सफेद फॉस्फोरस मानव शरीर पर गिरता है तो गंभीर प्रभाव होते हैं। यह त्वचा को गहराई तक जला देता है, हड्डियों तक पहुंच सकता है और दर्दनाक घाव बनाता है जो ठीक होने में मुश्किल होते हैं। सफेद फॉस्फोरस के जलने से निकला धुआं सांस में जाकर फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। सांस लेने में तकलीफ होती है और ये मौत का कारण बन सकता है। ह्यूमन राइट्स के सपोर्टर्स का कहना है कि इंटरनेशनल कानून के तहत व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल गैर-कानूनी है। जब आबादी वाले इलाकों में इस गर्म केमिकल को फेंका जाता है तो इससे इमारतों में आग लग सकती है और इंसानी शरीर की हड्डियां तक जल सकती हैं।*

## ईरान के खिलाफ सीधी जंग में उतरा तुर्की, समंदर में गिराई मिसाइल

ईरान जंग में तुर्की ने एक्टिव रूप से एंट्री ले ली है। तुर्की ने ईरान की ओर से आ रहे एक बैलेस्टिक मिसाइल को पूर्वी भूमध्यसागर में ही मार गिराया है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने ईरान को चेतावनी दी है कि वे इलाके की सुरक्षा और आम लोगों को खतरे में डालने वाले कदम न उठाएं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हम याद दिलाते हैं कि इस मामले में तुर्की की चेतावनियों को मानना सभी के हित में है। तुर्की को मिलने वाले खतरों के खिलाफ हम सभी जरूरी कदम बिना किसी झिझक के उठाए जाएंगे। लेकिन उत्तरी साइप्रस तुर्की के नियंत्रण में है। उत्तरी साइप्रस में ही तुर्की ने एफ-16 तैनात किया है। तुर्की को डर सता रहा है कि ईरान की ओर से या ईरान की समर्थक ताकतें यहां हमला कर सकती हैं। इससे पहले तुर्की ने ईरान को चेतावनी दी कि कोई मिसाइल उसके हवाई क्षेत्र के पास न गिरे, लेकिन ईरान ने इसे नजरअंदाज किया। इससे दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप बढ़े। इसके बाद तुर्की ने उत्तरी साइप्रस में फाइटर जेट्स और एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिए हैं।

**ईरान में दसवें दिन भी इंटरनेट बंद, दिक्कत**

ईरान में इंटरनेट बंदी दसवें दिन भी जारी है। साइबर सुरक्षा निगरानी संस्था के अनुसार, ईरान के लोग अब लगातार 216 घंटे से वैश्विक इंटरनेट से कटे हुए हैं। यह भी बताया जा रहा है कि देश की लगभग 90 मिलियन जनता इस बंद के चलते इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर पा रही है। वर्तमान में इंटरनेट कनेक्शन केवल 1 प्रतिशत सामान्य स्तर पर है।

## अमेरिका ईरान को बांटकर तेल हथियाना चाहता है, वे मानवीय गरिमा कुचल रहेः बघाई



ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बघाई ने अमेरिका पर ईरान के तेल संसाधनों पर कब्जा करने की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी योजना साफ है, उनका मकसद बिल्कुल स्पष्ट है- वे हमारे देश को बांटकर हमारी तेल संपदा पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। बघाई ने आगे कहा कि उनका उद्देश्य हमारी संप्रभुता का उल्लंघन करना, हमारी जनता को पराजित करना और हमारी मानवीय गरिमा को कुचलना है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बघाई ने कहा है कि ईरान क्षेत्र के देशों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए दृढ़संकल्पित है, भले ही युद्ध शुरू होने के बाद से इनमें से कई देशों पर ईरानी मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए गए हों। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी देश की जमीन का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया जाता है तो ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। बघाई ने कहा कि हमारी आत्मरक्षा की कार्रवाई को किसी भी देश के प्रति शत्रुतापूर्ण कदम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### टैगोर की लघुकथा 'शास्ति' पर फिल्म



**कराची।** पाकिस्तानी निर्माता आबिद मर्चेंट ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 1893 की लघुकथा 'शास्ति' (सज़ा) पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म शुरु की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के फिल्म पेशेवर शामिल होंगे। फिल्म का निर्देशन बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी, जिन्हें उनकी 2025 की फिल्म ए हाउस नेम्ड शाहाना के लिए जाना जाता है। मर्चेंट ने बताया कि वह अपनी संस्था सनात इनिशिएटिव के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण करेंगे। फिल्म में बांग्लादेश की दो प्रमुख अभिनेत्रियां पोरी मोनी और चंचल चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर पाकिस्तान से भारत तक चर्चा होना शुरु हो गई है। आने वाले समय में तय होगा कि इस फिल्म को लोग कितना पसंद करते हैं या नहीं।

### इजराइल-ईरान जंग पर भारत की कड़ी नजर, संसद में केंद्र सरकार ने रखी टू द पॉइंट अपनी बात

# बातचीत से हल निकलेगा, हम शांति के पक्ष में हैं, सरकार ने हालात पर नजर रखने के लिए स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद में केंद्र सरकार ने सोमवार को पश्चिम एशिया के तनाव पर आधिकारिक बयान दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इजराइल-ईरान युद्ध पर बयान देते हुए कहा कि खाड़ी देशों में हालात चिंताजनक हैं और भारत शांति के पक्ष में है। संसद में पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने राज्यसभा में बयान देते हुए कहा कि 28 फरवरी से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और खाड़ी के कई देशों में हालात चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मुद्दे पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में भी विस्तार से चर्चा की गई थी और सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय हैं और भारत का मानना है कि किसी भी विवाद का समाधान संवाद और कूटनीतिक प्रयासों से ही निकाला जाना चाहिए।

**समाधान के लिए बातचीत और विचार-विमर्श किया जाना चाहिए**

**संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी वकालत की**

### भारतीय दूतावास और राजनयिक दिन-रात कर रहे काम

उन्होंने यह भी बताया कि ईरान में फंसे भारतीय छात्रों को दूतावास के जरिए मदद दी गई और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल किया गया। कई छात्रों को आर्मेनिया के रास्ते भारत लाने की व्यवस्था की गई। विदेश मंत्री ने कहा कि संकट के समय भारतीय दूतावास और राजनयिक मिशन दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि जरूरतमंद भारतीयों तक मदद पहुंचाई जा सके। राज्यसभा में बयान के दौरान उन्होंने कहा कि कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन समेत खाड़ी क्षेत्र के कई देशों में भारत सक्रिय रूप से संपर्क बनाए हुए है। जिन भारतीयों को सहायता की जरूरत है, उनके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खाड़ी देशों के नेताओं से बातचीत की है और राजनयिक माध्यमों से लगातार संवाद जारी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क करना स्वाभाविक रूप से कठिन है। हालांकि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री से बातचीत की है।

### खाड़ी देशों में करीब 1 करोड़ भारतीय

जयशंकर ने बताया कि खाड़ी देशों में करीब 1 करोड़ भारतीय रह रहे हैं। हम भारतीयों से लगातार संपर्क में है। उनके मुताबिक इस पूरे क्षेत्र में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं और सरकार उनकी सुरक्षा और मदद के लिए पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर आम जीवन और व्यापार पर भी पड़ा है। इसके साथ ही सप्लाई चेन पर भी दबाव देखा जा रहा है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर भी सतर्क है और हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**संपर्क मुश्किल है पर भारत ने दो बार ईरान से बात की**

### युद्धपोत के डॉकिंग के लिए ईरान ने किया धन्यवाद



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लवन को कोच्चि बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी। इसे लेकर ईरान ने भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है। ईरान ने भारत के इस कदम को "मानवीय" बताया। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान इसकी जानकारी दी। पश्चिम एशिया संघर्ष में बदलते हालात पर राज्यसभा में जयशंकर ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के साथ उच्च स्तरीय संपर्क बनाए रखना मुश्किल रहा है।

**जयशंकर ने 20 फरवरी और 5 मार्च, 2026 को विदेश मंत्री अराघची से बात की**

हालांकि मौजूद चैनलों के जरिए डिप्लोमैटिक बातचीत जारी है। विदेश मंत्री ने कहा, हालांकि कोशिशें की गई हैं, लेकिन इस समय नेतृत्व के स्तर पर ईरान के साथ संपर्क करना साफ तौर पर मुश्किल है। हालांकि, मैंने 20 फरवरी, 2026 और 5 मार्च, 2026 को विदेश मंत्री अराघची से बात की है। हम आने वाले दिनों में ये उच्च स्तरीय बातचीत जारी रखेंगे। इस दौरान उन्होंने कोच्चि में अभी डॉक किए गए ईरानी नेवी के जहाज का भी जिक्र किया। विदेश मंत्री ने उन हालातों के बारे में बताया जिनके तहत भारत ने जहाज को भारतीय पोर्ट में आने की इजाजत दी थी। बता दें, यह तब हुआ जब श्रीलंका के पास ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना के डूबने की घटना घटी। लगभग उसी समय, एक और ईरानी नौसेना का जहाज इस इलाके में काम करते समय तकनीकी दिक्कतें आईं थीं।

## सेशेल्स में शुरू हुआ भारत-सेशेल्स संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामितिये-2026'



**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली ।** भारतीय सशस्त्र बलों का एक दल सेशेल्स रक्षा बलों के साथ आयोजित होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामितिये-2026' के 11वें संस्करण में भाग लेने के लिए सेशेल्स पहुंच गया है। यह संयुक्त अभ्यास 9 से 20 मार्च 2026 तक सेशेल्स रक्षा अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। क्रियोल भाषा में 'लामितिये' का अर्थ 'मित्रता' होता है। यह द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2001 से सेशेल्स में आयोजित किया जा रहा है। इस संस्करण में भारतीय सशस्त्र बलों की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संयुक्त सैन्य अभ्यास में असम रेजिमेंट के जवानों के साथ भारतीय नौसेना और वायु सेना के कर्मी भी शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद और भारतीय वायु सेना का सी-130 विमान भी इस अभ्यास का हिस्सा हैं।

### खाद्य सुरक्षा के लिए भारत-मलावी साझेदारी पर हो रहा अमल

## अफ्रीकी देश मलावी में पड़ा सूखा, भारत ने 1,000 मीट्रिक टन चावल भेजा

**मलावी में 40 लाख से ज्यादा लोग राशन के इंतजार में हैं**

**अल नीनो की वजह से मलावी में अनियमित बारिश हो रही है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफ्रीकी देश मलावी में अल नीनो की वजह से भारी सूखा पड़ा है। ऐसे हालात में भारत ने मलावी को 1,000 मीट्रिक टन चावल की मानवीय मदद भेजी है। भारत ने इस कदम के साथ ही ग्लोबल साउथ में साझेदारों का समर्थन करने और साउथ-साउथ सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, खाद्य सुरक्षा के लिए भारत-




मलावी साझेदारी। अल नीनो के असर से आए सुखाड़ के बाद खाद्य सुरक्षा के लिए मलावी की कोशिशों का समर्थन करने के लिए, भारत ने न्हावा शेवा पोर्ट से मलावी के लोगों के लिए 1,000 मीट्रिक टन चावल की मानवीय खेप भेजी है। यह ग्लोबल साउथ में पार्टनर्स को सपोर्ट करने और साउथ-साउथ सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने के लिए भारत की लगातार प्रतिबद्धता को दिखाता है। बता दें, मलावी में 40 लाख से ज्यादा लोग (आबादी का 20 प्रतिशत) खाने की बहुत ज्यादा कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे कुपोषण बढ़ रहा है और परिवार खाना छोड़ रहे हैं। अल नीनो की वजह से मलावी में अनियमित बारिश हो रही है और चिलवा झील जैसे बड़े पानी के स्रोत सूख गए हैं। वहीं, मलावी सरकार ने आपदा की स्थिति घोषित कर दी है। बता दें, पिछले साल अक्टूबर में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जॉर्ज चापोंडा को मलावी के विदेश मंत्री के तौर पर उनकी नियुक्ति पर बधाई दी थी। जयशंकर ने कहा कि वह भारत और मलावी के बीच द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, जॉर्ज चापोंडा को मलावी रिपब्लिक के विदेश मंत्री के तौर पर उनकी नियुक्ति पर बधाई। भारत के साथ उनके करीबी संबंध को देखते हुए, हम अपने द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

### 2024 में मलावी गई थीं राष्ट्रपति मुर्मू

*भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी 2024 में मलावी के राजकीय दौरे पर गई थीं। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने तत्कालीन मलावी समकक्ष लाजरस मैकार्थी चकवेरा से मुलाकात की और भारत-मलावी संबंधों को और गहरा करने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की थी। इसके साथ ही उन्होंने कला और संस्कृति, युवा मामलों, खेल और फार्मास्यूटिकल सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए थे। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने लिलोंग्वे में नेशनल वॉर मेमोरियल का दौरा किया और पहले और दूसरे विश्व युद्ध और दूसरे सैन्य अभियानों के दौरान अपनी जान देने वाले सैनिकों और नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित की थी।*

# दो कदम गौतम आगे आए और दो कदम मैंने उठाए और बीच का रास्ता निकालाः सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि कैसे उनकी पत्नी इस दिग्गज को उनकी 'काम के स्थल वाली पत्नी' मानती थी।

जब कोई उनके टी20 उत्तराधिकारी सूर्यकुमार यादव को मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में बात करते हुए देखता है तो यह समीकरण उतना ही सहज और आपसी भरोसे तथा सम्मान पर बना हुआ लगता है जितना रोहित और द्रविड़ के बीच था। जब सूर्यकुमार से गंभीर के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने गौतम भाई के साथ चार साल (कोलकाता नाइट राइडर्स में) क्रिकेट खेला है और मुझे पता था कि वह कैसे सोचते हैं। वह दो कदम उठाएंगे, मैं दो कदम उठाऊंगा और हम बीच में कहीं मिलेंगे।' सूर्यकुमार ने कहा कि इन दो वर्षों में दोनों के बीच कभी कोई बहस नहीं हुई और उन्होंने एक आदर्श एकादश तय करने के लिए कभी रातों की नींद नहीं गंवाई। सूर्यकुमार ने कहा, ' जब से हमने साथ काम करना शुरू किया, जब हम श्रीलंका गए थे, तब से लेकर अब तक मुझे याद नहीं कि कभी किसी खिलाड़ी को लेकर हमारी बहस हुई हो।' कप्तान ने कहा, ' हम बात करते हैं कि हमें किसी खास खिलाड़ी को खिलाना चाहिए या नहीं। हम दोनों हमेशा टीम को जिताने में दिलचस्पी रखते हैं।

### खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना जरूरी

सूर्यकुमार ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुश्किल दौर का सामना कर रहे खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना बहुत जरूरी है और दोनों ने मुश्किल दौर से उबरकर टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ' जब कोई अच्छा नहीं कर रहा होता तो आप उसके साथ समय बिताने की कोशिश करते हैं। उसे डिनर पर ले जाते हैं, उससे बात करते हैं क्योंकि ये ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सही समय पर आपके लिए कुछ खास करेंगे जैसा अभिषेक ने अभी किया और संजू ने पिछले तीन मैच में किया।' सूर्यकुमार ने कहा, 'अपनी भूमिका निभाना, अपनी जिम्मेदारियों को समझना, सही समय पर मदद करना, जब कोई अच्छा नहीं कर रहा हो तो खिलाड़ी से बात करना। ये मेरे लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए ये सभी चीजें मेरे लिए काफी मायने रखती हैं।'





### हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना

उन्होंने कहा, 'मुझे शुरू से ही पता था कि हमारी एक-दूसरे से क्या उम्मीदें होंगी। कई बार हमने टीम के बारे में एकादश या 15 खिलाड़ियों के बारे में बात की है कि हमें किसे चुनना है और 14 खिलाड़ी हमेशा एक जैसे रहे हैं।' सूर्यकुमार ने कहा,'अगर सफलता की दर इतनी अधिक है तो हमें इस पर अधिक बात करने की जरूरत नहीं है। हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना था।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए हम किसी भी चयन के फैसले को लेकर सहज थे।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में शामिल हों

बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम - 2026

JOIN COLLEGES OF NURSING UNDER AFMS BSC (NURSING) COURSE-2026

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम 2026 के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार का नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में सफल होना अनिवार्य है। पात्रता, नियम एवं शर्तों की जानकारी रोजगार समाचार में प्रकाशित की जायेगी। यह सूचना इस वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध होगी।

Female candidates desirous of seeking admission to BSc(N) 2026 course at Colleges of Nursing under AFMS have to mandatorily qualify NEET (UG) 2026. The Eligibility, Terms and Conditions will be published in the Employment News in due course of time. The same will also be available on the website

www.joinindianarmy.nic.in

cbc 10601/11/0070/2526

## सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ बनाए 321 रन

# टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ 3 भारतीय बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ 321 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। इसी के साथ सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में यह पुरस्कार जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। इस पुरस्कार को जीतने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

### विराट कोहली



दिग्गज बल्लेबाज ने टी20 वर्ल्ड कप 2014 और 2016 में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया था। वह इकलौते ऐसे भारतीय हैं, जिन्होंने दो बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2014 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 106.33 की औसत के साथ 319 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से 10 छक्के और 24 चौके निकले। इसके बाद साल 2016 में भी कोहली ने इस पुरस्कार को अपने नाम किया। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2016 में कुल 5 मैच खेले, जिसमें 136.50 की औसत के साथ 273 रन बनाए।

### जसप्रीत बुमराह



भारत ने जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। उस संस्करण में बुमराह ने 8 मुकाबले खेलते हुए कुल 29.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान बुमराह ने 124 रन देकर 15 विकेट हासिल किए। हालांकि, अर्शदीप सिंह 17 विकेट लेकर उस संस्करण में सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बुमराह से एक पायदान ऊपर थे, लेकिन डेथ ओवर्स में शानदार प्रदर्शन के साथ बुमराह ने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब अपने नाम किया।

### संजू सैमसन



साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान दाएं हाथ के इस खिलाड़ी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआती दो पारियों में सैमसन 22 रन और 24 रन ही बना सके थे। कुछ दिग्गज प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह पर ही सवाल खड़े करने लगे थे, लेकिन इसके बाद सैमसन ने खुद को साबित किया। संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध निर्णायक सुपर-8 मैच में 97 रन की नाबाद पारी खेली, जिसने भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया। नॉकआउट मैच में सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### ट्रॉफी की पूरी तरह से हकदार भारतीय टीमः सचिन तेंदुलकर



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा।

# सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमारा युग होता तो वनडे सीरीज नहीं गंवातेः गंभीर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



भारत ने टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनकर अपने दबदबे का सबूत दिया है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि यह सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम इंडिया का युग नहीं है क्योंकि उन्होंने एकदिवसीय प्रारुप में श्रृंखलाएं गंवाई हैं। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली अब सिर्फ भारत की एकदिवसीय टीम का ही हिस्सा हैं।

लगातार तीन वर्षों में तीन आईसीसी खिताब (2024 टी20 विश्व कप, 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 टी20 विश्व कप) जीतने के बाद भारत के दबदबे की 1999 और 2007 के बीच ऑस्ट्रेलिया के दबदबे (जब टीम ने लगातार तीन एकदिवसीय विश्व कप जीते) से तुलना करना लाजमी था। गंभीर ने इस पर जवाब देते हुए कहा, 'मैं सफेद गेंद के क्रिकेट के बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि सफेद गेंद के क्रिकेट में एकदिवसीय प्रारुप में हमने पिछली तीन में से दो श्रृंखला गंवाई हैं। अगर यह (हमारा) युग होता तो हम दो श्रृंखला नहीं हारते।' उन्होंने नाम नहीं लिए लेकिन यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं था कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया (विदेश) और न्यूजीलैंड (स्वदेश) में श्रृंखला गंवाने के दौरान कौन-कौन खेला था। हालांकि गंभीर इस बात से सहमत हैं कि हाल के आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। गंभीर ने कहा, 'मैं इन युग पर विश्वास नहीं करता। आपको हर दिन मैदान उतरना होगा, चाहे आप कोई भी मैच खेल रहे हों। जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आप हर मैच जीतना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि यह द्विपक्षीय श्रृंखला है या आईसीसी ट्रॉफी है या विश्व कप है। मैं द्विपक्षीय और आईसीसी टूर्नामेंट में फर्क नहीं कर सकता क्योंकि ये एक ही हैं। सब कुछ बिल्कुल वैसा ही रहता है।'

# भारतीय टीम की नजरें ओलंपिक का स्वर्ण जीतने पर




**अहमदाबाद।** आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार के खेलने की पूरी संभावना है। लेकिन इससे पहले लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है। भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। सूर्यकुमार ने कहा, ' एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है।' उन्होंने कहा,' 2024 के बाद से जिस तरह से सफर तय किया गया है, हम काफी रोमांचित हैं। हमने तीन आईसीसी ट्रॉफी (वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी समेत) लगातार जीती। 2024 में लंबे समय बाद आईसीसी खिताब जीता। हमें पता है कि हम किस तरह से खेलना चाहते थे। 2024 के बाद सब कुछ बदल गया।' सूर्यकुमार ने कहा ,'हमने 2025 में चैम्पियंस ट्रॉफी (रोहित शर्मा की कप्तानी में) जीती और बिल्कुल अलग तरह की क्रिकेट खेली। अब 2026 में हम अपने घरेलू मैदान पर कुछ खास करना चाहते थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा) भोपाल

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 832/यां.वि./26 भोपाल, दिनांक - 06.03.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_379794_3 | CONSTRUCTION OF COMMUNITY HALL NEAR PANDIT NARENDRA JI HOUSE NEHRU NAGAR WARD-28 ZONE-08 THIRD CALL | 4,23,673/- | 12 MAR 2026 | 05.30 PM |
| 2 | 2026_UAD_487480_1 | CONSTRUCTION OF C C ROAD, DRAIN AND INTERLOKING PAVER BLOCKS AT NIRALA NAGAR, SAHYADRI PARISAR PHASE II AND OTHER PLACES OF WARD 25 ZONE 21 | 21,05,056/- | 06 APR 2026 | 05.30 PM |

नोट : संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगें।

नि.क्र. : 3280/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

E-mail id-mobhopal@gmail.com

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक/ /खनिज /2024 भोपाल, दिनांक / /2026

// सूचना //

(म.प्र. गौण खनिज नियम-1996 के नियम- 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति राजदुलारी पाराशर पत्नि श्री संजय पारशर निवासी ग्राम कलखेडा पोस्ट रातीबड तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. म.प्र. मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम-1996 के नियम 18 क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन नवीन आवेदन पत्र क्रमांक/466 दिनांक 19.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः-

// आवेदन का संक्षिप्त विवरण //

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी / अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | सरवर | 583/1, 583/2, 584/1/2, 584/1/3, 592/1, 592/2, 593/1, 593/2, 596/1, 596/2 | 3.400 हेक्टे. | निजी | यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिये पत्थर (अर्थात क्रेशर के उपयोग हेतु) | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला भोपाल में आपत्ति का लेख/कारण दशार्ते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला भोपाल (म.प्र.)

G-26970/25 सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो

प्रारूप दस
(नियम 9 देखिए)

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-राजस्व की उगाही) नियम, 2020 समक्ष न्यायालय तहसीलदार रायसेन जिला रायसेन

प्रकरण कमांक/0001/अ-16/2025-26 रायसेन दिनांक 20/2/2026
मौजा रायसेन

खाते के विक्रय की उद्धोषणा
(मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (1) (बी) के अधीन)

क्योंकि नीचे विनिर्दिष्ट खाता/खातों को रामदेवबाबा बारको डेब्लेपर्स, इंडिया प्रा.लिमिटेड, रावतमाल महाराष्ट्र द्वारा-डारेक्टर श्री गणेश पिता बिठठलदास जी चाण्डक व विक्रमसिंह आ. अर्जुनसिंह दालवाला नि. यावतमाल पता-महाराष्ट्र भूमि स्वामी. पता-रायसेन मध्यप्रदेश पर कॉलम (6) में विनिर्दिष्ट DEPUTY SECRETARY. REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY MADHYA PRADESH BHOPAL REVENUE RECOVERY CERTIFICATE PROCESS NO 306 EXECUTION NO-M-RSN-23-0144. PROCESS NO 307 EXECUTION NO-M-RSN-23-0141 and PROCESS NO 308 EXECUTION NO-M-RSN-23-0143 श्री करुणानिधि वैध एवं प्रीति वैध, नाजिर निवास, वाईसा मुहल्ला रविशंकर वार्ड सागर म०प्र० विरूद्ध श्री रामदेव बारको डेब्लपर्स, लक्ष्मी रेसीडेंसी, तिलक स्मारक मंदिर रोड के पास, यवतमाल महाराष्ट्र में पारित आदेश दिनांक 31/1/2024 के पालन में बकाया तथा आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे के लेखे रुपए 19,35,572-00 रुपए की वसूली हेतु कुर्क किया गया है। एतद् द्वारा उद्धोषणा की जाती है कि यदि एतद् द्वारा विकय के लिए नियत दिनांक से पूर्व देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो उक्त खाता/खातों का उस पर उन पर अधिरोपित समस्त भारों और उसके / उनके संबंध में किए गए समस्त अनुदानों से एवं संविदाओं से मुक्त स्थान न्यायालय तहसीलदार रायसेन पर दिनांक 23/03/2026 को प्रातः 11.00 बजे से प्रारम्भ कर सार्वजनिक नीलामी की नियमानुसार कार्यवाही कर विक्रय कर दिया जाएगा। रामदेवबाबा बारको डेब्लेपर्स, इंडिया प्रा. लिमिटेड, रावतमाल महाराष्ट्र द्वारा डारेक्टर श्री गणेश पिता बिठठलदास जी चाण्डक व विक्रमसिंह आ. अर्जुनसिंह दालवाला नि. यावतमाल पता-महाराष्ट्र भूमि स्वामी. पता-रायसेन मध्यप्रदेश।

| ग्राम / नगर | पटवारी हल्का क्रमांक / सेक्टर क्रमांक | खाता क्रमांक | क्षेत्रफल (हैक्टेयर में) | निर्धारण | बकाया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| रायसेन | 21/47 | 335/1 | 1.680 | 7.645 हेक्टर रकबा में से प्रश्नाधीन राशि हेतु रकबा 445.28 वर्गमीटर | 19,35,572.00 रूपये |
| | | 335/2 | 1.680 | | |
| | | 335/3 | 1.680 | | |
| | | 335/4 | 1.680 | | |
| | | 338/2 | 1.214 | | |
| | | कुल किता 05 | 7.645 हे. | | |

जमानत की शर्ते निम्नानुसार रहेगी :-
1. जमानत की राशि 10 प्रतिशत नगद राशि कराना अनिवार्य रहेगा।
2. अंतिम बोली की राशि का 25 प्रतिशत बोली समाप्त होने के तत्काल उपरांत जमा कराना होगा।
3. अंतिम बोली की राशि 02 दिवस में अनिवार्य रूप से जमा करना होगी।
4. निलामी की शर्तो मे नियमानुसार परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

G-26952/25 स्वच्छता ही सेवा तहसीलदार, रायसेन

बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालयः
भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2556770, 2555169
E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.co.in

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **25.03.2026** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

| ऋणी /जमानतदार का नाम मांग नोटिस, राशि दिनांक | बंधक रखी संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| **हमीदिया रोड शाखा, भोपाल, फोन : 9918781052, 9827076697 Account to deposit auction sale proceeds- 900390200000033, IFSC- BKID0009003** | | |
| ऋणीः **श्री आशीष जैन पुत्र श्री विनोद कुमार जैन एवं श्रीमती अंकिता जैन पत्नि श्री आशीष जैन** जमानतदारः **श्री रमेश कुमार वर्मा** मांग सूचना राशिः ₹ 8.99 लाख + दिनांक 28.01.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक : 14.05.2024; कब्जा दिनांक : 24.09.2024 (सांकेतिक) 28.01.2025 (भौतिक) | डुप्लेक्स मकान स्थित प्लॉट क्रमांक 09, शीतल मेगा सिटी, पीपल्या गज्जू रोड, वार्ड क्रमांक 24, मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 52.04 वर्गमीटर संपत्ति मालिकः श्री आशीष जैन एवं श्रीमती अंकिता जैन, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः उत्तरः शीतल मेगा सिटी फेज-2, दक्षिणः शीतल मेगा सिटी कॉलोनी रोड, पूर्वः मकान क्रमांक 08, पश्चिमः मकान क्रमांक 10 | ₹ 11,41,000/- ₹ 1,14,100/- ₹ 10,000/- |
| **चूना भट्टी शाखा, भोपाल फोन : 7987770854, 7030181534 Account to deposit auction sale proceeds- 905290200000033, IFSC- BKID0009052** | | |
| ऋणीः **श्री करन यादव एवं श्रीमती अंजू यादव** मांग सूचना राशिः ₹ 4.97 लाख + ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक : 19.01.2024; कब्जा दिनांक : 04.09.2024 (भौतिक) | आवासीय फ्लैट नंबर एफ-4, वैष्णो एवेन्यू के प्रथम तल पर स्थित, प्लॉट नंबर 55 एवं 62, CLRR इंटरनेशनल स्कूल के पास, उद्योगपुरी कॉलोनी, दाहोद रोड, मंडीदीप जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफलः 37.17 वर्गमीटर चर्तुसीमाएंः उत्तरः फ्लैट नंबर एफ-3, दक्षिणः फ्लैट नंबर एफ-5, पूर्वः 30' चौड़ी सड़क, पश्चिमः फ्लैट नंबर एफ-22 और कॉमन कॉरिडोर | ₹ 6,01,000/- ₹ 60,000/- ₹ 10,000/- |
| **मंडीदीप शाखा, मंडीदीप फोन : 7869529853 A/c to Deposit Auction Sale Proceeds 906290200000033 IFSC Code : BKID0009062** | | |
| ऋणीः **श्री अमित भाटी पुत्र श्री अनिल भाटी** मांग सूचना राशिः ₹ 9,81,484.40 + दिनांक 29.07.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे एवं; मांग सूचना दिनांक : 02-08-2024; कब्जा दिनांक : 13-12-2024 (सांकेतिक) | रिहायशी संपत्ति स्थित फ्लैट क्रमांक एसएफ-04, छठी मंजिल, एमआईजी ब्लॉक क्रमांक 1-ए, शीतल मेगा हाइट्स अपार्टमेंट, खसरा क्रमांक 177/3/1, 178/2 का भाग, शीतल मेगा सिटी फेज-III, ग्राम-पिपलिया गज्जू तहसील गोहरगंज, जिला- रायसेन, मकान क्रमांक 246, शीतल मेगा सिटी पीएच-01, (म.प्र.), प्लाट क्षेत्रफल- 51.30 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- **श्री अमित भाटी,** चर्तुसीमाएंः- पूर्व में - कॉलोनी रोड, पश्चिम में - कॉरिडोर और फ्लैट क्रमांक एस.एफ. 03, उत्तर में - फ्लैट क्रमांक एस.एफ. - 05, दक्षिण में - फ्लैट क्रमांक एस.एफ.-01 | ₹ 6,58,000/- ₹ 65,800/- ₹ 10,000/- |
| **अरेरा हिल्स शाखा, भोपाल, फोन : 6205098050, 9716311233 Account to deposit auction sale proceeds- 900790200000033, IFSC- BKID0009007** | | |
| ऋणीः **श्री भरत चंदेल पुत्र श्री रेखराम चंदेल एवं श्रीमती मीनल चंदेल पत्नि श्री भरत चंदेल** मांग सूचना राशिः ₹ 6.83 लाख + दिनांक 27.06.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक : 27.06.2024; कब्जा दिनांक : 27.08.2024 | फ्लैट क्रमांक SF-11, द्वितीय तल, शीतल सिटी अपार्टमेंट, वार्ड क्रमांक 23, मंडीदीप, स्टेशन रोड, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री भरत चंदेल, क्षेत्रफलः 450 वर्गफीट, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः उत्तरः गज्जू पिपलिया रोड नीचे, दक्षिणः शीतल सिटी कॉलोनी पूर्वः फ्लैट क्रमांक एसएफ-10, पश्चिमः शीतल सिटी कॉलोनी गेट | ₹ 8,42,000/- ₹ 84,200/- ₹ 10,000/- |
| **बैरसिया रोड शाखा, बैरसिया, फोन : 07565-282234, 9424727991 A/c to Deposit Auction Sale Proceeds 901690200000033 IFSC Code : BKID0009016** | | |
| ऋणीः **श्री राजमल नागर** पुत्र श्री दरियाव सिंह नागर जमानतदार- श्री सुभाष पुत्र श्री देवकरन; मांग सूचना राशिः ₹ 36,97,745.87 + ब्याज एवं अन्य खर्चे एवं; मांग सूचना दिनांक : 12-12-2018; कब्जा दिनांक : 28-03-2019 (सांकेतिक) | बंधक संपत्ति दो मंजिला कमर्शियल दुकान सह रिहायशी भवन स्थित ग्राम- हर्राखेड़ा, बैरसिया रोड, पटवारी हल्का नं. 38, हर्राखेड़ा, तहसील-बैरसिया, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्री राजमल नागर पुत्र श्री दरियाब सिंह नागर, चर्तुसीमाएं- उत्तर-2 फिट चौड़ी गली, दक्षिण- 2 फिट चौड़ी गली/वर्तमान में टीकाराम, पूर्व- बैरसिया भोपाल रोड, पश्चिम- अतीकउर रहमान की जमीन | ₹ 21,50,000/- ₹ 2,15,000/- ₹ 10,000/- |
| **हमीदिया रोड शाखा, भोपाल, फोन : 9918781052, 9827076697 Account to deposit auction sale proceeds- 900390200000033, IFSC- BKID0009003** | | |
| ऋणीः **श्रीमती शीतल शर्मा पत्नि श्री रामकृष्णा शर्मा** मांग सूचना राशिः ₹ 21,38,050.63/- + दिनांक 28.02.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक : 14.05.2025; कब्जा दिनांक : 04.08.2025 (सांकेतिक) | रिहायशी फ्लैट एचआईजी 101 स्थित प्रथम तल, ब्लॉक-सी, अभिषेक अपार्टमेंट-2, प्लाट नं. डी, विनायक परिसर, गुलमोहर ग्राम-बाबड़िया कलां, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 102.23 वर्गमीटर, चर्तुसीमाएं : पूर्व- डुप्लेक्स, पश्चिम- रोड नीचे, उत्तर- ब्लॉक-बी, दक्षिण- फ्लैट नं. 102 | ₹ 25,76,000/- ₹ 2,57,600/- ₹ 10,000/- |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 25.03.2026 को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

ई-नीलामी की शर्ते :-
(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तो की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **23.03.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तो में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करेंः अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को **15 दिवसीय** विक्रय सूचना भी है।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 09.03.2026 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया






# रात में हवाएं बदलने से थमा पारा, दिन अधिक गर्म

## प्रदेश में गर्मी का असर अभी बढ़ा रहेगा, फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी रात में हवाएं बदल रही हैं। यह कई बार उत्तर पूर्वी और पश्चिमी हो रही हैं। इससे रात के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं हो रहा है। दिन में धूप और गर्म हवाएं तापमान में मामूली बढ़त कर रही हैं। इससे दिन अधिक गर्म बने हुए हैं, हालांकि पूरे महीने लू के आसार नहीं हैं। सोमवार तक प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में पिछले साल की अपेक्षा इस बार दिन का औसत पारा एक डिग्री तक अधिक रहा है, जबकि रात का आधा से एक डिग्री तक कम दर्ज हुआ है। प्रदेश में दिन का औसत पारा 35 डिग्री और रात का 14 डिग्री रहा है। भोपाल में दिन अधिक गर्म रहे हैं, जबकि रातें प्रदेशभर में पहले सप्ताह में राहतभरी रही हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस सप्ताह में मौसम फिर बदलेगा। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सोमवार को सक्रिय हो रहा है। इससे अगले तीन से चार दिन में हवाएं बदलने के साथ कुछ जिलों में बादल छाएंगे, बारिश भी होगी। इससे प्रदेशभर में तापमान में कमी आएगी।

शुक्ला के अनुसार मार्च के तीसरे सप्ताह में गर्मी अधिक बढ़ेगी। भोपाल में भी दिन का पारा 37 से 40 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। ऐसे में प्रदेशभर में तेज गर्मी रहेगी, लेकिन लू के हालात नहीं बनेंगे। कुछ जिलों में दिन का पारा 41 डिग्री या इसके आसपास तक पहुंचने की उम्मीद है। अंतिम सप्ताह में गर्मी में फिर बदलाव होगा। पहले पारा गिरेगा, इसके बाद गर्मी तेजी पकड़ेगी। अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी सामान्य रह सकती है।

### पूर्वी मप्र में रात का पारा गिरा

सोमवार को पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों के साथ ही पूर्वी मप्र में अधिकांश जिलों में रात का पारा औसतन एक डिग्री तक गिरा है। पूर्वी मप्र के छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, सागर, सतना और सीधी जिलों में एक डिग्री तक गिरकर औसतन 17.5 डिग्री तक रहा। यह सामान्य से औसतन दो डिग्री अधिक है। भोपाल में लगातार दूसरे दिन 15 डिग्री पर थमा रहा। यह सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। मौसम बदलने के बीच 13 मार्च के बाद रात के तापमान में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है।

## ननि में देर रात बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

# पहली बार विधानसभा स्तर पर बनाए गए सिटी प्लानर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पहली बार विधानसभा स्तर पर डिप्टी सिटी इंजीनियरों को सिटी प्लानर का प्रभार सौंपा गया है। इस सम्बंध में सोमवार की देर शाम आदेश जारी हुए। वहीं, निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने कार्यपालन यंत्री राजाराम अहिरवार को निगम से हटाने के लिए नगरीय प्रशासन कमिश्नर को पत्र लिखा है।

निगम के आदेश के अनुसार प्रभारी अधीक्षण यंत्री आरआर जारोलिया को सिविल के साथ जोन 1 से 21 तक का विद्युत शाखा का भी प्रभार सौंपा है। वहीं, अनिल टटवड़े को उत्तर और मध्य विधानसभा का प्रभारी सिटी प्लानर, एके साहनी को नरेला का सीपी, एसके राजेश को हुजूर और एनके डेहरिया को गोविंदपुरा विधानसभा का प्रभारी सीपी बनाया है, जबकि डिप्टी सिटी इंजीनियर प्रमोद मालवीय को झील और गार्डन के साथ एसबीएम का भी प्रभार सौंपा है।

### राजाराम की सेवाएं लौटाने लिखा पत्र

कार्यपालन यंत्री राजाराम अहिरवार की सेवाएं नगर निगम भोपाल से वापस करने के लिए नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने नगरीय प्रशासन कमिश्नर संकेत भोंडवे को पत्र लिखा है। पत्र में कमिश्नर ने लिखा है कि निगम में पर्याप्त डिप्टी सिटी इंजीनियर हैं, इसलिए इन्हें निगम से कहीं और भेजा जाए।

## खबर संक्षेप

### बड़ी कॉलोनियों में कचरा निष्पादन 1 अप्रैल से, लागू होगी नई व्यवस्था

**भोपाल।** शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने नगर निगम एक नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। 1 अप्रैल से भोपाल की बड़ी कॉलोनियों, आवासीय परिसरों और संस्थानों में कचरे का निष्पादन उसी परिसर में करना होगा। यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के आदेश और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत लागू की जा रही है। इसके लिए कॉलोनियों को चिन्हित किया जा रहा है। जिन कॉलोनियों, अपार्टमेंट परिसरों, होटल, मैरिज गार्डन, बड़े संस्थानों और वाणिज्यिक परिसरों में बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न होता है, वहां अब साइट पर ही कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करनी होगी। इसके तहत गीले कचरे से कम्पोस्ट या जैविक खाद तैयार की जाएगी, जबकि सूखा कचरा अलग कर रिसाइकिल के लिए भेजा जाएगा।

### विजय सिंह को बनाया गया कर्मचारी मोर्चा का संरक्षक

**भोपाल।** राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील



कुमार पांडे और श्याम सुंदर शर्मा ने जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय नरेला के अध्यक्ष विजय सिंह को कर्मचारी संघर्ष मोर्चा का संरक्षक बनाया है। पांडे ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए 21 संगठनों को मिलाकर शासकीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है। मोर्चा संरक्षक बनाने पर संगठन के ध्रुव सिंह सिकरवार, धर्मेश जोशी, आरके गूर्जर, वीर सिंह, श्याम सुंदर शर्मा आदि ने विजय सिंह को बधाई देते हुए फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा: जल्द मिलना शुरू होगा बढ़ा हुआ स्टाइपेंड

# जूनियर डॉक्टरों ने टेंट में लगाई ओपीडी इधर अस्पताल में मरीज होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग को लेकर शुरू हुई जूनियर डॉक्टर की हड़ताल पहले ही दिन खत्म हो गई। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जबलपुर में जूडा के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि दो-तीन दिन में बढ़ी हुई दर से स्टाइपेंड देने के आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इससे पहले रविवार रात आयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में धरने पर बैठे जूडा से मुलाकात की और उनकी मांग को पूरा किए जाने का आश्वासन दिया।

उक्त दोनों से मिले आश्वासन के बाद सोमवार शाम को जूडा ने बयान जारी कर हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया। इससे पहले सोमवार सुबह 9 बजे से हड़ताल रही। जूनियर डॉक्टरों ने अस्पताल के कक्ष की बजाए हमीदिया अस्पताल के परिसर में टेंट लगाकर ओपीडी सेवाएं दी। जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर होने के कारण मरीज को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। वह सुबह से अपनी बारी के इंतजार में बैठे रहे। पैरों में दर्द है और अन्य बीमारियों के कारण सुबह से इलाज के लिए भटक रहे हैं।



जूनियर डॉक्टरों ने अस्पताल के बजाए परिसर में टेंट लगाकर ओपीडी सेवाएं दी।

### एक दिन की हड़ताल में ही प्रभावित हुई सेवाएं



जूनियर डॉक्टर की एक दिन की हड़ताल से व्यवस्थाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई। 20 से ज्यादा मरीजों की सर्जरी हड़ताल के कारण टल गई। शुक्रवार को कुल 66 सर्जरी हुई थी। जिसमें करीब 30 सिजेरियन डिलीवरी शामिल थी। वहीं सोमवार शाम 6 बजे तक सर्जरी का आंकड़ा सिर्फ 38 रहा है। जिसमें केवल 18 सिजेरियन डिलीवरी हुईं। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सिजेरियन डिलीवरी 24 घंटे चलती हैं।

### 16 मार्च तक करेंगे इंतजार

जीएमसी में जूडा के अध्यक्ष डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि हमें सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही बढ़ी हुई राशि स्टाइपेंड जारी किया जाएगा। हम 16 मार्च तक इंतजार कर रहे हैं, यदि इस बीच कुछ नहीं हुआ या सरकार ने वादा खिलाफी की तो हम 16 मार्च के बाद फिर से अपनी हड़ताल को शुरू कर देंगे और इस बार हड़ताल सांकेतिक न होकर पूर्ण रूप से काम बंद हड़ताल होगी।



बुजुर्ग महिला को टेंट में ले जाते परिजन।

FORM NO
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Residency Road,
Near Head Post Office South Civil Lines, Jabalpur- 482001

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

**RC/69/2025** **12-02-2026**

**INDIAN BANK**
**Versus**
**A & D COMPANY**

To,
**(CDI)A & D COMPANY**
M-1. RADHE KRISHNA COMPLEX, M P NAGAR, ZONE-2, BHOPAL (M.P.)-462001
**(CD2) DEEP SINGH CHHABRA**
E-3/165, ARERA COLONY, NEAR NALANDA SCHOOL, BHOPAL (M.P.) 462001
**(CD3) NIRJEET KAUR**
E-7, M-163, ARERA COLONY, BHOPAL (M.P.) -462016

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **19/04/2025 in OA/884/2021** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 7270606.00 ( Rupees Seventy Two Lakhs Seventy Thousands Six Hundred Six Only)** along with pendentellite and future interest @ 12% w.e.f. **20/10/2021** till realization and costs of **Rs 75000 ( Rupees Seventy Five Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **26/03/2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

**i) Residential House situated at Kh. No.-383/4, area admeasuring 2000 sq.ft., New Galla Mandi Road. Near MPEB Office & Nidan Hospital, Village- Hatwans, P.H. No.-17 (P.H. No.-20 as per valuation report). V.No.-3656, Rajasv Nirikshak Mandal, Tehsil-Pipariya, District - Hoshangabad (Distt.-25-Narmadapuram as per valuation report) (M.P.) 461775, Property in the name of Smt. Nirjeet Kaur W/o Shri Ranjeet Singh Chhabra.**

**ii) Residential House situated at Kh. No.-383/4, area admeasuring 1500 sq.ft., New Galla Mandi Road, Near MPEB Office & Nidan Hospital, Village-Hatwans. P.H. No.-17 (P.H. No.-20 as per valuation report), V.No.-3656, Rajasv Nirikshak Mandal, Tehsil-Pipariya. District- Hoshangabad (Distt.- Narmadapuram (M.P.) 461775 Smt. Nirjeet Kaur W/o Shri Ranjeet Singh Chhabra.**

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **12/02/2026**

Seal

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal Jabalpur

# चालक की अचानक तबियत बिगड़ने से हुआ था हादसा

### भदभदा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन हादसे पर निगम की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के भदभदा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा वाहन के चालक द्वारा दूसरे कचरा वाहन के चालक को टक्कर मारने की घटना पर तीन दिन बाद सफाई दी। निगम की ओर से कहा गया है कि जांच में यह बात सामने आई कि जिस वाहन चालक से यह हादसा हुआ उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई और चक्कर आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया। घायल चालक का एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसके इलाज का खर्च भी निगम उठाएगा, जबकि आर्थिक सहायता मुहैया करवाने की बात भी निगम की ओर से कही गई है।



एम्स अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

भदभदा कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर शनिवार को कचरा वाहन चालक कचरा संग्रहण कर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा खाली करने पहुंचा था। अचानक उक्त वाहन चालक की तबियत खराब होने लगी और उसे चक्कर आने लगे जिससे चालक वाहन पर अपना नियंत्रण नहीं रख सका और वहां मौजूद एक अन्य कचरा वाहन चालक के पैर में टक्कर लग गई, जिससे चालक के पैर में गंभीर चोट आई। निगम द्वारा की गई जांच में पाया गया कि जोन-21 के कचरा वाहन चालक द्वारा दुर्घटना के समय किसी प्रकार का मादक पदार्थ अथवा द्रव्य का सेवन नहीं किया गया था। तबियत खराब होने के कारण ही वाहन चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रखा सका।

## जोश भरे अंदाज में अक्षय ने स्टेडियम के तीन राउंड लगाए

# 24वां जी सिने अवॉर्ड: सितारों की शानदार परफॉर्मेंस, अक्षय कुमार ने की हॉर्स राइडिंग



मुंबई से लौटकर प्रकाश भोमरकर

मारुति सुजुकी द्वारा प्रस्तुत 24वां जी सिने अवार्ड 2026 रोमांश से भरा रहा। रेड कार्पेट पर बॉलीवुड बड़े-बड़े कलाकारों ने अपनी मौजूदगी से शाम को खास बना दिया। कार्यक्रम में साल की बेहतरीन फिल्मों, कलाकारों और तकनीकी टीमों को सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई। कलाकारों ने अपने हिट गानों पर डांस कर दर्शकों का उत्साहवर्धन किया। दर्शकों की सबसे ज्यादा तालियां उस समय गूंजीं जब मंच पर सुपरस्टार्स ने एक साथ परफॉर्म किया। इस बार सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री जैसी प्रमुख श्रेणियों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। कई फिल्मों ने अलग-अलग श्रेणियों में अवार्ड अपने नाम किए। रेड कार्पेट पर कलाकारों के स्टाइल और फैशन की भी चर्चा रही। किसी ने ट्रेडिशनल लुक से ध्यान खींचा तो किसी ने मॉडर्न अंदाज से सबको प्रभावित किया। सोशल मीडिया पर भी समारोह की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल होते रहे।



यह अवार्ड समारोह फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों और तकनीकी विशेषज्ञों के काम को सम्मान देने का एक बड़ा मंच है। कार्यक्रम में फिल्म जगत की कई नामी हस्तियों के साथ-साथ नए कलाकारों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

### अक्षय कुमार ने भरा जोश

अक्षय कुमार ने पहले मंच पर प्रस्तुति दी। बाद में कुछ देर ब्रेक लेने के बाद वे नए अंदाज में मंच पर आए। उन्होंने जेकलीन फर्नाडीज के साथ रंगारंग प्रस्तुति दी और घोड़े पर सवार होकर स्टेडियम में तीन राउंड लगाए। उन्हें देखने दर्शक अपनी सीट से खड़े हो गए। तालियों की गड़गढ़ाहट से पूरा स्टेडियम गूंज उठा।

### बेस्ट एक्टर मेल विक्की कौशल

24वां जी सिने आवार्ड 2026 में बेस्ट एक्टर मेल का खिताब विक्की कौशल को छावा मूवी के लिए और बेस्ट फीमेल एक्टर अनीत पड्डा को सय्यारा मूवी के लिए मिला। केसरी चेप्टर टू में बेस्ट एक्टर इन लीडिंग रोल के लिए अक्षय कुमार को अवार्ड से सम्मानित किया गया। कीर्ति सनून को तेरे इश्क में बेस्ट एक्टर इन लीडिंग रोल के लिए अवार्ड मिला। बेस्ट एक्टर इन कॉमिक रोल के लिए वरुण धावन को मिला। बेस्ट डीबुट मेल अहान पांडे को सय्यारा मूवी के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया। परफार्मर ऑफ दी ईयर फीमेल अवार्ड राकुलप्रीत सिंह को दे दे प्यार दे मूवी के लिए अवार्ड दिया गया। बेस्ट डायरेक्टर मोहित सूरी सय्यारा मूवी के लिए जी सिने अवार्ड से सम्मानित किया। जी फाइव बेस्ट एक्टर अवार्ड इरशाद वारसी और सान्या मलहोत्रा को भागवत चेप्टर 1 रकसास के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930